रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72300 10 ग्राम

₹93000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 82,133.12 | 84.782 |
| +843.16 | -0.068 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | रांची, रविवार, 15 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 310, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 हमारी लापरवाही हमें खतरे में डाल...

### बरहेट के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को हेमंत सोरेन ने किया संबोधित, कहा

# हमारी सरकार ने झारखंड की आधी आबादी को किया सशक्त

**बोले मुख्यमंत्री**

- राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी लोगों को एक साथ चलना होगा
- सरकार ने कई महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का किया है शुभारंभ

नवीन मेल डेस्क




**मुख्यमंत्री ने साहिबगंज और पाकुड़ जिले को दी सौगात**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहिबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। मुख्यमंत्री ने पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की आधारशिला रखी।

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने का काम किया है।

यह बातें सीएम सोरेन ने शनिवार को साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा, अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूं। आप ने इस चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके लिए मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न है। इसके बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार के गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य भी कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हों, इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों की जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी की उम्मीद, आकांक्षाओं को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्यवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बरहेट के भोगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क शेष पेज 11 पर

## लोस में कल सरकार लाएगी ‘एक देश एक चुनाव’ पर दो विधेयक

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने से जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे। संसद की कार्य सूची के अनुसार केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विधेयक पेश करेंगे। पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे, ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ‘एक देश एक चुनाव’ से जुड़े विधेयक को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को ‘एक देश एक चुनाव’ से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान की थी। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और पिछली सरकार के दौरान ही अपनी सिफारिशें दीं।

### संविधान पर चर्चा का पीएम ने दिया जवाब, कहा

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद धर्म आधारित आरक्षण से मुक्ति का लें संकल्प

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संवैधानिक मूल्यों की भावना के अनुरूप 11 संकल्प पेश किए। पीएम मोदी ने ‘भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा’ पर सदन में दो दिन की चर्चा का जवाब देते हुए कहा, देश के भविष्य के लिए संविधान की भावना से प्रेरित होकर मैं आज इस सदन के समक्ष 11 संकल्प प्रस्तुत करना चाहता हूं। यदि प्रत्येक भारतीय अपने मूल कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोका जा सकता।

पीएम मोदी ने कहा कि ‘सबका साथ, सबका विकास’ हमारे लिए सिर्फ नारा नहीं है, यह हमारे लिए आस्था का विषय है। आने वाले दशकों में हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हमें लोकतंत्र को किस दिशा में ले जाना चाहिए। हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या परिवार-आधारित राजनीति से हमारे लोकतंत्र को कोई नुकसान पहुंचा है, क्या हमें इसे सुधारने की दिशा में काम नहीं करना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजनीति में ऐसे युवाओं को लाने की जरूरत है, जिनकी कोई पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नए लोगों को पार्टी में लाने के लिए काम करना चाहिए।



**पीएम मोदी के 11 संकल्प**

- चाहे नागरिक हो या सरकार, सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें।
- हर क्षेत्र, हर समाज को विकास का लाभ मिले, सबका साथ-सबका विकास हो।
- भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस हो, भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता न हो।
- देश के कानून, देश के नियम, देश की परंपराओं के पालन में देश के नागरिकों को गर्व का भाव हो।
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो।
- देश की राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति मिले।
- संविधान का सम्मान हो, राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए।
- संविधान की भावना के प्रति समर्पण रखते हुए जिनको आरक्षण मिल रहा है, उनका आरक्षण न छीना जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण की हर कोशिश पर रोक लगे।
- महिलाओं के नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए मिसाल बने।
- राज्यों के विकास से राष्ट्र का विकास’ हमारे विकास का मंत्र हो।
- ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ का ध्येय सर्वोपरि हो।

## ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट होने से दो जवान घायल

**गिरिडीह।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के लटकट्टो पिकेट पर तैनात दो जवान शनिवार को ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट होने पर घायल हो गए। घायल जवानों में हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार शामिल है। दोनों जैप के जवान है। दोनों घायलों का इलाज धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि घायल जवानों में अशोक कुमार बिहार के लखीसराय और गौतम साहिबगंज के रहने वाले हैं।

## लालकृष्ण आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती भाजपा के वरिष्ठ



नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर है। तबीयत बिगड़ने के बाद शुक्रवार की रात को उन्हें अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। अपोलो अस्पताल ने शनिवार को बताया कि 97 वर्षीय आडवाणी को जांच के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो की मौत, दो गंभीर

- घायलों को मेदिनीनगर किया गया रेफर
- मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के जपला छतरपुर मुख्य पथ के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ऊपरी गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने जपला छतरपुर रोड को जाम कर दिया है। पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। मृतकों में जपला सीमेंट फैक्ट्री के हार्वे लाइन निवासी 17 वर्षीय आदिल अहमद व गोलू कुमार घर से जपला ट्यूशन जाने के लिए निकले थे। घायल हुसैनाबाद के ग्राम रपुरा निवासी दीपक कुमार व उसकी बहन रूबी कुमारी परीक्षा देने जपला के एके सिंह कॉलेज जपला आ रहे थे। ऊपरी गांव के समीप दोनों की बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो जाने से जपला सीमेंट के हार्वे लाइन निवासी दोनों युवकों की मौत हो गई। परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई है। गुस्साए ग्रामीणों ने जपला छतरपुर रोड में टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया है। मृतकों के आश्रिति को मुआवजा व घायलों का समुचित इलाज की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक उक्त स्थान पर लगातार दुर्घटना होती है। इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर देने की भी मांग की जा रही है। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व सीओ पंकज कुमार ने घटना स्थल शेष पेज 11 पर

## बोकारो में सड़क हादसा, पांच की गई जान

**बोकारो।** बोकारो जिले में कसमार प्रखंड के दांतु में शुक्रवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे (एनएच-23) पर डाकबंगला के समीप हुई है। दांतू गांव के पास एक बोलेरो ने खड़े हुए ट्रेलर से जा टकराई। कार में सवार लोग रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के सूतरी गांव के रहने वाले थे। ये सभी अपने रिश्तेदार के यहां मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें से चार एक ही परिवार के थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

## कोडरमा में वाहन ने बच्चे को रौंदा, मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर पावर हाउस के समीप शनिवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने एक बच्चे को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आदित्य कुमार (7) पुत्र महेश साव चुटियारो निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को वह पावर हाउस के समीप खेल रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। परिजन गंभीर रूप से घायल बच्चे को सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष लगभग 1,78,000 लोगों की जान जाती है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष 1,78,000 लोगों की जान जाती है। इनमें से 60 प्रतिशत पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु वर्ग के होते हैं। गडकरी ने कहा कि अपने कार्यकाल की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2024 के आखिर तक दुर्घटनाओं और मौतों में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। गडकरी ने कहा, दुर्घटनाओं की संख्या में कमी की बात तो भूल ही जाइए, मुझे यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि इसमें बढ़ोतरी हुई है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमारे विभाग को कामयाबी नहीं मिली है। गडकरी ने बताया कि सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं वाले शीर्ष राज्यों में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सबसे गंभीर रूप से प्रभावित शहर है, जहां 1,457 से अधिक मौतें हुई हैं। इसके बाद बेंगलुरु में 915 मौतें और जयपुर में 850 मौतें हुई हैं।

गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में इतने सारे लोगों की मौत के बावजूद वाहन चालकों को कानून का कोई डर नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने इस अजीबोगरीब स्थिति का वर्णन करते हुए कहा, कुछ लोग हेलमेट नहीं पहनते, कुछ लोग रेड सिग्नल का उल्लंघन करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क पर ट्रकों को खड़ा करना दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है और कई ट्रक लेन अनुशासन का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को भारत में बस बॉडी बनाने में अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने का भी आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बस की खिड़की के पास एक हथौड़ा होना चाहिए। ताकि, दुर्घटना की स्थिति में उसे आसानी से तोड़ा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि जब भी वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जाते हैं, तो उन्हें भारत में सड़क सुरक्षा प्रणाली के बारे में बात करने में शर्मिंदगी महसूस होती है। गडकरी ने कहा, मैं अपना चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले उनका और उनके परिवार का एक बड़ा एक्सीडेंट हुआ था। उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। भगवान की कृपा से मैं और मेरा परिवार बच गए। इसलिए मुझे दुर्घटनाओं का व्यक्तिगत अनुभव है।

**सड़क दुर्घटनाओं वाले शीर्ष राज्य**

| राज्य | सड़क दुर्घटना |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 23,652 |
| तमिलनाडु | 18,347 |
| महाराष्ट्र | 15,366 |
| मध्य प्रदेश | 13,798 |

**इंडिया**

# किसका जिन्न है चर्चित जॉर्ज सोरोस और कितना प्रभावशाली ?

आजकल संसद में शोरगुल मचाकर या तख्तियां संसद टीवी के लाइव कैमरे के सामने विदेशी संस्थाओं की भारत विरोधी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रिपोर्ट लहराने जैसे हथकंडे पिछले दो तीन वर्षों से विपक्षी पार्टियां अपना रही हैं जिससे संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होती है और बहुत बढ़ जाने पर रोकनी तक पड़ती है। आम जनता की गाढ़ी कमाई से करोड़ों के खर्च के बाद भी जनता की जान माल से जुड़े कई जरूरी मुद्दे भी संसद में उठाए नहीं जाते क्योंकि आरोप प्रत्यारोप और हंगामे के बीच सिर्फ बजट जैसे कुछ मुद्दों पर बहस हो पाती है । ऐसे ही माहौल में अदाणी और मणिपुर जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार को घेरने में लगी कांग्रेस पार्टी को गुरुवार को भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने लोकसभा में जार्ज सोरोस विवाद पर बोलते हुए जमकर घसीटा और कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में राष्ट्र-विरोधी तत्वों का पैसा लगा था। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) को अमेरिका के सोरोस फाउंडेशन का समर्थन मिला हुआ है।दुबे ने दावा किया कि ओसीसीआरपी का मकसद भारतीय संसद के कामकाज में गड़बड़ी पैदा करना है और अगर इसे संसद को बंधन में बांधते हुए सही से चलने से रोकना कहा जाए, तो ज्यादा सही होगा। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राजीव गांधी फाउंडेशन को जार्ज सोरोस से अच्छी-खासी फंडिंग मिली। उन्होंने कहा, मीडियापार्ट नामक एक फ्रांसीसी संगठन है, जिसने ओसीसीआरपी और सोरोस फाउंडेशन पर एक रिपोर्ट जारी की है।ओसीसीआरपी का काम है कि कैसे भारत की संसद को बाधित किया जाए और इसे चलने से रोका जाए। उन्होंने जार्ज सोरोस पर विशेषरूप से भारत को निशाना बनाते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था को चौपट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस का विवादों में रहना कोई नई बात नहीं हैं। बीजेपी का कहना हैं कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी उस संगठन से जुड़ी हैं, जो सोरोस से फंड लेती हैं, यही नहीं, पार्टी पर आरोप हैं कि मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने सोरोस के साथ हाथ मिलाया हैं।जॉर्ज सोरोस का अमेरिका में 30 से अधिक मीडिया आउटलेट्स में डायरेक्ट निवेश हैं, शेयर बाजार में भी जॉर्ज सोरोस का बड़ा नाम हैं, वे सटोरिए, निवेशक और कारोबारी हैं, लेकिन खुद को दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता बताने पर उनका ज्यादा जोर रहता हैं, उन पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने के लिए एजेंडा चलाने का आरोप लगता आ रहा हैं। इतना ही नहीं उन पर कई देशों में भारी-भरकम फंडिंग देकर चुनाव प्रभावित करने का भी आरोप हैं। यूरोप और अरब के कई देशों में सोरोस की संस्थाओं पर मोटा जुर्माना भी लगाया गया हैं, और बैन भी लगाया गया हैं। ये आरोप आम हैं कि वे दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने के लिए अपना एजेंडा चलाते हैं।जॉर्ज सोरोस पर आरोप लगा हैं कि वे दुनिया के कई देशों में कारोबार और समाजसेवा की आड़ में पैसों के बल पर वहां की राजनीति में दखल देते हैं, अगर भारत में दखल की बात करें तो पिछले साल हिंडनबर्ग के खुलासे के बाद जॉर्ज सोरोस के सपोर्ट वाली नॉन-प्रॉफिट ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट ने अदाणी ग्रुप को लेकर कई खुलासे किए थे, वैसे अधिकतर आरोप वहीं थे, जो हिंडनबर्ग ने लगाएं, रिपोर्ट मे कहा गया था कि गलत तरीके से शेयरों की कीमतें बढाई गई, जिसका अदाणी ग्रुप ने खंडन किया था, गौतम अदाणी के अलावा कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने देश के पर्यावरण कानूनों को कमजोर करने के लिए गुपचुप तरीके से लॉबिंग की थी।खासतौर पर उनकी नजर भारतीय उपमहाद्वीप में हो रहे राजनीतिक बदलावों पर रहती हैं, सोरोस कई मंचों से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को लगातार सत्ता में बने रहने से तानाशाही की ओर बढ़ने वाला नेता कहते रहे हैं। भारत में नागरिकता संशोधन कानून और कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने को लेकर जॉर्ज सोरोस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और नागरिकता संशोधन कानून सीएए की भी खुलकर विरोध किया था। हालांकि जब-जब जॉर्ज सोरोस और साथ-साथ विपक्षी पार्टियों ने पीएम मोदी और भारत के अंदरुनी मामलों पर बयान दिया हैं, तब सरकार ने पलटवार किया हैं, सरकार का कहना हैं कि विदेशी धरती से भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे को हिलाने को ये साजिश हैं, जो कभी कामयाब नहीं हो पाएगी। लगभग 720 करोड़ डॉलर की दौलत के मालिक सोरोस को 1992 मे बैंक औफ इग्लैंड को बर्बाद करने का दोषी माना जाता है। सोरोस ने हमेशा ही इन आरोपों को खारिज किया। सवाल है कि भारत की अंदरूनी राजनीति में एक अमेरिकी दखल क्यों दे रहा है क्या सिर्फ सबसे बड़े बाजार पर नजर है या वह किसी का जिन्न है?



## अब किसानों को बिना गारंटी के 2 लाख तक का कृषि ऋण

एजेंसी



- आरबीआई ने 1 जनवरी से ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये की

**नई दिल्ली ।** खेती की बढ़ती लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को अगले साल से बिना गारंटी के दो लाख रुपये तक का कर्ज बैंकों से मिल सकेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने आगामी 1 जनवरी से किसानों के लिए ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी है।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सरकार ने यह फैसला खेती की बढ़ती लागत और किसानों को आसानी से ऋण देने के मकसद से लिया है। नए निर्देश में देशभर के बैंकों से प्रत्येक किसानों के लिए दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण के लिए जमानत और मार्जिन जरूरतों को माफ करने को कहा गया है। इस उपाय से 86 फीसदी से ज्यादा छोटे और सीमांत भूमिधारक किसानों को लाभ होगा। बैंकों को जारी दिशा-निर्देश तेजी से लागू करने और नए ऋण प्रावधानों के बारे में किसानों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण तक आसान पहुंच की सुविधा मिलने की उम्मीद है। यह सरकार की संशोधित ब्याज सहायता योजना का पूरक होगा। इस योजना के तहत सरकार चार फीसदी प्रभावी ब्याज दर पर तीन लाख रुपये तक का ऋण देती है। आरबीआई ने भी पिछले हफ्ते एमपीसी की समीक्षा बैठक के बाद किसानों के लिए बिना गारंटी के ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का ऐलान किया था।

## हिंदपीढ़ी के फिरोज अली ने की थी कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी

# सूचना देने वाले को मिलेगा 10 हजार इनाम, सीएम ने लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले वाले व्यक्ति की पुलिस ने पहचान कर ली है। जिसका नाम फिरोज अली है, वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज अली के बारे में जो सूचना देगा, उसे दस हजार रूपया इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे। गौरतलब है कि बीते दिनों से रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर मनचले बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे हैं। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते हैं। इस डर से बच्चियों ने स्कूल आना बंद कर दिया है। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे। पर कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है। मनचलों ने छात्राओं को कहा है कि हम रोज आयेंगे। जिससे लड़कियां स्कूल आने से डर रही है।





## बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं : संजय सेठ

### प्रशासन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची राजधानी के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है श्री सेठ ने कहा मनचलो में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है प्रशासन कब जागेगी। राजधानी के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रशासन स्कूल कॉलेज के पास पुलिस ग्रस्त तेज हो। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक चौराहा पर खड़ा होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करें। प्रशासन सिर्फ बैठकर खाना पूर्ति करने में लगे हैं और बेटियां राह चलते शर्मसार होती है कहां है शक्ति कमांडो सब हवा हवाई अधिकारियों के निर्देश का भी पालन नहीं हो पा रहा है यह कैसी व्यवस्था। राजधानी में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर, बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

## छात्रा के साथ हुई छेड़खानी का पैरेंट्स एसो. ने किया विरोध

### सुरक्षा को लेकर सभी अभिभावक चिंतित व परेशान



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने राजधानी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक स्कूली की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। वहीं पुलिस प्रशासन से ऐसे मनचलों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राजधानी में शर्मनाक एवं घृणित कार्य तेजी से बढ़ रहा है। रांची मे झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी छात्राएं पढ़ाई करने आती है। अपराधकर्मियों का पुलिस का खौफ बिल्कुल खत्म हो गया है। राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। तथा अपने बेटियों की सुरक्षा को लेकर सभी अभिभावक चिंतित एवं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस उन सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर सभी क्षेत्रों में पुलिस की गश्त तेज करते हुए छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। तथा राजधानी में ऐसी हरकत करने वालो को अति शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## महिलाओं और नाबालिग बच्चियों को हो कानून की समझ : तनुश्री सरकार

काजल मेहता



**रांची।** राजधानी रांची में बीते दिन स्कूली छात्रा के साथ एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ की थी जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। कई टीवी चैनलों ने भी इस खबर को प्रमुखता के साथ दिखाया। वीडियो की चर्चा सिर्फ झारखंड राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हो रही है। फिलहाल इस मामले को लेकर राजनीतिक भी तेज हो गई है। हालांकि उस व्यक्ति की पहचान कर ली गई।

ऐसे मुद्दों पर नाबालिगों और महिलाओं को अपने अधिकार और कानून की जानकारी नहीं होने के कारण वह आवाज नहीं उठा पाती है। अधिवक्ता तनुश्री सरकार ने ऐसे मामलों की जानकारी दी। वहीं महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के हक, अधिकार और कानून के बारे में भी बताया। वायरल वीडियो पर भी उन्होंने कई तर्क दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह का वीडियो यदि किसी को मिलती है तो वह वायरल करने की बजाय उसे पुलिस को सौंप दें। ताकि जिसके साथ छेड़छाड़ हुई है उस बच्ची की तस्वीर सामने ना आ सके।

### अधिवक्ता तनुश्री ने कहा, इन कानूनों की जानकारी आवश्यक है

- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15 :** लैंगिक न्याय की दिशा में समान नागरिक संहिता।
- **आपराधिक कानून और महिलाएं :** व्यभिचार, बलात्कार, शील भंग, घरेलू हिंसा और नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म।

### महिला कल्याण एवं संरक्षण अधिनियम

- पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 (लिंग चयन पर रोक)
- महिलाओं का अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम 1986
- कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, अधिनियम 2013
- घरेलू कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2010
- अनैतिक व्यापार अधिनियम, 1987
- पारिवारिक न्यायालय अधिनियम 1984
- पॉक्सो एक्ट और जेजे एक्ट के तहत वायरल करनेवाले इंसान के ऊपर कानून लागू होना चाहिए

तनुश्री सरकार ने कहा कि राह चलते लड़कियां जो छेड़खानी का शिकार होती है वे उससे बचने के लिए सर्वप्रथम चीख कर भीड़ इकठा कर ले ताकि छेड़छाड़ करने वाले कोई दुर्व्यवहार न कर सके। साथ ही ऑन स्टॉप महिला हेल्प लाइन नंबर 181 पर कॉल करके अपनी शिकायत, परेशानी बताने से मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। यह सिर्फ छेड़छाड़ के लिए नहीं बल्कि ससुराल में प्रताड़ना, हो या किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो महिलाएं हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर अपनी सुरक्षा खुद कर सकती हैं। यह सेवा जिला समाज कल्याण विभाग की देख रेख में जारी है। वहीं नाबालिग बच्चियां हेल्प लाइन नंबर 1098 पर भी संपर्क कर सकती हैं। इस नंबर पर संपर्क करने से शिकायक करने वाली बच्ची या अन्य बच्चों को सीडब्ल्यूसी की ओर से सारी सुविधाएं बच्चे तक पहुंचाई जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा की किसी भी कौर्ट कचहरी के मामलों में अक्सर वकील की अधिक फीस के कारण महिलाएं लड़ नहीं पाती उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सेवा है जी से लीगल वालेंटियर के जरिए फ्री सुझाव मिलेगा।

## आंदोलनकारी छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई बंद हो : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि जेएससीसी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले आंदोलनकारियों पर पुलिस द्वारा की जा रही कारवाई बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी यदि यह सूचना सही है तो फिर सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या कतई उचित नहीं है। जनता ने आपको बहुमत प्रदान किया है। इसलिए जनादेश का सम्मान करते हुए छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करें। कहा कि इस मामले का संज्ञान लेकर छात्र आंदोलनकारियों पर किए जा रहे पुलिसिया कारवाई को अविलंब रोका जाए।

## सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं सारे आरोप बेबुनियाद : जेएसएससी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। सारे आरोप बेबुनियाद है। यह बातें श्री गुप्ता ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्रों की जांच के लिए सूचना प्रकशित होने के बाद आयोग को ई-मेल के माध्यम से धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें आयोग के पदाधिकारी-कर्मचारी को भद्दी गालियों के साथ जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने बताया कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध करायी था, वह ब्लैंक पाया गया। शिकायतकर्ताओं के जरिये जो आरोप लगाये गए थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गए थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस सीट का जिक्र किया गया है, वहां छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ। प्रश्न पत्र वायरल होने के जो पत्र उपलब्ध कराये गये, वह शाम के पांच बजे के बाद की ली गई तस्वीर है। किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है। हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में यह भी अफवाह फैलायी जा रही है कि परीक्षा की अवधि में बाहर के प्रदेशों में उत्तर रटवाये गए है, लेकिन इस संदर्भ में आयोग कार्यालय को साक्ष्य प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को कदाचार मुक्त करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कमरे में कम से कम दो वीक्षक के अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा ऑवजर्वर, स्टेटिक दण्डाधिकारी एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी (कुल 15991) का अधिस्थापन किया गया था। किसी भी जिले के उपायुक्त की ओर से कदाचार संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं है। सभी 823 परीक्षा केन्द्रों पर कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण परीक्षा संपूर्ण हुई है।

## सीजीएल परीक्षा को सीआईडी जांच से पहले प्रभावित करने की कोशिश : प्रतुल

### मामला और संदिग्ध हुआ, मुख्यमंत्री अब सीबीआई जांच की अनुशंसा करें

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव नेआश्चर्य व्यक्त किया कि एक तरफ मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सीजीएल परीक्षा की सीआईडी जांच के आदेश दिए। वहीं दूसरी तरफ रविवार को जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुद को क्लीन चिट दे दी। यह सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के द्वारा सीआईडी जांच के आदेश को प्रभावित करने का मामला प्रतीत होता है। प्रतुल ने कहा यह हड़बड़ी पूरे मसले को और भी संदिग्ध बना देता है। ये सारे तथ्य जेएसएससी सीआईडी जांच के क्रम में जांच अधिकार को बताती तो बेहतर होता। प्रेस कांफ्रेंस करके कमीशन सीधे तौर पर पब्लिक ओपिनियन बनाने का और जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। प्रतुल ने कहा कि अब मुख्यमंत्री को पहल करते हुए सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि सीजीएल परीक्षा में बड़े आरोप लगे। पहली बार जब परीक्षा हुई तो व्हाट्सएप में 25 लाख रुपए में प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप आया। दूसरी बार की परीक्षा में इंटरनेट बंद होने के बावजूद भी छात्रों ने पुरानी परीक्षाओं से प्रश्न पत्र को सीरियल से उतारने के गंभीर आरोप लगाए। अदालत में मामला विचाराधीन रहने के बावजूद भी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। उसके बाद हजारीबाग में परीक्षा के परिणाम का विरोध कर रहे हैं छात्रों पर लाठी चार्ज भी हुआ। जब स्थानीयता परिभाषित नहीं है तो फिर किस आधार पर जेएसएससी सिर्फ स्थानीय छात्रों के चयनित होने का दावा कर रही? प्रतुल शाह देव ने कहा कि जेएसएससी ने दावा किया कि परीक्षा में 80% से भी ज्यादा स्थानीय छात्रों का चयन हुआ है। जब सरकार के स्तर पर आज तक स्थानीयता का कट ऑफ डेट परिभाषित नहीं है। तो फिर किस आधार पर जेएसएससी ये दावा कर रही।

## न्यूज | बॉक्स

### भीमसेन मुंडा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को जमशेदपुर जाकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए। उन्होंने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

### बाबूलाल मरांडी ने भीमसेन मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को जमशेदपुर स्थित घोड़ाबांधा आवास पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

### बिहार विस अध्यक्ष राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### भंते जैनेंद्र बिस्कोमान के प्रतिनिधि नियुक्त, हुआ स्वागत



रांची। भंते जैनेंद्र कुमार तथागत को झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि चुना गया है। इसे लेकर जाने पर भाकपा कार्यालय में स्वागत किया गया। पार्टी के नेताओं ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि भंते द्वारा किसानों, दबे कुचले और अन्य मजदूरों और झारखंड के आम आवाम को काफी लाभ मिलेगा। भंते जैनेंद्र दबे वंचितों की सेवा के लिए है। राज्य कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, ललन मिश्रा, विष्णु कुमार, रवि कुमार पाठक ,सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मंत्रियों ने की आप्त सचिव की अनुशंसा

**रांची।** सरकार ने फैसला लिया है कि किसी अधिकारी को मंत्री का आप्त सचिव बनाने से पहले उनका पुलिस वेरिफिकेशन होगा। मंत्रियों ने जिनके नाम की अनुशंसा अपने आप्त सचिव के लिए किया है, उनमें उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राजमहल के एसडीओ कपिल कुमार को, परिवहन एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने रवि कुमार को, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विनय प्रकाश तिग्गा को, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के बीडीओ मनोरंजन कुमार को, आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिमडेगा के एसडीओ अनुराग लकड़ा को, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संदीप पांडेय के नाम की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है कि पिछली सरकार ने कुछ आप्त सचिवों के कारण सरकार की किरकरी हुई थी। खास करके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के मामले में। इस मामले में आलमगीर आलम अभी भी जेल में हैं। यही कारण है कि सरकार ने संबंधित अधिकारी के बारे में जांच परख करने के बाद ही आप्त सचिव बनाने का फैसला लिया है।

## सीएम ने विस अध्यक्ष के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के जामताड़ा जिला के नाला स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के दिवंगत पिता स्व. गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्व. गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एवं उनके अन्य परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

# हजार करोड़ की लागत से झारखंड को मिलेगा नया रिम्स : डॉ इरफान अंसारी

- *10 दिन में नई एजेंसी का चयन, पुरानी एजेंसियों पर गिरी गाज*
- *प्राइवेट अस्पतालों को चेतावनी, मरीज की मौत के बाद शव रोकने पर होगी कार्रवाई*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड की अध्यक्षता में माननीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी जी द्वारा विभागीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभाग के सभी आला अधिकारी और राज्य के सभी सिविल सर्जन उपस्थित हुए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए अपने संकल्प को दोहराया और कड़े निर्देश दिए। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, झारखंड राज्य को एक डॉक्टर के रूप में स्वास्थ्य मंत्री मिला है।

मैं स्वास्थ्य सेवा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करूंगा। जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें इनाम मिलेगा, लेकिन गलतियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मैं इस विभाग में एक नई सोच के साथ आया हूं, और मेरा उद्देश्य झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है। आप सभी का सहयोग चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। मैं इस व्यवस्था को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह बैठक उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 1000 करोड़ रुपये की लागत से रिम्स-2 का निर्माण किया जाएगा। यह अस्पताल न केवल दिल्ली के तर्ज पर होगा बल्कि झारखंड का मॉडल बनकर दिल्ली के अस्पतालों को भी प्रेरित करेगा। वहीं प्राइवेट अस्पतालों पर सख्त निर्देश दिया गया कि मरीजों की मौत के बाद शव को रोकने की प्रथा पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस पर जल्द ही सरकार आदेश जारी करेगी।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, मैं झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को कागजों से निकालकर जमीन पर लाना चाहता हूं। यह तभी संभव है जब अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करें। बैठक के अंत में मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड की जनता के प्रति उनकी जिम्मेदारी सर्वोपरि है। हम सब मिलकर एक ऐसा झारखंड बनाएंगे, जहां स्वास्थ्य सेवा एक मिसाल बने।

## मणिपुर घटना को लेकर कांग्रेस का राजभवन मार्च 18 दिसंबर को

- *सभी मंत्री, विधायक व कार्यकर्ता होंगे शामिल*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी 18 दिसंबर को राजभवन का घेराव करेगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों का पदार्फाश करने और मणिपुर की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। राजभवन मार्च कांग्रेस भवन से 11.30 बजे निकलेगा। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, अग्रणी संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों के लोग शामिल होंगे।

### मणिपुर घटना पर मौन हैं प्रधानमंत्री : राकेश सिन्हा

प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि हाल ही में गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पदार्फाश किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है।

## जिले में चल रही परियोजनाओं को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा
# सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें


● एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को रांची जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र, रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को ससमय पूरा करें। रांची जिला के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी केके राजहंस, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल रांची (शहरी) एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें - यथा सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के पहुंच पथ का निर्माण कटहल मोड़ से अरगोड़ा पथ का चौड़ीकरण। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण, रांची रेलवे स्टेशन तक दूसरा पहुंच पथ निर्माण परियोजना, सिरम टोली चौक-राजेंद्र चौक मेकन गोलचक्कर पर 4 लेन फलाई ओवर, अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग पथ चौड़ीकरण मजबूतीकरण परियोजना, ईटकी सेंटोसियम से मोरो नारी चंननारी पथ परियोजना, बारियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई लेम से बोड़ेया तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूती करण, एवं अन्य सभी परियोजना।

### कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान कि प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने को कहा गया। मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर में किसी तरह कि अड़चन को सम्बंधित पदाधिकारी तुरंत दूर करें। जिन रैयतों का भुगतान किसी कारण से नहीं हुआ है, उनका भुगतान तुरंत करें। ताकि रांची शहर को जाम मुक्त किया जा सकें। शहर में चल रही सारी परियोजना काफी महत्वपूर्ण है।

### योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण करें : उपायुक्त

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन यूनाईटेड फंड अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, निदेशक, 'डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर सिंह, जिला अभियंता, जिला परिषद रांची, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-1, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पश्चिमी, रांची, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, रांची एवं ऊटऋष्ठल ढटव के सदस्य उपस्थित थे।

#### प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि पीएम-एशीम के तहत स्वीकृत कुल 78 योजनाओं में से जिला अभियंता, जिला परिषद, रांची को 33 स्वीकृत योजनाओं में 14 पूर्ण एवं 19 का कार्य प्रगति पर है। कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-1, रांची को 39 स्वीकृत योजनाओं में से 6 पूर्ण 26 योजनाओं का कार्य प्रगति पर एवं 07 योजनाओं में भूमि अनुपलब्धता के कारण लंबित है। कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-2, रांची को 6 स्वीकृत योजना में से 03 पूर्ण एवं 03 का कार्य प्रगति पर है।

### मिशन वात्सल्य में 198 बच्चों का किया गया अनुमोदन

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को प्रयोजन एवं पालन पोषण देख-रेख अनुमोदन समिति की बैठक की बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, कमिटी के सदस्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा देख-रेख संरक्षण योग्य बाल कल्याण समिति से अनुशंसित कुल-214 बच्चे बच्चियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। जो अनाथ, एकल परिवार, लृकश् ग्रसित पाए गए। जिसमें मिशन वात्सल्य के तहत देख-रेख संरक्षण योग्य बच्चों को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य हेतु सहायता के जाने के प्रावधान के आलोक में वित्तीय वर्ष-2024-25 हेतु 214 बच्चे बच्चियों में से कुल 198 बच्चों का अनुमोदन किया गया।

### वित्तरहित शिक्षा कर्मी सीएम को सौंपेंगे अनुशंसा पत्र

**रांची।** वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अनुशंसा पत्र सौंपेगा। इसके लिए सभी जिलों के मोर्चा के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि वित्तरहित स्कूल-कॉलेज के शिक्षक कर्मचारी 23 दिसंबर तक अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों से 75 प्रतिशत राशि की वृद्धि करने और कार्मिक विभाग में वित्तरहित शिक्षकों को जो राज्यकर्मी का दर्जा देने का विभागीय प्रस्ताव लंबित है, उस पर कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा पत्र लिखवाएंगे। 23 को मोर्चा शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव को दो सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन देगा। 15 दिसंबर से लेकर 23 दिसंबर तक यह पत्र लिखवा कर मोर्चा को 26 से 27 दिसंबर तक अवश्य जमा कर दें, ताकि 28 दिसंबर को सारे अनुशंसा पत्र कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को दिए जा सके। शनिवार को आयोजित मोर्चा की बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 दिसंबर से लेकर आठ जनवरी तक मोर्चा के सभी घटक के शिक्षक-कर्मचारी अपने-अपने विधायकों को ज्ञापन देकर आग्रह करेंगे कि हमारी मांगों को बजट सत्र के समय जोरदार ढंग से उठाएं, ताकि सदन में मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई हो सके। जनवरी के प्रथम सप्ताह में मोर्चा के प्रतिनिधि वित्त मंत्री को अनुदान की राशि जो 75 प्रतिशत वृद्धि के लिए है, उस संबंध में सहमति के लिए आग्रह करेंगे। 15 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक मोर्चा के नेता पूरे राज्य के संगठन को मजबूत करने के लिए राज्यव्यापी दौरा करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी का लगा भोग



**रांची।** शनिवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 857 वां खिचड़ी महाभोग के भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में 1319 भक्तों ने खिचड़ी महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का यजमान विकास शर्मा पत्नी रुचिता शर्मा थे। खिचड़ी महाभोग का प्रसाद भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर को अत्यंत प्रिय है। जो भी भक्त श्रद्धा पूर्वक खिचड़ी प्रसाद ग्रहण करते हैं, उन्हें तृप्ति एवं मन को शांति मिलती है। साथ ही उनकी दरिद्रता भी दूर होती है। जो भक्त खिचड़ी महाभोग का प्रसाद अर्पण करते हैं, उन्हें सहज ही सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### सहायक कार्यपालक अभियंता का मोबाइल हुआ गुम

**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के सहायक कार्यपालक अभियंता गिरिजा शंकर सेनापति का मोबाइल शुक्रवार को हरमू चौक के पास से गुम हो गया। इस बाबत गिरिजा शंकर सेनापति ने अरगोड़ा थाना में मोबाइल संख्या 9756805227 के खो जाने को लेकर सनहा दर्ज करने का आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि जब मैं अपने निवास स्थान से कार्यालय जा रहा था, तब रास्ते में अरगोड़ा चौक से हरमू चौक के बीच मेरा मोबाइल खो गया। इस बाबत सेनापति ने सनहा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध थाना प्रभारी से किया है।

### एनएसयूआई ने रांची विवि कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव के नेतृत्व में एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात किया व ज्ञापन सौंपा। डोरंडा कॉलेज में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर मोहमद इब्राहिम के द्वारा की गई मारपीट मामले में कार्रवाई करने की मांग की गई। विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को खोलने एव छात्र संघ चुनाव जल्द कराने को लेकर बैठक की गई। मौके पर कुलपति ने डोरंडा कॉलेज मामले में 3 सदस्य की कमिटी बनाने एवं 2 दिनों के अंदर जांच कराने का आदेश दिया। मुख्य गेट भी जल्द खोलने की बात कही गयी एवं बहुत जल्द छात्र संघ चुनाव कराने का अस्वाशन दिया। मौके पर मुख्य रूप से एनएसयूआई की राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना, प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का होगा आयोजन



**रांची।** राज्य के कई हिस्सों में महिला स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। टोंटो और गुदरी में 21 और 22 दिसंबर को मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर और नेत्र जांच शिविर लगाया जा रहा। डॉक्टर भारती कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारा पूर्व नियोजित मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर और नेत्र जांच शिविर टोंटो और गुदरी में लगाया जा रहा। उन्होंने बताया सिंदरी क्षेत्र में परेशानी हुई थी लेकिन हमने उस क्षेत्र में अपना अभियान रद्द नहीं किया है। उन्होंने बताया 4 जनवरी 2025 पाकुड़ में और 5 जनवरी 2025 साहेबगंज में आयोजन होगा।

### 16 को जेएसएससी कार्यालय का होगा घेराव : देवेंद्रनाथ

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। इस परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच कराने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि 16 दिसंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का घेराव किया जाएगा। कल रविवार को संपूर्ण राज्य से छात्र एवं अभिभावक राजधानी रांची प्रवेश करेंगे। ठंड में सभी छात्र अपनी सुविधानुसार रात्रि पड़ाव करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को अनुशासित तरीके से अपने मांगों को लेकर जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सोमवार को एक तरफ आयोग जरिये डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तो दूसरी तरफ हजारों छात्र कार्यालय के महाघेराव में जुटेंगे।इस मौके पर कई छात्र मौजूद थे।

### प्रदर्शनकारियों को जेएसएससी कार्यालय नहीं पहुंचने देने के लिए आठ जगह बैरिकेडिंग

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय (जेएसएससी) के सामने प्रदर्शन करने के मामले में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। शनिवार को जेएसएससी कार्यालय पहुंचनेवाले सभी रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी गई है, ताकि प्रदर्शनकारी रविवार को कार्यालय के पास नहीं पहुंच पाए। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल और नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद सहित कई पदाधिकारियों ने कार्यालय के सामने पहुंचकर बैरिकेडिंग कार्य का जायजा लिया और सभी मार्गों का मुआयना भी किया। नामकुम सदाबहार चौक से जेएसएससी कार्यालय के एक किमी पहले से आठ जगह बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने 15 से 20 फीट की जगह छोड़कर पूरे मैदान की बैरिकेडिंग कर दी गई है।

## पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मादक पदार्थो की खेती नहीं करें व अंधविश्वास से बचें :ग्रामीण एसपी

रांची। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में रविवार को तमाड़ थाना अंतर्गत आरहांगा पंचयात के बेलबेड्डा मुकरूमडीह, पियाकूली, एवं आरहांगा गांव में मुखिया, ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया । बैठक में अफीम- पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थो कि खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी/ बाल व्यापार, उग्रवादी तथा नक्सली संगठन में शामिल नहीं होने उनका समर्थन नहीं करने, साथ ही समाज से भटक कर उग्रवादी संगठन में शामिल हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लौटने हेतु आह्वान किया।

पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-100, 112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजन से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुये समाधान का प्रयास किया गया। साथ ही 18 दिसंबर को होने वाले जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई। उसमें अपने-अपने समस्याओं को लेकर शामिल होने हेतु अनुरोध किया गया। अंत में सभी पदाधिकारी के द्वारा अपना अपना नंबर आम जनों को दिया गया। बैठक में ओमप्रकाश ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, हँसे उरांव, पुलिस निरीक्षक तमाड़ अंचल एवं रोशन कुमार, थाना प्रभारी तमाड़ उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 लाख से अधिक मामलों का हुआ निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सभी जिला अदालतों और हाई कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 15 लाख 45 हजार 112 प्री-लिटीगेशन और 01 लाख 25 हजार 34 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 17 अरब 36 करोड़ 01 लाख 90,237 रुपये का सेटलमेंट किया गया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस दौरान आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, माप-तौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले और विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायलय में दो बेंचों का गठन किया गया था। इसमें कुल 45 मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें प्री-लिटीगेशन के 10 मामले और 35 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। रांची सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 40 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 20 बेंच का गठन किया गया था। कुल 2,28,311 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 1,31,77,27,225.73 करोड़ रुपये का सेटलमेंट किया गया, जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन सम्मिलित है। अदालत में 19 पीड़ितों के बीच 1,56,77,881 रुपये की मुआवजा राशि वितरित की गयी।

### गोस्सनर कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों का हुआ समागम

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में शनिवार को आईक्यु एसी के तत्वावधान में पूर्ववर्ती छात्रों का समागम हुआ। राइट रेवरेन बिशप सीमांत संदीप तिर्की के आशीष वचनों से कार्यक्रम की शुरूआत हुआ। मंच संचालन डॉ सुषमा, प्रो महिमा गोल्डन, प्रोसलमा, प्रो अमोस तोपनो और डॉ योतोम ने किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो ऐलानी पूर्ति ने कहा कि गोस्सनर महाविद्यालय का इतिहास काफी पुराना है। पांच कमरों से पढ़ाई शुरू हुआ था। आज 9.5 एकड़ में फैला हुआ है। आज रांची का विख्यात महाविद्यालय बन चुका है। यहां से पास हो चुके छात्र छात्राएं देश के प्रमुख संस्थानों में कार्य कर रहे हैं। कई ऐसे छात्र है जो देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। इसमें राज्य भर से लगभग 200 पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित हुए। छात्र समागम में जमशेदपुर मुसाबनी सीटीसी आईपीएस विजय आशीष कुजूर, सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर अजय कच्छप, पूर्व बिशप जॉनसन लकड़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, एलुमीनी मीट में उपस्थित थे। एलुमीनी छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### दिव्यांग समानता, संरक्षण व सशक्तीकरण अभियान आज से
## दिव्यांगों को सशक्त और संरक्षित करना है : निर्मला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ब्रह्माकुमारी के राजयोग रिसर्च एवं राजयोगा फाउण्डेशन के दिव्यांग सेवा प्रभाग के द्वारा देश में चलाये जा रहे दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तीकरण अभियान के तहत झारखंड के विभिन्न शहरों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। जिसके लिए ब्रह्माकुमारीज के अन्तराष्ट्रीय मुख्यालय माउण्ट आबू से विशेष टीम दो दिन की यात्रा कर दिव्यांग सेवा बस के साथ शनिवार को रांची पहुंची। टीम के प्रमुख ब्रह्माकुमार सूर्यमणि दास हैं। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को चौधरी बगान, हरमू रोड में किया जाएगा जो 17 दिसम्बर तक यह कार्यक्रम रांची के विभिन्न दिव्यांग जनों के स्कूलों में चलेगा। 18 दिसम्बर को हजारीबाग, 19 दिसम्बर को गुमला तथा 20 एवं 21 दिसम्बर को जमशेदपुर में आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 1 से 2 जनवरी 2025 को धनबाद, 3 जनवरी को बोकारो, 4 जनवरी को गिरिडीह, 5 से 6 जनवरी को देवघर, 7 जनवरी को दुमका, 8 जनवरी को गोड़डा एवं 9 जनवरीको साहिबगंज में किया जाएगा। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि इस अभियान का उदेश्य दिव्यांगों को आंतरिक रूप से सशक्त एवं संरक्षित करना है। दिव्यांगों को सहानुभूति की नहीं अवसरों की आवश्यकता है।

## बेहतर परिणाम की तैयारी के लिए आठवीं में भी प्री बोर्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम की तैयारी के लिए रांची जिला शिक्षा विभाग की ओर से नया कदम उठाया गया है। आठवीं से ही विद्यार्थियों की तैयारी को परखा जाएगा। इसके लिए आठवीं बोर्ड परीक्षा से पहले आठवीं के छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा देनी होगी। सात से 11 जनवरी तक परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने स्कूलों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। स्कूलों को कहा गया है कि आठवीं प्री बोर्ड में शत प्रतिशत उत्तीर्णता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को मानसिक रूप से तैयार किया जाए। उन्होंने स्कूलों से कहा कि 18 दिसंबर तक कोर्स को पूरा करा लें और 19 से लेकर 23 दिसंबर तक अभ्यास कार्य कराएं, ताकि विद्यार्थी बेहतर तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हो सकें। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि अभ्यास वर्क के साथ शीतकालीन अवकाश के समय छात्रों को गृह कार्य देना है।

### पिठोरिया गांव में सुबह 5 बजे से लग जाता है सब्जी बाजार
# पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से है वंचित

**मनोज मिश्रा रांची।** जिले के सबसे कम तापमान वाले कांके क्षेत्र में सुबह 5 बजे से बाजार लग जाता है। इस संबंध में क्षेत्र के जाने माने किसान नकुल महतो बताते हैं कि यहां के किसान सुबह 5 बजे अपने फसल को लेकर पिठोरिया बाजार में ले आते हैं। वहीं अपने फसल को बेचकर 8 बजे तक प्रतिदिन 1,000 रुपए से 2500 रुपए कमा कर घर चले जाते हैं। विदित हो कि पिठोरया बाजार बड़ा स जी मंडी है। यहां से 30 से 45 ट्रकें प्रतिदिन स जी (पत्तागोभी,मटर, फूलगोभी, शिमला मिर्च, मिर्च,चुकंदर, ब्रोकली आदि) लेकर रामगढ़, भुरकुंडा, बोकारो, धनबाद, पुरुलिया,खूंटी, रांची जाती है। इस गांव के किसानों की आमदनी अच्छी है, पक्के मकान है। यहां के किसान देश दुनिया में अपनी ख्याति प्राप्त कर चुके हैं।

### मौसम की मार झेल रहे हैं पिठोरिया के किसान, बिचौलिए हो रहे मालामाल


दिलेश्वर साहू

शून्य से एक डिग्री तक के ठंड का सामना करने वाला कांके प्रखंड के पिठोरिया गांव में किसानों के फसलों को मौसमी मार झेलना पड़ रहा है। विदित हो कि धनकटनी पिछले 25 दिन से चल रही है। किसान अपने घरों में उतना धान सुरक्षित जमा नहीं रख सकते। ऐसे में बिचौलिए इसका फायदा उठा कर मालामाल हो रहे हैं। ठंड के कारण सब्जी में झुलसा रोग हो जाता है। इसमें सब्जी के पत्तों में धब्बे आते हैं। इससे बचने के लिए किसानों को विशेषज्ञों के सलाह से फफुंदी नाशक दवा का प्रयोग करना चाहिए। दिलेश्वर साहू स्थानीय किसान बताते हैं कि दिसंबर और जनवरी में जब तापमान शून्य से एक डिग्री के बीच होता है तो टमाटर का मूल्य एक रुपए प्रतिकिलो तक गिर जाता है। कभी कभी किसान रोष में अपना फसल रोड पर ही फेंक कर चले जाते हैं।


1940 में बैलगाड़ी से सब्जी रांची और ट्रेन से कोलकाता भेजा जाता था

### दूसरे प्रदेशों में सब्जी भेजने वाला पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से वंचित

यहां लगने वाले बाजार परिसर में बने शेड के प्लास्टर टूटकर गिर रहे हैं। बावजदू इसके लोग शेड के नीचे बाजार लगा रहे हैं, वहीं शेड की कमी के कारण किसान सड़को पर भी बाजार लगाते हैं। पिठोरिया सब्जी बाजार में पीने के पानी के लिए लगा जलमीनार में पानी कई वर्षों से नहीं है। शौचालय पूरा बना भी नहीं और जर्जर हो गया। इतने बड़ा बाजार में शौचालय की अव्यवस्था है। वर्षों पहले बने कोल्ड स्टोरेज कभी शुरू हुआ ही नहीं और कबाड़ का ढेर बन गया। खिड़कियां टूटी है, सामान गायब हैं। बड़ा जेनरेटर रखा है, वह भी बुरी हालत में।


नकुल महतो

### आज / कल




## श्रीश्याम मंदिर के 137 वें श्रीश्याम भंडारा में शामिल हुए तीन हजार भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



#### श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ 17 को

श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 17 दिसंबरको सायं 4.30 बजे से 132 वां श्रीसुन्दरकाण्ड -श्रीहनुमान का संगीतमय पाठ होगा। मुन्ना सिंह, पिंकी सिंह, माही सिंह,व शौर्य प्रताप सिंह श्रीहनुमान जी महाराज की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। मण्डल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने भक्तों को आमंत्रित किया है।

श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ स्थित श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को 137 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय चन्द्रप्रकाश रावत के परिवार के मधुरावत, शिशिर -शालिनी रावत, अंकुर -वीना, विवान, रंश, तृषिका रावत आज के श्रीश्याम भण्डारे के यजमानश्री थे। श्रीश्याम भण्डारे में इडली, वेजिटेबल उपमा, नारियल चटनी, सामर, केशरिया जलेबी का प्रसाद निर्मित किया था। टाफी का प्रसाद अतिरिक्त था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री रावत परिवार के लोगो ने मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित देवी-देवताओं को मंदिर में निर्मित प्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर श्यामबाबा के भोग भजन का गायन किया गया। भोग लगे प्रसाद को वृहद भण्डारे प्रसाद में मिश्रित करके सर्वप्रथम रांची गौशाला की गाय के लिए अलग से महाप्रसाद भेजकर मण्डल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा ने गाय माता को प्रसाद खिलाया। इसके बाद मंदिर के आचार्यों को रावत परिवार ने प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में रावत परिवार ने भण्डारे के महाप्रसाद का वितरण प्रारम्भ किया। पुरा मंदिर परिसर भक्तजनों से अट गया। हरमू रोड़ में लम्बी-लम्बी कतारें लग गयी। खाटूनरेश के जयकारो से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था।

मंदिर में प्रवेश करने वाले को तिलक लगाया जा रहा था। सभी भक्तजन एक दूसरे को "जय श्री श्याम" बोलकर अभिवादन कर रहे थे। पुरा वातावरण भक्तिमय में सरोवर में डूबा हुआ था। लगभग 3000 भक्तजनो ने प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, अजय मारू, अमित सरावगी, राजीव मित्तल,अनुज मोदी , आशीष डालमिया, अनिल नारनोली, उपेन्द्र पाण्डेय, मनीष वर्मा, झूलन भुण्डा, मनोज खेतावत सहित 70 कार्यकताओं ने भण्डारा वितरण में सहयोग किया। रात्रि 7 बजे खाटूनरेश को ग्वाल भोग अर्पित करके पंचदीपो की ग्वाल आरती की गयी। ग्वाल आरती में 500 से ज्यादा भक्तो ने भाग लिया।

## एक नजर

### फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक आज

**सिल्ली।** मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से आगामी 25 एवं 26 दिसंबर को दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर शनिवार दोपहर 12 बजे लोटा स्कूल मैदान में एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें तमाम मिलन फुटबॉल क्लब लोटा के सदस्य, झामुमो सिल्ली प्रखंड के कार्यकर्ता एवं फुटबॉल प्रेमी को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने दी।

### खलारी स्टेशन को वर्तमान ग्रेड से अपग्रेड किया जाए : भरत रजक

**खलारी।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (वाणिज्य) धनबाद की बैठक में खलारी व मैकलुस्कीगंज स्टेशन में यात्री सुविधाओं की मांग रखी गई। खलारी भाजपा के दो बार अध्यक्ष रह चुके भरत रजक उक्त समिति के सदस्य हैं। धनबाद में हुई समिति की बैठक में भरत रजक भी आमंत्रित किए गए थे। सुविधाओं को लेकर विभिन्न मांगों को रखा। इससे संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। मांगों में खलारी स्टेशन में प्लेटफार्म संख्या 01 और 02 की लंबाई में वृद्धि करने,खलारी व राय स्टेशन में बनाए गए पैनल रूम में टिकट काउंटर आफिस के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण टिकट काउंटर आफिस पूर्व की जगह यथावत रखने, पुराने टिकट काउंटर आफिस को विकसित किए जाएंगे।

### औद्योगिक इको सिस्टम में सुधार को लेकर जियाडा और चैंबर ने की बैठक

**रांची।** झारखण्ड में औद्योगिक इको सिस्टम में सुधार के लिए जियाडा और स्टेकहोल्डर्स के सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा हेतु जियाडा के सचिव राजेश कुमार सिंह और फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक जियाडा भवन में संपन्न हुई। विदित हो कि इस बैठक का आयोजन जियाडा सचिव के द्वारा आयोजित किया गया था। बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास से जुड़े बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई जिसमें तय किया गया कि इस तरह की एक वृहद् बैठक कुछ दिनों बाद पुनः जियाडा के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित की जाय। औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं पर चैंबर ने अपने पूर्व में दिये गये ज्ञापन के निष्पादन पर भी चर्चा की। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह चर्चा झारखण्ड में उद्योगों के विकास और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देनेवाली प्रभावशाली रणनीतियों की नींव रखेगी। बैठक में चैंबर के उद्योग उप समिति चेयरमेन अजय भंडारी, बिनोद कुमार अग्रवाल और दिगंबर जी उपस्थित थे। जब मजबूत नींव नहीं पड़ेगी तब तक विकास की गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती है। हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

खूंटी : राष्ट्रीय लोक अदालत में 5336 मामलों का निष्पादन

# 11.30 करोड़ राशि का हुआ समायोजन



*राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है*

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित कुल पांच बैंचों द्वारा मामलों की सुनवाई करते हुए 5336 मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही 11 करोड़ 30 लाख आठ हजार 298 रुपये राशि का समायोजन किया गया। निष्पादित मामलों में न्यायालय में लंबित 786 वाद भी शामिल हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेस कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अपने संबोधन में पीडीजे ने कहा कि यह वर्ष का तृतीय एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत है। इसमें लंबित वादों के दोनों पक्षों की जीत होती है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए पांच बैंचों का गठन किया गया, जिसमें दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋण, मोटर यान दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए गठित प्रथम बैंच में अपर जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक एवं शशि कला कुमारी शामिल रहे। द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता मदन मोहन राम एवं कविता कुमारी शामिल थे। तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, अधिवक्ता आशीष कुमार एवं सुमित कुमार कश्यप शामिल थे।

# गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए इरफान अंसारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पाकुड़ विधायक निशात आलम से एक शिष्टाचार मुलाकात किया गया। मंत्री को विधानसभा में जीत के साथ मंत्री बनने लिए बधाई दी और गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता देने और कई तरह के कड़े नियमों में शिथिलता लाने के लिए निवेदन किया गया। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अभी अभी सरकार बनी है कुछ दिन इंतजार कीजिए इस विषय पर कोई कदम उठाऊंगा। जो स्कूल को लेकर समस्याएं होगी उसका जरूर निवारण करूंगा।

प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार, महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम, कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो, सचिव अमीन अंसारी, उपाध्यक्ष शुभोजित अधिकारी, सचिदानंद कुमार, मुकेश कुमार सिंह शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### चापाकल खराब होने से ग्रामीण परेशान



**सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा हनुमान मन्दिर के सामने लगी चापाकल दो वर्षों से बंद पड़ा है। जिस कारण ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इसकी जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने जल विभाग को दी है और अतिशीघ्र चापाकल को मरम्मत करने की मांग की है। श्री महतो का कहना है चापाकल खराब होने लोगों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानियां हो रही हैं। इस मामले में अब किसी का भी पहल नहीं हो सका है।

### पुलिस ने तेज व लापरवाही से चलाने वाले तीन लोगों का मोटरसाइकिल किया जब्त



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस के द्वारा शनिवार के दिन गश्ती के क्रम में तीन मोटरसाईकिल को तेज एवं लापरवाह तरीके से चलाने के कारण निरूद्ध किया गया। जिस पर एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के मोटरसाईकिल चालक बिना नंबर प्लेट के तथा साईलेंसर को मोडीफाईड करके चलते हैं जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से गलत है। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि ऐसे चालकों को चेतावनी दी जाती है कि पकड़े जाने पर विभिन्न कानुनी मापदंडों के अंतर्गत दंडनीय अपराध के तहत कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के चालक अकसर युवा होते हैं जो लापरवाह तरीके से वाहन चलाते हैं, जिसके कारण सड़क दुर्घटना में जान-माल की हानी होती है साथ ही नागरिकों से रांची पुलिस अपील करती है कि सड़क सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाये तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने नहीं दें।

### शिल्पी नेहा तिर्की को दी बधाई



**मांडर।** मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उपझ्रप्रमुख अमानत अंसारी ने शनिवार को झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर बधाई दी। बनहोरा स्थित उनके आवास में मुलाकात कर शॉल व बुकें भी दिया। मौके पर बेलस टोप्पो, गुलजार अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### मांडर प्रमुख की अध्यक्षता में हुई पंचायत समिति सदस्यों की बैठक




**मांडर ।** प्रखंड सभागार में शनिवार को मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ चंचला कुमारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी समेत सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 करोड़ से अधिक राशि की हुई वसूली

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता से 10,560 वादों का निपटारा करते हुए 23 करोड़ से अधिक राशि की वसूली शनिवार को हुई। लोक अदालत प्रधान जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बाबत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। बेंच नंबर-1 से फैमली जज संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता संगीता कुमारी एवं प्रशांत कुमार उपस्थित हुए। बेंच नंबर-2 से एडीजे-5 शत्रुंजय कुमार सिंह, अधिवक्ता कुमार प्रभात एवं अनिल कुमार उपस्थित हुए। बेंच नंबर-3 से एडीजे श्री राजेश सिन्हा, अधिवक्ता ओमियो कुमार मांझी एवं पंकज कुमार गुप्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर-4 से सीजेएम अनूप तिर्की, अधिवक्ता विक्रमादित्य पांडेय एवं धर्मवीर मिश्रा उपस्थित हुए।

मासिक क्राइम मीटिंग में कई मामलों की हुई समीक्षा

# अच्छे कार्य करने वाले 49 पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

*कुछ जगहों पर वाकई में प्रिंस खान की तरफ से धमकियां दी गई हैं। डॉक्टरों को भी धमकी आई है*




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जिला पुलिस कार्यालय में शनिवार को मासिक क्राइम मीटिंग में कई मामलों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले 49 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। क्राइम मीटिंग के बाद धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने मीडिया से बातचीत में पिछले दिनों हुई आपराधिक घटनाओं पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों बरवाअड्डा में हीरापुर के एक गल्ला व्यपारी अमन साव का शव मिला था, जिसे गोली मारी गई थी। इस संबंध में कुछ एविडेंस पुलिस को मिले हैं, जिसके आधार पर मामले का खुलासा करने का प्रयास जारी है। शुक्रवार रात एक अन्य व्यापारी चेतन महतो पर अपराधियों ने गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा जिस तरह की लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी, उसी आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। एसएसपी ने कहा कि आज के दिन में प्रिंस खान एक ब्रांड बन चुका है। कुछ जगहों पर वाकई में प्रिंस खान की तरफ से धमकियां दी गई हैं। डॉक्टरों को भी धमकी आई है। इस संबंध में डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत भी की है। इस संबंध में एटीएस और स्पेशल ब्रांच के साथ बैठक की गई है। पुलिस को कुछ फोन नंबर भी मिले हैं, जिसे खंगालने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्रप्रदेश और कर्नाटका के लिए जल्द ही कूच करने वाली है।

# उग्रवादियों को थाना में सौंपने को लेकर किया गया जागरुक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** शनिवार को तोरपा थाना क्षेत्र के महिला समिति सदस्यों के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिला (गुदडी थाना) के नक्सल/ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपराधियों एवं उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने। वहीं उग्रवादी/ अपराधी/नक्सली की जानकारी होने/ पकड़े जाने पर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने एवं अवैध अफीम की खेती नहीं करने, डायन बिसाही, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

### भारतमाला परियोजना में पहुंचे दो अपराधी, चली गोली, गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र में चल रहे भारत मालापरियोजना में गोलीबारी करने पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया है। इस दौरान मिस हैंडलिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लग गयी है। इससे वह घायल हो गया है। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस एक अन्य अपराधी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी गोला थाना अंतर्गत चल रहे भारतमाला प्रोजेक्ट से रंगदारी को लेकर गोलीबारी करने पहुंचे। इस दौरान एक अपराधी को मिस हैंडलिंग के कारण बाये पैर में गोली लग गई।

बिरसा कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन

# खूंटी में प्रतिभाओं की कमी नहीं जरूरत उन्हें तराशने की है : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, रांची नेहरू युवा केन्द्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन बिरसा कॉलेज खूंटी के बहुउद्देश्य भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा। खूंटी जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें तराशने की। मेरी शुभकामनाएं है कि खूंटी जिले से जो भी प्रतिभागी जोनल स्तर पर भाग लें, वे विजयी हों। जिला स्तरीय युवा उत्सव में कुल 11 प्रतिस्पधाओं का आयोजन किया गया। इनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोकनृत्य,एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, विज्ञान मेला, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता शामिल है।

### दुमका में अलग-अलग दुर्घटनाओं में टोल कर्मी समेत दो की मौत

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना थाना क्षेत्र के कोठिया स्थित नेशनल हाईवे 133 के टोल प्लाजा के समीप घटी। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष यादव (34) निवासी थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव के रूप में हुई है। बताया गया कि संतोष टोल प्लाजा पर ही मैसर्स सुरेन्द्र कुमार कौशिक के लिए काम करता था। वह टोल प्लाजा से रात्रि करीब नौ बजे किसी काम से कोठिया गया था। वापस आने के क्रम में टोल प्लाजा के समीप ही उसकी बाइक किसी अज्ञात वाहन टकरा गई। घटना के तुरंत बाद उसे एंबुलेंस से सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को सरैयाहाट पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

# पंचवटी अपार्टमेंट में महिला से हो रही थी छेड़खानी, दर्ज हुई प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ शहर के पंचवटी एनक्लेव अपार्टमेंट में अक्सर घरेलू हिंसा और इव टीजिंग जैसे यौन शोषण के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। कभी मामला पति-पत्नी के बीच का होता है, तो कभी अधेड़ उम्र की महिला के साथ वारदात होती है। ऐसा ही एक मामला फिर पंचवटी अपार्टमेंट में हुआ है। इस मामले में आरोपित के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिक भी दर्ज हुई है। 44 वर्ष की महिला शालू सिन्हा ने इव टीजिंग के मामले में रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पंचवटी अपार्टमेंट के ही ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर 101 बी में रहने वाले अरुण गोयल को अभियुक्त बनाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि अरुण गोयल के द्वारा उन्हें कई दिनों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जब भी महिला फ्लैट से मार्केट, मेडिसिन शॉप और अपने कोचिंग संस्थान के लिए निकलती है, तो अरुण गोयल घात लगाकर पार्किंग के पीछे छुपकर गलत निगाह से घूरते हैं।

पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

# 2027 तक एक करोड़ इंस्टॉलेशन का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी एमबीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सौर योजना भारत के सौर ऊर्जा परिदृश्य को बदल रही है। मार्च 2025 तक इंस्टालेशन की संख्या 10 लाख को पार कर अक्टूबर 2025 तक 20 लाख, मार्च 2026 तक 40 लाख तथा मार्च 2027 तक एक करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। पीएमएसजीएमबीवाई के केवल 9 महीनों के भीतर 6.3 लाख इंस्टॉलेशन हासिल किए गए हैं जो औसतन 70,000 प्रति माह है। यह मासिक इंस्टॉलेशन में दस गुना वृद्धि को दर्शाता है, जबकि फरवरी 2024 में योजना के शुभारंभ से पहले यह औसत 7,000 प्रति माह था। गुजरात, महाराष्ट्र, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने मजबूत बुनियादी ढांचे और हितधारक सहयोग को दर्शाते हुए असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है। पीएमएसजीएमबीवाई की प्रारंभिक प्रगति ठोस आधारशिला रखने का प्रमाण है। यह योजना आने वाले महीनों में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है, जिससे छत पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रारंभिक कार्यान्वयन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया ताकि रोलआउट में तेजी लाई जा सके। डिस्कॉम ने आवश्यक बिजली लोड क्षमता सुनिश्चित करने के लिए ऑटो-लोड संवर्द्धन किया, जबकि 10 किलोवाट तक की प्रणालियों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीएफआर) को माफ करके विनियामक बाधाओं को कम किया गया। डिस्कॉम द्वारा समय पर निरीक्षण से सब्सिडी जारी करने में तेजी आई और नेट मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। विक्रेता आधार का विस्तार करने के प्रयासों ने 3 किलोवाट तक की प्रणालियों के लिए जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से किफायती वित्तपोषण विकल्पों के साथ तेजी से तैनाती का समर्थन किया।

**40 हजार कर्मियों को किया गया है प्रशिक्षित**

90 से अधिक डिस्कॉम, बैंकों और अन्य हितधारकों को एकीकृत करने के लिए मजबूत आईटी सिस्टम का निर्माण इस पैमाने पर परिचालन के समन्वय के लिए महत्वपूर्ण था। विक्रेता विकास प्राथमिकता रही है, लगभग 9,000 विक्रेता सक्रिय हो चुके हैं और प्रतिदिन और भी विक्रेता जुड़ रहे हैं। क्षमता निर्माण पहलों ने उच्च गुणवत्ता वाली स्थापना और सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए 40,000 कर्मियों को प्रशिक्षित किया है। अगले आठ महीनों में अतिरिक्त 2 लाख तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा, 50,000 से अधिक डिस्कॉम इंजीनियरों को छतों पर लगे सौर संयंत्रों का निरीक्षण और संचालन करने तथा नेट मीटर उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# जनता की मांग और जरूरत के अनुरूप होगा विकास योजनाओं का कार्यान्वयन: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि जनता की मांग और उनकी जरूरत के अनुसार विकास योजनाओं को लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों खूंटी, तोरपा और कर्रा प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो। विधायक शनिवार को खूंटी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। रामसूर्या मुडा ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से सरकार की विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका दरवाजा जनता के लिए हमेशा खुला है। जनता की शिकायतों और सुझाव पाने के लिए ही खूंटी में कार्यालय खुला है। लोग जब चाहें अपनी समस्याओं से उन्हें अगवत करा सकते है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कृषि, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क और अन्य बुनियादी समस्याओं को निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी की जनता की पुरानी मांग बाइपास रोड के निर्माण के संबंध में क्षेत्र की जनता से विचार विमर्श करने के बाद ही ठोस निर्णय लिया जाएगा। साथ ही कहा कि इस क्षेत्र में कटहल, इमली, करंज जैसे वनोत्पाद भरपूर मात्रा में पाये जाते हैं। इन उत्पादों पर आधारित लघु उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने मईयां सम्मान योजना के तहत हर महिला का 2500 रुपये की सहायता और बिजली बिल माफ कर लोगों को बहुत बड़ी राहत दी है।

### चैंबर के लॉजिस्टीक पार्क उप समिति की हुई बैठक

**रांची।** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के लॉजिस्टीक पार्क उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न हुई। राज्य में प्रभावी लॉजिस्टीक पॉर्क पॉलिसी के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए, इसके कुछ प्रमुख बिंदुओं पर चिंता जाहिर की गई। पॉलिसी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अधिकाधिक उद्यमियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कमिटी की पुनः आयोजित होनेवाली बैठक में इसकी समीक्षा करने की बात कही गई। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य शैलेष अग्रवाल, उप समिति चेयरमेन अविराज अग्रवाल, सदस्य आदित्य मसकरा, पुनित गुप्ता, जिआउल खान, सीए राहुल झा, सुरेश अग्रवाल, सुमेर अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, रमेश साहू उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

# खूंटी पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**खूंटी।** खूंटी थानान्तर्गत ग्राम सिम्बुकेल में 1 एकड़, अड़की थानान्तर्गत ग्राम शमार्ली में 02 एकड़, मरांगहदा थानान्तर्गत चन्डोर में 1.5 एकड़, सायको थानान्तर्गत सलगा में 02 एकड़ एवं मुरहू थानान्तर्गत ग्राम मलियादा में 02 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम मलियादा में अवैध अफीम की खेती के विरूद्ध जगरूकता अभियान चलाया गया।

## एक नजर

### झारखंड से कोयलांचल राज्य अलग करो : अनूप भाई

**हजारीबाग।** लारा में समाजसेवी अनूप भाई के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा के बाद सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि एक नई संगठन का विस्तार हो जिसका नाम कोयलांचल संघर्ष समिति रखा गया। सभा को संबोधित करते हुए अनूप भाई ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से हमारा क्षेत्र रामगढ़ राज्य के नाम से जाना जाता है। बिहार से कट कर झारखंड राज्य बना जिसे रामगढ़ राज्य बनना चाहिए पर ऐसा नहीं हुआ। झारखंड राज्य बन तो हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, रामगढ़, लातेहार, गढ़वा, पलामू, डाल्टनगंज में लोगों का निवास संपूर्ण विकास नहीं हो पाया।

### आईसीएआर से पच्चीस किसानों का पहला जत्था प्रशिक्षण के लिए बरेली रवाना

**बरही ।** गौरियाकरमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान गौरियाकरमा के प्रांगण से 25 आदिवासी किसानो का पहला जत्था पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बरेली रवाना हुआ. जिन्हे संस्था के ओएसडी डॉ वी एन पांडेय और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दिलीप रॉय ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया. उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान बरेली में 15 से 25 दिसंबर तक मुर्गी पालन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम है. इस दौरान किसानों को उन्नत मुर्गी पालन संबंधित विभिन्न तकनीक की जानकारी दी जायेगी. जिससे किसान अपने आय में इजाफा करना सिंखेंगे. प्रशिक्षण के लिए हजारीबाग जिले के बरही, विष्णुगढ़, चुरचू, इचाक और हजारीबाग प्रखंड के पांच पांच किसानों को चयनित किया गया है. जिसमें 7 महिला और 18 पुरुष शामिल हैं. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम अयोजित किया जा रहा है.

### भुषण बाड़ा ने आभार प्रकट करने के लिए निकाली धन्यवाद यात्रा

**कुरडेग।** सिमडेगा विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक बनने पर भुषण बाड़ा द्वारा विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं व ग्रामीणों का आभार प्रकट करने के लिए धन्यवाद यात्रा निकाली जा रही है । इसी क्रम में शनिवार को विधायक श्री बाड़ा ने कुरडेग के प्रकाला, बस स्टैण्ड, झिरकामुण्डा सहित आस पास के गांवों में पहुंचकर मतदाताओं व लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र में गत पांच बर्षों में विकास की गंगा बही है । क्षेत्र में बिकास कार्य में किसी प्रकार की कोई कमी नही रहेगी ।जनता ने उनकी सेवा भावना को देखते हुए दुबारा से विधायक बनाकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व तथा सेवा करने का जो मौका मुझे दुबारा से दिया है उसमें किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा ।

---

डीएमएफटी के तहत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल

# सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी विशेष सुविधा

*इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बच्च्चों को उपलब्ध कराई जाएगी कोचिंग*



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के मार्गदर्शन में नई पहल 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' की शुरूआत की गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि हर बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा मिले बल्कि वह अपने करियर के सही मार्ग को पहचान सके और अपने सपनों को साकार करने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करें। संपूर्ण शिक्षा कवच के तहत हम बच्चों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास दोनों में सुविधा पहुंचाएंगे ताकि वे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो। सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत छात्रों को न केवल विषयों से संबंधित सहायता मिलेगी बल्कि करियर काउंसलिंग राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उनके व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी स्कूल के बच्चों को नई संभावनाओं से परिचित कराया जाएगा और उन्हें उनकी रुचि और क्षमताओं के आधार पर सही दिशा में आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान की जाएंगी। 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' परियोजना के तहत शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा एवं शैक्षणिक संस्था फिलो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

---

# भाजपा जिला महामंत्री ने प्रशासन से खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की

❑ विभिन्न स्थलों पर गलत रुप से दुकान लगाकर आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ा विरोध प्रकट करते हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धार्मिक स्थल और महापुरुषों के स्मृति स्थान के समीप में खुले में मांस बेचने पर कड़ा विरोध प्रकट किया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी ने इसपर जिला प्रशासन से त्वरित निदान की मांग की है। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह चौक के साथ नईसराय में बिक रहे हैं। उस पावन स्थल के समीप रोड पर गलत रुप से अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर खुलेआम मांस को बगैर कपडे से ढकें या अन्य जरुरी नियमों को दरकिनार कर आस्था को चुनौती देना और मांस को सामने लटकाकर बेचा जाना अमानवीय है। भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि हम सभी लोग जिला में विभिन्न स्थलों पर गलत रुप से दुकान लगाकर आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ा विरोध प्रकट करते हैं तथा जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एंव अनुमंडल पदाधिकारी से इसको संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई करते हुए ऐसे अस्थायी दुकानों को उचित स्थान पर स्थानांतरित करने की अपील करते हैं।

---

## न्यूज | बॉक्स

### मॉडल स्कूल बंडासिंगा में छात्रावास के लिए भवन का विधायक ने किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत स्थित मॉडल स्कूल बंडासिंगा में विधायक अमित कुमार यादव ने छात्रावास के लिए भवन का शिलान्यास नारियल फोड़ कर तथा पुजारी द्वारा विधिवत पूजा पाठ करवाकर किया। विदित हो कि भवन का निर्माण मां कंस्ट्रक्शन कंपनी हजारीबाग के संवेदक विकास कुमार एवं प्रकाश यादव के द्वारा किया जा रहा है जिसमें दो करोड़ 20 लाख की लागत से छात्रावास का निर्माण होगा ।शिलान्यास के दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि अब विकास कार्यों को गति दी जाएगी और जहां भी अधूरे कार्य रह गए हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने संवेदक से कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,अनिल आजाद,सुरेन्द्र साव, रघुवीर महतो, राजकुमार यादव, विजय यादव, सन्नी कुमार, शंकर नायक, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ के निर्देश पर 14 दिसम्बर को स्वास्थ्य विभाग रामगढ़ द्वारा स्वास्थ्य सिविर व्यवहार न्यायलय रामगढ़ में आयोजित किया गया जिसमें कुल 145 मरीजों को निःशुक्ल स्वास्थ्य सेवा दिया गया। जिसमें मधुमेय, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल एनेमिया, बलगम (टीबी) इत्यादि का निःशुक्ल जांच की गयी। साथ ही सभी मरीजों को चिकित्सकों द्वारा सलाह के अनुसार निःशुक्ल दवा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान डॉ० मयंक, डॉ० सुरज गुप्ता, डॉ० दिप्ती नरायण रानी, आलोक कुमार (पीएचएम) प्रिया कुमारी, (जीएनएम), राजलक्ष्मी कुमारी, (जीएनएम), श्री अनुप कुमार, (फार्मास्टि), अमर कुमार (एलटी), रंजीत कुमार बेदिया, (कम्प्यूटर ऑपरेटर रीना कुमारी (एएनएम), दूसुमनी कुमारी (एएनएम ), दीपीका कुमारी (बीटीटी) एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### विद्यालय के बच्चों को दे बेसिक शिक्षा : बीडीओ



**कटकमदाग।** हजारीबाग कटकमदाग प्रखंड के अडरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टंडा सलगा का कटकमदाग बीडीओ शिव बालक प्रसाद ने विगत शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरहोर परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। टंडा स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सलगा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कई सवाल कर नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को मनोरंजनात्मक बेसिक शिक्षा पर विशेष जोर देने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन किया। कहा कि विद्यालय में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए। साथ ही विद्यालय के बच्चों को एमडीएम भोजन गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुरूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने टंडा में निमार्णाधीन आवास का भी जायजा लिया। लाभुकों को समय से आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। मौके पर पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, ग्राम रोजगार सेवक राजीव कुमार शर्मा व स्वयंसेवक अजय कुमार उपस्थित थे।

---

# विस्थापन, नियोजन नीति और भ्रष्टाचार को लेकर 7 जनवरी से होगा आन्दोलन : भुवनेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड में फिर से एक बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है जिसके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बनाए गए हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आम जनता खासकर मूलवासी और आदिवासियों को काफी उम्मीद है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उक्त बातें शनिवार को सीपीआई कार्यालय में सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों से मुखातिब होकर कही। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन हुए पूरे 24 वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक ना तो विस्थापन नीति बनी और ना ही नियोजन नीति सरकार अभी तक बना पाई है।आदिवासी मूल वासियों को उनका अधिकार दिलाने का वादा भी फेल हो चुका है। भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर अभी तक मुख्यमंत्री कोई कठोर कार्रवाई नहीं उठा पाए हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग चतरा सहित राज्य के अन्य जिलों में जमीनों की लूट मची हुई है उन्होंने कहा कि विस्थापन, नियोजन नीति और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सीपीआई और खतियानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 7 जनवरी 2025 से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत आगामी 7 जनवरी 2025 को सदर प्रखंड में एक महा रैली के साथ करेंगे।

---

ग्रामीणों ने विधायक को दी विभिन्न समस्याओं की जानकारी

# समस्याओं का निदान हमारी पहली प्राथमिता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनता जनार्दन के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निवारण किया। इस जनसुनवाई में क्षेत्र के विभिन्न कोनों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। इन समस्याओं में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल थीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं सदैव अपने क्षेत्र की जनता के साथ खड़ा हूं। आपकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना मेरा पहला कर्तव्य है। सदर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाना मेरी प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव था, उनके लिए विधायक ने मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए। विशेष रूप से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। बड़ी संख्या में लोग विधायक से मिलने पहुंचे। उपस्थित नागरिकों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि उनकी तत्परता और सक्रियता के कारण क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है। इस दौरान विधायक श्री प्रसाद ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की।

---

उदय साव की श्रद्धांजलि सभा में विधायक ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, कहा

# दोषियों को जल्द सजा दिलाने का रहेगा हमारा प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

कटकमदाग क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता उदय साव, जिनकी हाल ही में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, उनकी स्मृति में शनिवार को उनके निवास स्थान पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भाग लेकर स्वर्गीय उदय साव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ने स्वर्गीय साव के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा स्वर्गीय उदय साव का जाना हमारे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, बल्कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए संघर्षरत एक प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनकी हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी त्रासदी है। मैं इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़ा हूं और उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मैंने प्रशासन से इस घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उदय साव जैसे व्यक्तित्व विरले ही होते हैं। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव कदम उठाऊंगा। इस श्रद्धांजलि सभा में उनकी स्मृति को नमन करते हुए मैं समाज के हर नागरिक से अपील करता हूं कि वे न्याय और शांति के लिए एकजुट हों और उदय साव के आदर्शों को आगे बढ़ाएं। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और उदय साव के सैकड़ों शुभचिंतकों ने भाग लिया। सभी ने उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

---

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नवनिर्वाचित विधायकों का 16 को आयोजित करेगा भव्य सम्मान समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आगामी 16 दिसंबर को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने वाले प्रतिनिधियों को उनकी समाजसेवा और जनहितकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में सदर विधानसभा से प्रदीप प्रसाद,मांडू से तिवारी महतो ,बड़कागांव से रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा से अमित यादव,और बरही से मनोज कुमार यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इन जनप्रतिनिधियों ने जनता के बीच अपना मजबूत विश्वास स्थापित किया है और उनके अथक प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। फेडरेशन का यह सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले नेताओं को प्रोत्साहन देने और उनके कार्यों को सराहने का एक प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की यह समारोह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज के विकास में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है।

---

बहुरेंगे अनुमंडलीय अस्पताल के दिन, वर्षों से निष्क्रिय एमएमएस कमिटी हुई सक्रिय

# पुरानी व जर्जर मशीनें बदली जाएंगी जांच व्यवस्था होगी दुरुस्त : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

वर्षों से निष्क्रिय पड़े अस्पताल प्रबंधन समिति एक बार पुनः सक्रिय हुआ है. शनिवार को एचएमएस समिति के अध्यक्ष बीडीओ जयपाल महतो की अगुवाई में अस्पताल का जायजा लिया. इस दौरान डीएस प्रकाश ज्ञानी, एचएमएमएस कमिटी सदस्य सुरेंद्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी आदि शामिल थे. समिति के अध्यक्ष बीडीओ ने बताया कि समिति के सदस्यो ने अस्पताल के विभिन्न विभाग, वार्ड इत्यादि का भ्रमण कर मरीजों से भी बात किया. अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुराने व खराब पड़े एक्सरे मशीन, जांच मशीन और स्वच्छ पेय जल के लिए लगाये गए आरओ को बदला जाएगा. चिकित्सको के रोस्टर को सार्वजनिक रूप से डिस्प्ले किए जायेंगे. अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर को सर्वसुलभ और आधुनिकीकरण करने के काम किए जायेंगे. इस दौरान डीएस डॉ ज्ञानी ने अस्पताल में सर्जना व एनस्थिशीया चिकत्सक आदि सहित विभिन्न कमियों की जानकारी दी. भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले कई वर्षो से एमएमएस सनिति लगभग निष्क्रिय था, अब सक्रिय हो चुका है. अस्पताल में चिकत्सक व अन्य कमियों की जानकारी सांसद व विधायक को दी जायेगी. जिसे हर संभव दूर करने के प्रयास किए जायेंगे. एमएमएस कमिटी के सदस्य श्री रजक ने बताया कि अस्पताल में हर संभव व्यवस्था की जाएगी जिससे कम से कम मरीज को रेफर किया जा सके. अस्पताल में दो चिकित्सक के अलावा अन्य सभी चिकत्सक और कर्मी पर्याप्त हैं. मौके पर बीपीएम नारायण राम आदि भी मौजूद थे.

---

# शिक्षक व अभिभावक की बैठक में शिक्षा के अलावा कई मुद्दों पर की गई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शिक्षा के अलावा कई मुद्दों की की गई चर्चा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रशासक डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य एक स्वस्थ्य संवाद स्थापित करना, छात्रों की शिक्षा को अग्रसर करना, व्यवहार एवं अनुशासन, उपस्थिति एवं समय प्रबंधन, भविष्य की योजनाएं एवं मार्गदर्शन इत्यादि रहे। बैठक के दौरान अभिभावकों में मो. सीन रजा (अभिभावक प्रतिनिधि), प्रेमनाथ कुमार, विरेन्द्र कुमार, खुदीराम महतो, प्रकाश प्रभाकर, जगदीश महतो, सनन अहमद, लोकेश्वर महतो, राधा देवी, मिनी देवी अड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम की देख-रेख एवं संचालन सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो ने किया। मौके पर शिक्षक में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी, सतीश कुमार बिन्द आदि उपस्थित थे।

---

ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड नर्सिंग, में स्वागत कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों का सहयोग हमें उनके सपनों को साकार करने में मदद करता है : निदेशक

*हमारी संस्थान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा तत्पर है। विद्यार्थियों का सहयोग हमें उनके सपनों को साकार करने में मदद करता है*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड नर्सिंग में पैरामेडिकल और नर्सिंग के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार, निदेशक शंभू कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार, एवं विभागाध्यक्ष अनीता कुमारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, हजारीबाग जैसे शहर में इस महाविद्यालय के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। हमारे ऊर्जावान शिक्षकों का सदा मार्गदर्शन विद्यार्थियों के साथ रहेगा। निदेशक शंभू कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, हमारी संस्थान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा तत्पर है। विद्यार्थियों का सहयोग हमें उनके सपनों को साकार करने में मदद करता है।कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। मंच संचालन सलमान खान, शुभम सौरव और हबीबा ने बेहतरीन ढंग से किया। आयोजन को सफल बनाने में रघुवीर कुमार, जावेद, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी और आदित्य कुमार सहित सभी पैरामेडिकल और नर्सिंग के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण शामिल हुए, जिनमें नीतू सिन्हा, पूजा कुमारी, पूजा गुप्ता, रंजीत कुमार, गुंजन प्रसाद, और सुमंतो प्रसाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सिमडेगा व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

# 16795 मामलों का निष्पादन कर 1,36,95,497 रुपए की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,डीसी अजय कुमार सिंह,एसपी सौरभ,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मिश्रा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया गया। मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार द्वारा कुल सात बेंच गठित किए गए थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन के लिए कुल 16862 मामले रखे गए थे। जिसमें कुल 16795 मामलों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया गया। साथ ही एक करोड़ 36 लाख 95 हजार 497 रुपए की वसूली के लिए समझौता हुआ। निष्पादित हुए मामलों में प्री लिटिगेशन से जुड़े मामलों की संख्या 16676 और लंबित मामलों की संख्या 119 है। मामलों के निष्पादन के लिए गठित पहले बेंच में एडीजे नरंजन सिंह,डिप्टी एलएडीसी ब्रिखभान अग्रवाल, अधिवक्ता कैलाश प्रसाद,दूसरे बेंच में सीजेएम मनीष कुमार, अधिवक्ता प्रद्युम्न सिंह, नारायण बंसल, तीसरे बेंच में एसडीजेएम सुमी बीना होरो,अधिवक्ता सुरेश प्रसाद,अनुपा खलखो,चौथे बेंच में जेएम प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, अधिवक्ता जगदीश्वर साहू, सुकोमल,पांचवें बेंच में कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी,सदर सीओ इम्तियाज अहमद,अधिवक्ता संत प्रसाद सिंह,छठे बेंच में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव,सदस्य लक्ष्मीकांत प्रसाद और अधिवक्ता कोमल दास और सातवें बेंच में उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार को शामिल किया गया था।




## न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹2300 प्रति क्विंटल और 100 रुपए बोनस का भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में आज से लैंप्सों के माध्यम से किसानों के धान खरीदे जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली गई है। धान अधिप्राप्ति केंद्रों व राइस मिलरों का चयन, केंद्रों में आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, मानव बलों की प्रतिनियुक्ति का कार्य किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किए जाने वाले धान के लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल एवं बोनस 100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। साथ ही, किसानों की सहूलियत को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंप्स के साथ टैग और धान की बिक्री के बाद किसानों को 50 फीसदी राशि का भुगतान तत्काल ही उनके संबंधित बैंक खाते में कर दिया जाएगा।उपायुक्त ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि लैंप्स में धान बेचे किसान। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न माध्यमों से कतिपय किसानों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने पौने दाम पर धान बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही है। इसे लेकर डीएसओ, डीएओ, डीसीओ, बीसीओ, बीएसओ, बीसीओ, कृषक मित्र एवं जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को किसानों के आज से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति, राज्य सरकार द्वारा घोषित निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर जागरूकता लाने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि, किसानों के बीच प्रचार-प्रसार करके यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिले के किसान अपना धान बिचौलियों को बिल्कुल भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर धान की बिक्री नहीं करें।एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने बताया कि जिले में सभी प्रखंडवार अबतक 23 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बीडीओ, अंचलाधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी लैंप्स को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में धान अधिप्राप्ति के चल रहे कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। किसानों को लैंप्स में धान देने हेतु जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक धान की अधिप्राप्ति हो सके।साथ ही उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अन्तर्गत दिनांक 15 दिसंबर 2024 को धान खरीदारी का कार्य कुरडेग लैम्पस लिमिटेड, बिरू लैम्पस लिमिटेड सिमडेगा तथा कोलेबिरा लैम्पस लिमिटेड कोलेबिरा में प्रारंभ किया जायेगा।



## स्कूल में विदाई समारोह आयोजित कर शिक्षिका को दी गई विदाई

**सिमडेगा।** राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोकबहार सिमडेगा में शनिवार को सहायक शिक्षिका हेमा मिश्रा का विदाई किया गया।इस भावपूर्ण माहौल में सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्रों के आंखों में आंसू थे। इस विदाई में सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा स्वागत किया गया ।उसके बाद बच्चों और शिक्षकों के द्वारा शॉल ,बुके और उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने इनके कार्यकलाप की सराहना की और उज्जवल भविष्य की कामना की। हेमा मिश्रा का रांची जिला में स्थानांतरण हुआ है।अंत में शिक्षिका हेमा मिश्रा ने विद्यालय के सभी शिक्षको और छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया गया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवा कार्यक्रम के नगर भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन जिला खेल शाखा सिमडेगा, नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, सिमडेगा द्वारा संयुक्त रूप से नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, नेहरू युवा केंद्र पदाधिकारी रोशन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।इस दौरान उपायुक्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव विशेष रूप से युवाओं और बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें 2047 के विकसित भारत की कल्पना के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने छात्र छात्राओं व युवाओं से विकसित भारत का भागीदार बनने की बात कहीं। उन्होंने ने कहा कि आज का यह जो कार्यक्रम एक सीढ़ी है जिस सीढ़ी से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और अपनी प्रतिभा का लोहा दिखा सकते है। भारत में 143 एवं 144 करोड़ की आबादी उसमें जो युवा है 14 से 25 वर्ष तक युवक युवतियां है इसकी 28 फीसदी संख्या युवा है। जनसंख्या का जो लाभांश है आप लोग से आप युवा वर्ग से देश को मिलता है। युवा उत्सव के संबंध में जिला युवा पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम विजेता प्रमंडल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को तत्पश्चात 11 और 12 जनवरी 2025 को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का मौका मिलेगा।



## अवैध महुआ शराब के खिलाफ छपामारी अभियान

**बानो।** बानो प्रखंड के पाड़ो सोदे घाट मे पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ छपामारी अभियान चलाया गया। इस दौराण दस केजी महुआ जावा जब्त करते हुए नष्ट किया गया। एएसआइ सत्यनारायण कुमार के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया इस दौरान उन्होंने शराब विक्रेताओं को कड़ी फटकार लगाई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि आने वाला त्यौहार शांति पूर्वक हो इसके लिये अबैध शराब के विरुद्ध बानो थाना क्षेत्र के पाड़ो नौमिल ,पाड़ो सोदे घाट आदि जगहों पर अबैध महुआ शराब की बिक्री की सूचना ग्रामीणों ने दी थी । जिसके तहत अभियान चलाया गया।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने सहयोग किया।

## डीसी ने निर्माणाधीन इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शनिवार को नव निर्मित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जिला भवन निर्माण पदाधिकारी श्री अमृत मिंज एवं जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार को गैलरी निर्माण कार्यों को जनवरी माह तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ चारदीवारी निर्माण कार्य को भी ससमय पूर्ण कराने की बात कहीं।

## जूनियर कैंब्रिज स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन शनिवार को हुआ । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल की भावना, शारीरिक फिटनेस और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना था। खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार की रोचक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, बिस्किट रेस, बाधा दौड़, बैलून रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, बैलेंसिंग गेम और हाथ व शरीर के समन्वय बनाने वाले खेल मुख्य आकर्षण रहे। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में बच्चों की रचनात्मकता और सामर्थ्य को सामने लाने का अनूठा अवसर मिला।विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को उत्साह को बनाए रखने और खेल महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बानो प्रखंड कार्यालय में योजनाओं का बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की अध्यक्षता विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना का समीक्षा बैठक किया गया ।बैठक में अबुआ आवास में वित्तीय वर्ष 24 -25 के लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 24- 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पुराने सभी आवास को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया । जो लोग पैसा लेकर अभी तक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं उन्हें नोटिस निर्गत करने और जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया !मनरेगा मे लेबर बढ़ाने का निर्देश दिया गया और पुरानी योजनाओं को कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया ।साथ ही प्रति ग्राम 5-5 योजना चलने का निर्देश दिया गया !बैठक मे बी पीओ चारु प्रसाद ,,आसुतोष कुमार,लक्ष्मी नारायण बड़ाईक ,अजय कुमार सिंह प्रखंड समन्वयक, जेई, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे ।

## सिमडेगा में 15 नए लीगल एंड सर्विस क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में वर्ष 2024 का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उदघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुरजीत प्रसाद ने किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग भी की। साथ ही न्यायमूर्ति ने जिले के 15 पंचायतों में 15 नए लीगल सर्विस क्लिनिक का उद्घाटन और 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच अभियान का शुभारंभ ऑनलाइन किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति ने राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के उद्देश्यों के बारे जानकारी देते हुए इसका समुचित लाभ लोगों को देने की बात कही। न्यायमूर्ति ने 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के बारे कहा कि इस दौरान क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करें और प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता लोगों को हासिल करने के लिए प्रेरित करें।

### एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

## क्रिसमस गैदरिंग एवं नए वर्ष पर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी कार्यालय सभागार में एसपी सौरव की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया अपराध गोष्ठी में एसपी सौरभ ने विगत महीने दिए गए टास्क के अनुरूप अब तक किए गए कार्यों की सभी थाना प्रभारी से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से थानावार समीक्षा करते हुए लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान लगातार जारी रखें, सड़क सुरक्षा नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई करें जिससे कि हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। वही उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार क्षेत्र में कार्यक्रम एवं लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करते रहने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि आगामी क्रिसमस पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है पर त्यौहार के दौरान किसी प्रकार का माहौल खराब ना हो इसको ध्यान में रखते हुए सभी थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही साथ क्रिसमस गैदरिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो इसको लेकर पुलिस सभी जगह पर पैनी नजर बनाए हुए हैं ।उन्होंने बताया नव वर्ष के आगमन के साथ ही सैलानी पिकनिक के लिए अपने परिजन एवं दोस्तों के साथ अलग-अलग पिकनिक स्पॉट पर जाते हैं ,जहां पर किसी प्रकार की कोई भी हादसा ना हो इसको देखते हुए पिकनिक स्पॉट एवं अन्य जगहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, जिससे कि सैलानियों को किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो और लोग नए वर्ष का शांतिपूर्ण तरीके से जश्न मना सके। बैठक में इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ,सभी अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## न्यूज बॉक्स

### शिशु वाटिका मे चलेगी नव नामांकित बच्चो की चार महीने निशुल्क कक्षा

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में नामांकन प्रारंभ हो चुका है । शिशु वाटिका अर्थात कक्षा अरुण, उदय , प्रभात और कक्षा प्रथम में प्रारंभ हो चुका है निःशुल्क नामांकन । प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि शिशु वाटिका में नामांकन ले रहे हैं बच्चो का निःशुल्क नामांकन होगा तथा उनके दिसंबर, जनवरी , फरवरी और मार्च का मासिक शुल्क देय नहीं होगा । यह चार महीने बच्चे विद्यालय आएंगे और निःशुल्क शिक्षा का लाभ ले सकेंगे । उन्होंने बताया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का अंतरिम उद्देश्य गुरुकुल परंपराओं द्वारा ऐसे बच्चों का निर्माण करना है, जिनके चेहरे पर आभा, शरीर में बल, मन में प्रचंड इच्छाशक्ति, बुद्धि से पांडित्य, ध्रुव और प्रह्लाद की जीवन गाथाएं प्रवाहित हों।

### विद्यालय प्रबंधन समिति ने पाकरबहार में दो शिक्षकों की उठाई मांग

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाकरबहार में दो शिक्षक प्रतिनियुक्त करने की मांग ज़िला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा से किया गया। इस संबंध में विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष अंजू खलखो ने बताया कि राजकीय कृत मध्य विद्यालय पाकरबहार में वर्ग नर्सरी से आठवी कक्षा तक है । जिसमें बच्चों की कुल संख्या 233 एवं चार शिक्षक कार्यरत है जिससे पढ़ाई में कमी हो रही है । पढ़ाई अच्छी हो इसका ख्याल रखते हुए अभिभावकों की बैठक शिक्षक की मांग की प्रस्ताव को पास करते हुए । एक आवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा को देकर तत्काल विद्यालय में दो शिक्षक प्रतिनियुक्ति करने की मांग किया गया है जिसका प्रतिलिपि उपायुक्त सिमडेगा को भी दिया गया है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोग हुए घायल

**बानो।** लचरागढ़ बजार टांड के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दो युवक घायल हो गए ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसाय जानकारी के अनुसार कृष्ण सिंह और रोहन गोप लचरागढ़ बाजार से अपने घर प्रिंस चौक और जा रहे थे इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसे दोनों घायल हो गए घटना की जानकारी होने पर दोनों घायलों को स्थानीय चिकित्सकों के पास इलाज हेतु ले जाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीओ ने प्रज्ञा केंद्र के संचालकों की बैठक में कहा प्रमाण पत्र बनाने में अधिक पैसे लेने पर होगी कारवाई

**जलडेगा।** अंचल अधिकारी शंभू राम ने शनिवार को अंचल कार्यालय में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान सीओ ने आय, जाति, आवासीय एवं जमीन संबंधित ऑनलाइन आवेदन में हो रही त्रुटि को लेकर संचालकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि आवेदक द्वारा दी जा रही दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय हो साथ ही आवेदन में आवेदक का स्व हस्ताक्षर अवश्य रहें। स्थानीय जाति प्रमाण पत्र में वर्तमान का अद्यतन लगान रशीद और खतियान संलग्न करें। बैठक में सीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को अपने - अपने पंचायत में ही बैठने का निर्देश दिया और कहा निरीक्षण के क्रम में यदि प्रज्ञा केंद्र बंद पाया जाएगा तो लाइसेंस रद्द करने की कारवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को केंद्र के बाहर एक सप्ताह के अंदर दर तालिका लगाने को कहा साथ ही कहा कि प्रमाण पत्र बनाने में सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक पैसे लेने की शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कारवाई की जाएगी।

### सीसीवाईए के बैनर तले अल्बर्ट स्टेडियम में भव्य क्रिसमस मेला, गैदरिंग तैयारी जारी 17 को होगी शुरुआत

**सिमडेगा।** सीसीवाईए के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृहद रूप से क्रिसमस सह मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। एवं संयुक्त रूप से क्रिसमस कार्निवाल कमिटी भी क्रिसमस शोभा यात्रा को एक साथ मिलकर बहुत ही भव्य रूप से पूरे शहर में कार्निवाल निकलेगी। क्रिसमस गैदरिंग की तिथि 17 से 19 दिसम्बर को रखी गई है ।जिसमे प्रत्येक दिन अलग अलग मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ किया जाएगा। एवं 17 को ही सुबह 11 बजे क्रिसमस शोभायात्रा यात्रा का ब्लेसिंग मुख्य अतिथि फादर किशोर एक्का द्वारा होने के बाद हजारो की संख्या में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका मुख्य आकर्षण लाइव कैरोल, लाइव चरनी झांकी होगी बताया गया यह शोभायात्रा झूलन सिंह चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप से वापस स्टेडियम लौट जाएगी। फिर 3:30 बजे सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष विसेंट बरवा के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग सह मेला महोत्सव एवं चरनी की आशीष के बाद शुरू होगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक विक्सल कोंगाड़ी व विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आजाद हिंद क्लब कमेटी के तत्वावधान में स्वर्गीय पत्रकार आमिर हाशमी स्मृति 2024 नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य रुप में उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सुल कोंगाड़ी, डीडीसी संदीप दोराईबुरु, एसडीओ अनुराग लकड़ा, डीएसपी रणवीर सिंह, बीडीओ समीर रौनियार, सीओ इम्तियाज अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अख्तर,सेंट्रल अंजुमन के सदर ग्यास अहमद ने किया ने संयुक्ता रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर दोनों विधायकों ने बोलिंग और बैटिंग भी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में ए फैशन खैरनटोली ने गरीब नवाज को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जिले में खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के युवा खिलाड़ी हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स खेल में तो अपनी दमदार प्रदर्शन से अपनी धाकड़ छाप छोड़ चुके हैं। उन्होंन कहा कि सिमडेगा जिले के खिलाड़ी हर खेल में देश को मेडल दिला सकते हैं। अब क्रिकेट खिलाड़ियों की बारी है।मौके पर मंच संचालन दीपक रिंकू ने किया। मौके पर विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन से जिले में क्रिकेट खेल की लोकप्रियता बढ़ी है। उन्हों ने कहा कि मईया सम्मान के साथ साथ खिलाड़ियों को भी सम्मान देने का काम किया जाएगा। मौके पर सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, मो गयासुद्दीन आदि उपस्थित थे।




### पहले दिन खेले गए कुल तीन मैच

प्रतियोगिता के पहले दिन कुल तीन मैच खेला गया। उद्घाटन मैच गरीब नवाज बनाम ए फैशन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए गरीब नवाज की टीम निर्धारित 6 ओवर में 41 रन मारा। जवाबी पारी खेलते हुए ए फैशन खैरनटोली की टीम 5.3 ओवर में लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ए फैशन के दीपू को दिया गया। इसके बाद के मैच में गुमला की टीम ने जिशान 11 को 10 रन से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच गुमला के राहुल को दिया गया। वहीं अन्य मैच ए फैशन ने गुमला को 4 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच ए फैशन के बाबू को दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हरिश, उमराज,बासित,शाद, दानिश,अप्पू,मुजस्सम,सदाब,सैफ, वसी,उज्जैर,मंजूर,जैद,फरहान, उमम, मामून,अफजाल,नजीब,सुहैल, दिलशाद आदि का योगदान रहा।

## विधायक ने विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निकाली आभार यात्रा

**बोलबा/ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने शनिवार को विधानसभा चुनाव में हुए जीत की खुशी में ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी कोंनमेंजरा, रेंगारीह होते हुए बोलबा प्रखंड के तालमंगा ,अवगा पीढ़ीयापोछ, समसेरा में आभार यात्रा निकाल कर उन्होंने जनता के प्रति आभार जताया। क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही जनता ने उन्हें माला पहनकर स्वागत किया इस मौके पर विधायक ने कहा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में गत पांच वर्षों में विकास की गंगा बही है विधानसभा में विकास कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। जनता ने हमारी सेवा भावना को देखते हुए दोबारा से विधायक बनाकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व तथा सेवा करने का जो मौका हमको दोबारा से दिया है उसमें किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि यह जीत कोलेबिरा विधानसभा के विकास की जीत है। इस जीत का पुरा श्रेय क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है।विधायक ने कहा कि ऊंच-नीच, गरीबी-अमीरी के भेदभाव से ऊपर उठकर जनता की सेवा करेंगे। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## सिमडेगा प्रखंड की अध्यक्षता में पंचायत सदस्यों के साथ हुई बैठक



**अधिक से अधिक किसानों को धान लैम्पस में बेचने के लिए करें प्रेरित : सुशीला देवी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत स्तर पर चलने वाली सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजना, 15वें वित्त आयोग, मनरेगा ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अलग-अलग प्रकार की योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को पंचायत समिति सदस्य निगरानी के साथ धरातल पर अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में उतारने का प्रयास करें जिससे की जनता को इसका लाभ मिले। मौके पर उन्होंने कहा की 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति जिले के सभी लैम्पस में शुरू हो रहा है। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत आने वाले सभी लैंपस में इसकी तैयारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2300 तथा 100 बोनस के रूप में कुल 2400 है निर्धारित किया गया है इसलिए किसानों को बिचौलियों से न बेचकर उन्हें लैंपस में अपनी धान बेचने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके अलावा रबी फसल के अंतर्गत कृषि विभाग की ओर से किसानों को दिए जा रहे हैं बीज वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को बीच का अनुदानित दर पर वितरण करने का निर्देश दिया ताकि सिमडेगा में रबी फसल को बढ़ावा दिया जा सके। इस मौके पर उप प्रमुख सिलवेस्तर बाघवार, सहित 12 पंचायत के पंचायत समिति सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।




# बर्थडे पार्टी के नाम पर युवती के साथ गैंगरेप

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में एक अत्यंत ही शर्मनाक घटना घटी है जहां एक युवती के साथ कुछ युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। जहां बर्थडे पार्टी के नाम पर ले जाकर 4 युवको के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले दो पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

## किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती है युवती

मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर में किराए के मकान में रहकर एक स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। 10 दिसंबर को, स्कूल में पढ़ाई करते समय एक शिक्षक ने उसे बताया कि उसका कोई दोस्त मिलने आया है। युवती ने शिक्षक से छुट्टी मांगी और बाहर जाकर देखा तो उसके तीन दोस्त और एक सहेली एक काले रंग की स्कॉर्पियो में बैठे थे। उनमें से एक ने अपने जन्मदिन का बहाना बनाकर घूमने चलने के लिए कहा।घूमने के बहाने पार्टी के दौरान टोंगो के समीप युवक ने उसे शराब पिलाई और उसे लेकर गुमला चला गया। वहां ले जाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद, युवक ने युवती और उसकी सहेली को वापस छोड़ दिया। फिर जब युवती अपने घर वापस लौट रही थी, तब चैनपुर में एक नदी के समीप युवक के दो अन्य दोस्तों ने फिर से उसके साथ दुष्कर्म किया।

## मां के बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज

घटना के बाद जैसे-तैसे युवती अपने घर पहुंची। घर पहुंचने के बाद डर के मारे युवती ने इसकी जानकारी किसी को भी नहीं दी। अंत में कुछ अनहोनी होने के बात पूछने पर उसने पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। जिसके बाद युवती के मां ने थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## फरार चल रहे अन्य युवकों की तलाश जारी है

वहीं मामले में फरार चल रहे अन्य युवकों की तलाश जारी है। चैनपुर पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियो की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं घटना के बाद जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने घटना की जानकारी ली और स्कूल प्रशासन से अनुरोध किया है कि बच्चों को बिना अभिभावक की अनुमति के छुट्टी न दी जाए।

# विस चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को गुमला के एसपी शम्भू कुमार सिंह ने विधानसभा चुनाव 2024 में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह में एसपी ने दोनों अधिकारियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की।एसपी शम्भू कुमार सिंह ने कहा कि कुंदन चौधरी ने चुनावी प्रक्रिया को सुचारू, सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर कुंदन चौधरी ने अपने कार्य की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं, बल्कि पूरी पुलिस टीम के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि वे भविष्य में भी अपनी टीम के साथ मिलकर बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सम्मान ने पुलिस विभाग के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत किया है और अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना है।यह कदम चुनावी माहौल को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



# पूर्व बियाडाध्यक्ष से मिलने पहुंचे विधायक मथुरा महतो



**कतरास।** झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो शुक्रवार की देर संध्या रानी बाजार कतरास स्थित पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा के आवास पहुंचे।कुछ दिनों से श्री झा अस्वस्थ चल रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर टुंडी विधायक ने उनसे मिलकर कशलक्षेम जाना।श्री झा ने टुंडी विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया एवं विधानसभा चुनाव में शानदार जीत की बधाई दी।साथ ही राज्य की राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

## गुमला के चीतागुटू में ग्राम सभा ने लिया बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो प्रखंड के ग्राम पंचायत करौंदाजोर के चीतागुटू ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जगदीश मंडा ने की। इस बैठक में ग्रामीण, मुखिया, सहिया, वार्ड सदस्य, और लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के प्रतिनिधि संजीत कुमार राय एवं एलिस करुणा तोपनो भी उपस्थित थे। बैठक में बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, और बाल यौन शोषण को रोकने का निर्णय लिया गया। सभी उपस्थित सदस्यों के साथ चर्चा करके नियमावली तैयार की गई। ग्राम सभा ने यह भी निर्णय लिया कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा और सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जाएगा। इसके अलावा, गांव में किसी भी बालक से मजदूरी कराना निषेध होगा। उचित सहायता प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग से सभी बच्चों को जोड़ा जाएगा। गांव में किसी भी बालिका की शादी 18 वर्ष की आयु से पूर्व और बालक की शादी 21 वर्ष की आयु से पूर्व नहीं की जाएगी। साथ ही, यौन शोषण जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े उपाय किए जाएंगे। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान ने सभी नियमों को शक्ति के साथ लागू करने का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से सभी ग्रामीण परिवारों ने अनुमोदित किया।

## उपायुक्त ने किया +2 उच्च विद्यालय टोटो का किया निरीक्षण

# 10वीं और 12वीं के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का साप्ताहिक निरीक्षण किया। यह दौरा शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत किया गया, जो जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण प्रक्रिया, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर क्लास शामिल थीं। उन्होंने ई-विद्या वाहिनी और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का भी आकलन किया। उपायुक्त ने छात्रों से संवाद कर उन्हें बड़े सपने देखने और लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों के डाउट क्लास लिए और 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों की तैयारी का मूल्यांकन किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान करेगा।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीडब्लूएससी की बैठक सह कार्यशाला संपन्न, स्वच्छता पर जोर

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डीडब्लूएससी) की बैठक सह कार्यशाला आयोजित हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और 15वें वित्त आयोग के तहत क्रियान्वित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## स्वच्छता पर विशेष ध्यान

उपायुक्त ने कहा कि मिशन का उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाए रखना और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के स्तर को सुधारना है। इसके तहत ओडीएफ प्लस के सात घटकों जैसे गोबर-धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन, और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन पर जोर दिया गया।

## कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

बैठक में फेज 2 से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने पंचायत राज, मनरेगा, ग्रामीण विकास और नगर विकास विभाग के बीच आपसी समन्वय से कार्य करने और इन्हें जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

## सिंगल-यूज प्लास्टिक पर रोक और कचरा प्रबंधन पर चर्चा

उपायुक्त ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाने और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सेग्रेशन शेड के निर्माण में अब तक 150 के लक्ष्य में से 5 का निर्माण पूरा हो चुका है और 13 निमार्णाधीन हैं। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और पंचायत स्तर पर कचरा संग्रहण वाहन का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दो ट्रकों के बीच सीधी टक्कर में दो घायल

**बसिया(गुमला)।** रांची सिमडेगा पथ पर आज फिर से एक बड़ी दुर्घटना हो गई। बीच सड़क पर दो ट्रकों के बीच हुए इस टक्कर के कारण दोनों ट्रकों के चालक बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार के सुबह रांची के तरफ से आ रहे कोयला लदे एक ट्रक की सीधी टक्कर सामने से आ रहे एक दूसरे ट्रक के साथ हो गई।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय गुमला में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

# खालिद अध्यक्ष और फातमा उपाध्यक्ष चुने गए

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुकी राजकीयकृत मध्य विद्यालय गुमला के विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पर्यवेक्षक की भूमिका रश्मि कुमारी ने निभाई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीरू कुमारी ने प्रबंधन समिति के पुनर्गठन प्रक्रिया में सक्रिय योगदान दिया।



चुनाव प्रक्रिया के दौरान खालिद हुसैन को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि फातमा खातून उपाध्यक्ष बनीं। इसके अलावा समिति के अन्य सदस्य चुने गए। जिनमें रेखा देवी, शशि कुजूर, मोशाबा खातून, मुस्कान तबस्सुम, रेशमा खातून, रुकसाना परवीन, मो. कासीम, फारुख अंसारी, मो. अशरफ अंसारी और अनीता देवी शामिल हैं।

इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास ने सभा को संबोधित करते हुए विभागीय नियमों और प्रबंधन समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई समिति से विद्यालय के समग्र विकास, बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। पर्यवेक्षक रश्मि कुमारी ने समिति गठन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभा के अंत में नवचयनित अध्यक्ष खालिद हुसैन और उपाध्यक्ष फातमा खातून ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, ₹पिछले अध्यक्ष मो. इम्तियाज के कार्यकाल में विद्यालय के अनुशासन और व्यवस्था में जो सुधार लाए गए हैं, वे सराहनीय हैं।

# चैनपुर प्रखंड में बाइक दुर्घटना दो लोग गंभीर रूप से घायल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेग से चैनपुर की ओर आ रहे 18 वर्षीय अनीश कुमार की बाइक ने पीछे से 35 वर्षीय सुनीता एक्का को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों की हालत गंभीर हो गई है जिसे स्थानीय लोगों के मदद से उसे चैनपुर सामुदायिक स्वस्थ केन्द्र लाया गया जिसे प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है।घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़िता सुनीता एक्का ने बताया कि वे अपने पति संजय एक्का के पास खाना लेकर खेत जा रही थीं, तभी अचानक मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया।दुर्घटना के बाद अनीश कुमार को तुरंत सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है, जबकि सुनीता को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र चैनपुर में चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। वही घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी घटना स्थल पर पहुंची घटना की जानकारी ली।

## एनएच 23 पर स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर

### बाल-बाल बचा ड्राइवर





**गुमला।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के दुम्बो गांव के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भरनो के ललित उरांव मेमोरियल विद्यालय की स्कूल वैन को एक ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।,

वैन का चालक, कुसुम्बाहा निवासी मुकेश तिवारी, इस हादसे में बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैन स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर पहुंचाकर भरनो लौट रही थी। इस दौरान दुम्बो गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी, जिससे वैन सड़क के बीच बने डिवाइडर में फंस गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था। दुर्घटना के बाद ट्रक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भरनो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को खदेड़कर पकड़ लिया और उसे जब्त कर लिया। स्कूल संचालक बिनय केशरी ने कहा कि अगर वैन में बच्चे मौजूद होते, तो यह हादसा बहुत बड़ा हो सकता था। उन्होंने बताया कि वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-47/2024-25 (4th Call) दिनांक – 13.12.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.12.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.12.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.12.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Construction of Anganwadi Kendra Narma Panchayat- Narma Block- Bishunpur Dist.- Gumla | TSP Fund | 1108200.00 | 22200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2. | Construction of Anganwadi Kendra Parsapani Panchayat- Banari Block- Bishunpur Dist.- Gumla | TSP Fund | 1108200.00 | 22200.00 | 2500.00 | 06 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 342029 (Minor Irrigation)24-25*D



भू–अर्जन वाद संख्या–89/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–86/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–85/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–88/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–87/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–81/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–82/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–83/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–84/2022–23

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल–राहे, एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 अंचल–अनगड़ा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल–राहे एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.0386, 2.1124, 1.0194, 0.4895, 3.1919, 1.6739, 0.3701, 1.2558 एवं 1.4041 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–कोकरोडीह**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 102 | 160 | दोन तीन | 0.0852 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती कोकीला देवी पिता–बिनोद महतो |
| 2 | 4 | 161 | टांड़ तीन | 0.0635 | जगरनाथ सिंह पिता–जीतु सिंह |
| 3 | 102 | 165 | दोन तीन | 0.0857 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती कोकीला देवी पिता–बिनोद महतो |
| 4 | 102 | 166 | दोन तीन | 0.1145 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती कोकीला देवी पिता–बिनोद महतो |
| 5 | 103 | 167 | टांड़ दो | 0.0192 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता वो सिलेश्वर महतो पिता–माया महतो |
| 6 | 102 | 168 | दोन तीन | 0.0555 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती कोकीला देवी पिता–बिनोद महतो |
| 7 | 45 | 246 | टांड़ तीन | 0.0022 | प्राणकिष्टो बनर्जी, अविनाश बनर्जी, उमेश चन्द्र बनर्जी पिता–महेश बनर्जी वो सरसी कुमार बनर्जी, बसंत कुमार मुखर्जी, विश्वनाथ मुखर्जी, श्यामसुन्दर मुखर्जी, कुमुदरंजन मुखर्जी पिता–तेज चन्द्र मुखर्जी वो प्रबोध कुमार मुखर्जी पिता–तेज चन्द्र मुखर्जी वो निखीलेश कुमार मुखर्जी पिता–तेज चन्द्र मुखर्जी, राधानाथ मुखर्जी पिता–बंशीधर मुखर्जी |
| 8 | 26 | 247 | टांड़ तीन | 0.0092 | चामा धोबी पिता–मंगला धोबी |
| 9 | 26 | 250 | टांड़ तीन | 0.0068 | चामा धोबी पिता–मंगला धोबी |
| 10 | 31 | 251 | टांड़ तीन | 0.0020 | सुखदेव धोबी पिता–डोम धोबी |
| 11 | 66 | 253 | टांड़ तीन | 0.0032 | गोबरा धोबी, फगुवा धोबी, शनीचरवा धोबी, मुचीया धोबी, चुटुर धोबी पिता–कन्चन धोबी वो सुखदेव बैठा पिता–लालदेव बैठा |
| 12 | 101 | 254 | टांड़ तीन | 0.0019 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता |
| 13 | 8 | 265 | टांड़ तीन | 0.0038 | शेख हकीम पिता–शेख नसीरुद्दीन वो अमजद अली पिता–कुतुबुद्दीन अंसारी, राजदीप सिंह, संदीप सिंह पिता–देवव्रत सिंह |
| 14 | 5 | 270 | टांड़ तीन | 0.1418 | जगरनाथ सिंह वल्द पितु सिंह |
| 15 | 5 | 272 | टांड़ तीन | 0.0372 | जगरनाथ सिंह वल्द पितु सिंह, सीमा देवी पति–भीम रविदास |
| 16 | 46 | 273 | टांड़ दो | 0.0175 | पाण्डु महतो, दुर्योधन महतो पिता–जीतु महतो |
| 17 | 46 | 274 | टांड़ तीन | 0.0081 | पाण्डु महतो, दुर्योधन महतो पिता–जीतु महतो |
| 18 | 40 | 276 | टांड़ तीन | 0.0187 | ननकु धोबी पिता–शिबु धोबी, मोसमात तुलसी देवी पति–बुधुवा, जगारनाथ धोबी |
| 19 | 47 | 277 | टांड़ तीन | 0.0447 | शेख कुतुबुद्दीन पिता–शेख हाकिम |
| 20 | 47 | 278 | परती कदीम | 0.0250 | शेख कुतुबुद्दीन पिता–शेख हाकिम |
| 21 | 53 | 289 | टांड़ तीन | 0.0057 | मो० हनीफ पिता–शेख फते मुहम्मद वो नन्द किशोर मुण्डा पिता–जीतु मुण्डा वो नन्द किशोर प्रजापति पिता–जीतु प्रजापति |
| 22 | 101 | 290 | टांड़ तीन | 0.0033 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती सवोदना देवी |
| 23 | 40 | 291 | टांड़ तीन | 0.0355 | ननकु धोबी पिता–शिबु धोबी |
| 24 | 8 | 292 | टांड़ एक | 0.0228 | शेख हकीम पिता–शेख नसीरुद्दीन वो अमजद अली पिता–कुतुबुद्दीन अंसारी |
| 25 | 64 | 294 | टांड़ तीन | 0.0114 | असर कुमार दास पिता–दलगोविन्द दास |
| 26 | 45 | 296 | टांड़ दो | 0.0091 | प्राणकिष्टो बनर्जी, अविनाश बनर्जी, उमेश चन्द्र बनर्जी, श्री चतुर महतो, राजेन्द्र महतो, रतन महतो पिता–स्व० गैरमु महतो, श्री चतुरधन महतो, करतो महतो, रानुआ महतो, रतन महतो पिता–स्व० गैरमु महतो, मिटकु अहीर पिता–दुवारी अहीर |
| 27 | 45 | 297 | टांड़ तीन | 0.0435 | प्राणकिष्टो बनर्जी, अविनाश बनर्जी, उमेश चन्द्र बनर्जी पिता–महेश बनर्जी वो सरसी कुमार बनर्जी, चतुरधन महतो, करतो महतो, रानुआ महतो, रतन महतो पिता–स्व० गैरमु महतो, मिटकु अहीर पिता–दुवारी अहीर |
| 28 | 66 | 304 | दोन तीन | 0.0078 | चुटुर धोबी पिता–कन्चन धोबी वो सुखदेव बैठा पिता–लालदेव बैठा वो बरजुराम बैठा पिता–लीलु बैठा वो पुसु बैठा, बिरु बैठा पिता–स्व० फगुवा बैठा |
| 29 | 42 | 305 | परती कदीम | 0.0114 | जीतु भोगता पिता–बुधवा भोगता वो सरजुराम बैठा पिता–सील्ट बैठा वो बुधराम बैठा, यादव बैठा पिता–बिलु बैठा वो विद्याधर सिंह मुण्डा पिता–स्व० सुखराम मुण्डा |
| 30 | 16 | 306 | टांड़ तीन | 0.0157 | बंसीधर मुखर्जी पिता–गुहीरा मुखर्जी, बसन्त कुमार, तरणी कुमार पिता–गोलक बिहाई दास, अशोर कुमार देव शर्मा पिता–स्व० पंचान्न चटर्जी, मनसा महतो पिता–खुकु महतो, श्री मिटकु बैठा पिता–स्व० लीलु बैठा वो श्रीमती रुनीया देवी पति–श्री मिटकु बैठा |
| 31 | 7 | 325 | टांड़ एक | 0.0063 | मोसमात चरकी पति–करमा भोगता वो जीतुवा भोगता पिता–बन्धु भोगता, श्री पुना, जंगल भोगता पिता–परेश भोगता, श्री डोमन महतो पिता–स्व० बलीराम महतो |
| 32 | 7 | 326 | मकान 1 सहन 1 | 0.0115 | मोसमात चरकी पति–करमा भोगता वो जीतुवा भोगता पिता–बन्धु भोगता |
| 33 | 7 | 327 | मकान/सहन | 0.0020 | करम भोगता, जीतुवा भोगता पेशरान बन्धु भोगता |
| 34 | 7 | 328 | मकान 1 सहन 1 | 0.0040 | मोसमात चरकी पति–करमा भोगता वो जीतुवा भोगता पिता–बन्धु भोगता, श्री पुना, जंगल भोगता पिता–परेश भोगता, श्री डोमन महतो पिता–स्व० बलीराम महतो |
| 35 | 21 | 329 | मकान 1 सहन 1 | 0.0028 | श्रीमती यसोदा बाला जौजे रामदयाल भोगता |
| 36 | 21 | 330 | टांड़ एक | 0.0103 | गोबर्धन भोगता, लखन भोगता, रामकिष्टो भोगता पिता–स्व० डोमना भोगता वो श्रीमती यसोदा बाला जौजे रामदयाल भोगता वो सुश्री रामु प्रजापति, श्री नयन प्रजापति पिता–सुकरा प्रजापति |
| 37 | 21 | 331 | मकान 1 सहन 1 | 0.0068 | गोबर्धन भोगता, लखन भोगता, रामकिष्टो भोगता पिता–स्व० डोमना भोगता वो श्रीमती यसोदा बाला जौजे रामदयाल भोगता वो सुश्री रामु प्रजापति, श्री नयन प्रजापति पिता–सुकरा प्रजापति |
| 38 | 8 | 335 | दोन तीन | 0.0424 | शेख हकीम पिता–शेख नसीरुद्दीन वो अमजद अली पिता–कुतुबुद्दीन अंसारी वगैरह मो० माल्लुन अंसारी पिता–मो० शेख फजले, सुफल राम बैठा पिता–मनसा राम बैठा, दीनबन्धु राम बैठा पिता–मनसा राम बैठा, सुनील कुमार रजक पिता–सुशान्त बैठा, प्रकाश प्रजापति पिता–आनन्द प्रजापति, बंशीधर महतो पिता–भीखू महतो, फागु मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, ज्ञान महतो पिता–धन सिंह महतो, सुधा देवी पति–गणेश महतो, प्रभा देवी पति–महादेव महतो, रीसा मेहता पिता–धरमराज महतो, प्रसाद प्रजापति पिता–आनन्द प्रजापति |
| 39 | 78 | 346 | दोन तीन | 0.0067 | चैतन मुण्डा वगै० पिता–चमरु मुण्डा वगै० |
| 40 | 74 | 347 | दोन तीन | 0.0024 | जंगल, लखीया मुण्डा पिता–रईया मुण्डा |
| 41 | 74 | 349 | टांड़ तीन | 0.0024 | जंगल, लखीया मुण्डा पिता–रईया मुण्डा |
| 42 | 17 | 536 | दोन तीन | 0.0028 | जुगल महतो पिता–सुखराम महतो, मधु अहीर पिता–चरकु अहीर सनिका मुण्डा, सोनाराम मुण्डा पिता–सोमा मुण्डा वो भीम वो नथन महतो, मीठुन महतो पिता–रामु वो बैजनाथ महतो वो मोती महतो वगैरह पिता–रघु महतो वो बिरसाई वो लेंगा लोहार पिता–घासी लोहार, जोगाई अहीर पिता–चरकु अहीर, डोमन अहीर पिता–पचो महतो, हड़िया पाहन पिता–सनिका पाहन, दशमी देवी पति–मंगल महली, कुन्ती देवी पति–महिन्दर महतो, कोमा महतो पिता–हीरा महतो, रामसिंह महतो पिता–शीबू महतो, कुन्ती देवी पति–नगेन्दर महतो, धनेश्वर महली पिता–श्रीपदो महली, विनोती देवी पति–धनेश्र महली |
| 43 | 102 | 543 | दोन तीन | 0.0263 | माखन भोगता पिता–हरि भोगता, श्रीमती कोकीला देवी पिता–बिनोद महतो |
| | | | कुल | 1.0386 | |

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। अपर समाहर्त्ता, राँची। उपायुक्त, राँची।

PR 342035 Land Reforms(24-25).D

## अभी मेरी बुकिंग है



चारुमित्रा

हमें एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सी सी एल दरभंगा हाउस जाना था। हमने शाम चार बजे जाने के लिए कैब बुक किया क्योंकि हमें साढ़े पांच बजे तक सभागार में पहुंचना था। कैब हमारा समय से आ गया और हम पूरे परिवार के साथ उस कैब में बैठ गए। हमारा कैब कांके रोड पहुंचा ही था कि कैब वाले का मोबाइल फोन बजा। कैब वाले ने नंबर देखकर उसे काट दिया। मोबाइल फोन फिर बजा। इस बार नंबर देखकर वह गुस्से से लाल -पीला होने लगा। फोन उठाने के पहले वह खुद में बड़बड़ाने लगा जब मन किया फोन कर दिए जैसे मैं खाली बैठा हूं। उसने फोन काट दिया। फोन फिर बजने लगा। उसने अनमने भाव से फोन उठाया, प्रणाम पापा! अभी तुम कहां पर हो? वो पापा! बूटी मोड़ में! इतनी दूर हो? कैब वाले की बात सुनकर मैं डर गई। मैंने कहा! मुझे सी सी एल जाना है। उसने धीरे से कहा हां! हम आपके डेस्टिनेशन के करीब हैं। मैंने मन ही मन सोचा पिता से झूठ! उसने पिता से बात जारी रखी-पापा आपको क्या काम है? पापा ने कहा बेटा मुझे तुमसे एक बहुत जरूरी काम है। बेटा -कहिए! पापा-बेटा मेरा एक मित्र मुझे एयरपोर्ट पर मिलने के लिए बुलाया है। हमने बचपन साथ बिताया है। वह मेरा जिगरी यार है। मिलवा दोगे? बेटा-पापा! आप दूसरे कैब की व्यवस्था करके चले जाइए! अभी मेरी बुकिंग है। पापा-बुकिंग कैंसिल नहीं हो सकती? बेटा-नहीं! पिता-उदास मन से! ठीक है रखता हूं फोन! बेटे ने फोन काट दिया। कैब वाले का मोबाइल फोन फिर बजा। पहले तो झल्लाहट से फोन उठाया। फिर शांत हो मुस्कुराने लगा। फोन उठाकर वह लगातार उससे हंस-हंस कर बातें करने लगा। मैं तुमसे मिलने आ रहा हूं मेरे यार! उधर से एक आवाज आई। अभी तुम कैब चला रहे हो और तुम्हारी बुकिंग होगी। मेरी छह बजे की ट्रेन है। तो क्या हुआ,हम जरूर मिलेंगे पांच मिनट के लिए सही! तू मेरा जिगरी यार है। सुनो! अभी मैंने बुकिंग कैंसिल कर दी है।

## जग हँसाई



पुष्पा पाण्डेय

क्या हुआ? इतनी उदास क्यों बैठी हो?
पत्नी को गुमसुम बैठे देखकर भगत ने पूछा।
ये बड़े लोग भी न......
गरीबों की जैसे कोई इज्जत ही नहीं होती।
फिर कुछ कहा क्या तुम्हारी मेमसाहब ने?
किसी के सामने भी मुझपर बरस पड़ती है। उनके
तौर- तरीके मुझे क्या पता?
कहाँ चटनी रखनी है और कहाँ, पकौड़े?
लगता है मेमसाहब सबके सामने तेरी आरती उतारी है।
जानते हो, उसकी पड़ोसन बुधिया से कह रही थी कि रमिया
ठीक से काम नहीं करती है, तभी तो उसकी मेमसाहब रोज
उसको डाँटती रहती है। मेरी जग हसाई होती है।
अरे रमिया, यदि सोमारी को स्कूल नहीं भेजना होता तो मैं
कभी तुम्हें काम नहीं करने देता। पेट भरने के लिए मेरा
रिक्शा तो था ही। वो मेमसाहब पैसा भी तो ज्यादा देती है।

# यात्रा वृत्त : वशिष्ठ मुनि की आश्रयस्थली





अनिता रश्मि

अगले दिन खूब सवेरे हमारी गाड़ी मनाली से महज 3 कि. मी. दूर वशिष्ठ गाँव के एक आवास के पास पार्क हो रही थी। उतरने से पूर्व ही देखा, घर के सामने के पेड़ पर छोटे-छोटे तीखे लाल फल लटक रहे थे। अरे! यह क्या है?...ओह! चेरी...चेरी है यह। सच में बेहद आह्लादकारी था यह भी। बाजारों की बंदिशों से बाहर पेड़ों के ऊपर...गोल, ताजी चेरी! व्यास नदी के किनारे स्थित वशिष्ठ गाँव में वशिष्ठ मुनि की साधना स्थली से मिलने की उत्सुकता चरम पर। किंवदंती है-अपने बाल्यकाल में किए गए अपराधों से त्रस्त होकर ऋषि श्रेष्ठ वशिष्ठ व्यास सरिता में आत्महत्या करने पहुँच गए। लेकिन नदी ने उनका बलिदान लेने से इंकार कर दिया। तब वे यहीं रह तप-जप करने लगे थे। हम जैसे-जैसे पैदल आगे बढ़ रहे थे, स्थानीय महिलाएँ अपने खरगोशों को लेकर सामने आ-जा रही थीं। खरगोश गोद में देने की जिद यहाँ भी। अधिकांश ने पट्टू धारण किया था। सर पर पीछे की ओर बाँधी गई रंगीन फूलदार चुनरी। अगल-बगल में दुकानों में आधुनिक स्थानीय कपड़े, खिलौने, श्रृंगार सामग्री, पूजा के सामान सजाए लोग बड़ी हसरत से ताक रहे थे। पूरे बाजार में जगह-जगह भोजनालय अभी सज ही रहा था। लो, अचानक से एक गदाधारी सामने कूद आया। लाल भभूका! पूरी देह पर लाल रंग पोते, मुँह में वानरोंवाला मुखौटा लगाए, लंबी नकली पूँछ और लँगोटधारी सिंकिया नौजवान किसी भी तरह से हनुमान जी के आकार-प्रकार से मेल नहीं खा रहा था। बजरंग बली किसी भी तरह से उस बीमार से बहुरूपिया नौजवान में फिट नहीं बैठ रहे थे। फिर भी वह उछल-कूद मचाए हुए था। पीछा छुड़ाकर हम बढ़े आगे, वह दुकानों की ओर। यहाँ लोगों ने बहुरूपिया कला को अब तक जीवित रखा है।

मोड़ मुड़ते ही बाईं तरफ लकड़ी से निर्मित एक अति प्राचीन मंदिर का द्वार...हाँ, महान मुनि वशिष्ठ के आश्रम के बाहर खड़े थे हम। अंदर जाते ही दाहिनी तरफ एक छोटी सी जगह में गंधकयुक्त जल से स्नान करते लोग दिखलाई पड़े। हम और आगे बढ़े। आँगन के पार सामने एक पथरीले बरामदे पर विदेशी साधु पद्मासन में बैठा था, ध्यान में लीन। हमारे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कायल अब भी अनेक देश हैं। छत भी पतली सलेटी पथरीली टाइल्स की बनी थी। हमारे बीच का कोलाहल उन तक नहीं पहुँच रहा था। वे इन सबसे बेखबर। एक मुस्कान तिर आई हम सबके होठों पर। फिर दाहिनी ओर बने देवालय के पास जा पहुँचे। एक 'पुजारिन' आरती की थाल के पास आलथी-पालथी मारे बैठी थी। भीतर अँधेरी सी कोठरी में आराध्य। उसने हाथों में प्रसाद थमाया और अपनी भाषा में कुछ कहा। समझ पाना बहुत मुश्किल था।

दुकानों, खेतों से लेकर हर तरफ पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति...अनेक राज्यों में मातृसत्तात्मक शक्ति का एहसास होता रहा है। यहाँ भी देखकर अच्छा लगा। आन्नद गंधकयुक्त जल से पवित्र स्नान करने के लिए वहीं रुक गया हमें बताकर कि सामने ही राम मंदिर है। हम सभी वहाँ जाएँ। वह थोड़ी देर में मिलता है। यह गाँव सल्फर के सोते के लिए मशहूर है। कहते है, लक्ष्मण ने इसी भूमि में तीर चलाकर गर्म जल के सोते को उत्पन्न किया था। राम मंदिर की सीढ़ियों पर एक गोल-मटोल बच्चा पानी का नलका खोल सीधे मुँह लगाकर पानी पीते हुए दिखा। पाँवों की धमक भी उसका ध्यान भंग नहीं कर सकी। नलके से खेलता रहा। यह प्रसिद्ध देवालय राम, लक्ष्मण, सीता की कहानी कह रहा था। वहाँ कभी राम-लक्ष्मण भी आए थे। खुले परिसर की बाईं ओर बने देव स्थान में तीनों की आकर्षक मूर्तियाँ बिराजमान हैं। वहीं लगे बोर्ड में इतिहास दर्ज है। जिन पौराणिक पात्रों को हम ग्रंथों के पन्नों में कैद पाते रहे थे, वे यहाँ जीवंत हो उठे थे। 'यूँ ही नहीं कहते हिमाचल प्रदेश को देवभूमि!' कई युगों और युग पुरुषों की साधना स्थली मन में आस्था जगा रही थी।

मनाली के पर्यटन स्थल अपने सौंदर्य से आकृष्ट करने के साथ-साथ ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग, राफ्टिंग आदि का भरपूर आनंद भी दिलवाते हैं। बेटी ने एक जगह रस्सी के सहारे उलटे लटककर विपाशा नदी पार की। यह वास्तव में आवागमन का एक सुलभ साधन है। हहराती, लपकती नदी के ऊपर से एक-दूसरी जगह जाने का आसान उपाय। अभी भी मनाली के अनेक किशोर, बच्चे यूँ ही नदी पार कर रहे थे। कालांतर में व्यापार का साधन बन गया। यहाँ पर इसका आन्नद लेने पर्यटकों की टोली टूटी पड़ रही थी। मनाली के स्थानीय किशोर-युवा पर्यटकों को भी रस्सी से उलटे लटककर व्यास को नापने के इंतजाम में व्यस्त दिखे। विपाशा के हर तट पर लोगों का हुजूम रस्सियों के सहारे झूल रहा था।

मनाली में कई जगह स्नोबोर्डिंग और स्लेजिंग की उत्तम व्यवस्था है। बेहद नयनाभिराम दृश्य। हर जगह सेबों के बागीचे में कच्चे-खट्टे सेब वृक्षों पर लड्डुओं से लटक, अवर्चनीय आन्नद की सृष्टि करते हैं। हम शामें मनाली माल रोड के नाम भी लिख चुके थे। एक तरफ सघन व्यापारिक केंद्र...वस्त्रों की दुकानें। तिब्बती गर्म कपड़े बिक रहे थे। दुकानों में बौद्ध धर्म के अनुयायी दुकानदार भी। हमने उपहार देने के लिए अनेक शॉलें, कढ़ाईदार गर्म सूट पीस लिये। बौद्ध भिक्षुक हर स्थान पर घूमते दिखलाई पड़े। पार्क में फव्वारों से नहला देते जल की सुखद फुहार ने तन के साथ मन को भी भिगो डाला। किसी नृत्य की तैयारी में व्यस्त पीले परिधान पहने, ढोलक और वहाँ के वाद्य यंत्र हाथों में थामे नर्तकों की टोली नजर आई। हम हर शाम दूर तक पैदल ही निकल जाते। मनाली का माल रोड शिमला के माल रोड की तरह भव्य तो नहीं लगा लेकिन वहाँ शाम बिताना सुखदायी था।

## गँवार



रंजना वर्मा उन्मुक्त

छवि बिस्तर पर लेटी लेटी सोच रही थी कि अब अम्मा का भजन चालू होगा और पूजा की घंटी बजेगी, और वह उन पर नींद तोड़ने का इल्जाम लगाते हुए चीखेगी। पर ऐसा कुछ नहीं हुआ ।ना तो पूजा की घंटी बजी और न ही उनका भजन और न ही उनकी चहल कदमी की आहट। वह थोड़ी सी चिंतित हुई। 'अरे...उसे तो आज जल्दी कॉलेज जाना था...उफ, अम्मा ...मैंने तुम्हें जल्दी उठाने को कहा था ना ...तुम्हें कोई बात याद ही नहीं रहती।' वह अम्मा पर गुस्सा हो होती हुई, बिस्तर छोड़ कर उठ खड़ी हुई । अम्मा की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। वह उन्हें खोजती हुई रसोई घर में पहुंच गई ।अम्मा का कहीं अता पता ना था। रोज अभी तक तो वह टहल कर भी आ जाती थी।नहा धोकर उनका पूजा-पाठ भी खत्म हो जाता था। एक तरफ पिताजी के लिए चाय चढ़ा कर, वह उसे उठाती रहती थी। वह गुस्सा होकर उन पर चीखती, पर उन पर कोई असर नहीं होता। जब तक वह उठ नहीं जाती, अम्मा उसे उठाती रहती। वह और उसके पिता उसे गँवार समझते थे। उनकी हर गतिविधि पर दोनों उनका मजाक उड़ाते। पिताजी तो उन्हें बात-बात पर जाहिल गँवार ही बोलते थे। उन दोनों की बातें सुनकर भी वह उनकी सेवा में लगी रहती थी ।आखिर अम्मा कहाँ जा सकती है छवि सोच रही थी। उन्हें फोन करती हूँ ...उसने सोचा। उसने फोन लगाया, अम्मा का मोबाइल ड्राइंग रूम में पड़ा मुँह चिढ़ा रहा था। 'मोबाइल लेकर क्यों नहीं जाती...अम्मा।'... वह गुस्से से बोली। तभी उसे ध्यान आया। चार दिन पहले ही तो भाई ने अम्मा के लिए नया मोबाइल भेजा था। अम्मा को मोबाइल इस्तेमाल करना नहीं आता था। वह कितनी बार उसके पास आई थी।...जरा मोबाइल चलाना सिखा दो।...वह उससे बोलती। वह हर बार उन्हें झिड़क देती थी।...अभी नहीं, बाद में...अभी मुझे बहुत काम है। अभी वह पछता रही थी। काश मोबाइल चलाना सिखा दिया होता तो, वह अपना मोबाइल लेकर गई होती। अरे, तुम्हारी अम्मा किधर है? अभी तक मुझे बेड टी नहीं मिली।... उसके पिताजी उसे देखकर बोले। अम्मा घर पर नहीं है।...वह बोली। कहां चली गई? पिताजी बोले। अब दोनों अम्मा के लिए चिंतित हो गए। अच्छा,तुम मेरे लिए चाय बनाओ। मैं देखता हूं वह किधर गई है।... पिताजी बोले। छवि किचेन में खड़ी चाय बना रही थी। वह सोच रही थी, वह और उसके पिता कभी भी अम्मा से ठीक से बात नहीं करते। पिताजी तो उन्हें हमेशा ही गँवार कहा करते थे ।अम्मा घर को कितना अच्छा से सजाकर रखती हैं। किचन भी कितना साफ सुथरा और सब कुछ करीने से सजा हुआ है।वह गँवार कैसे हुई? वह सोच रही थी बस अम्मा आ जाए, वह उनका खूब ख्याल रखेगी। सबसे पहले उन्हें मोबाइल चलाना सिखायेगी। तभी बाहर ऑटो रिक्शा रुकने की आवाज आई। वह दौड़कर बाहर आई। देखा...अम्मा ऑटो से उतर रही हैं। कहां चली गईं थीं, आप अम्मा?...वह दौड़ कर अम्मा के गले लगते हुए पूछा। अरे, मालती की मम्मी बेहोश होकर गिर गई थी। उन्हे ही लेकर हॉस्पिटल गई थी।...वह बोली। फोन कर सकती थी ना।...पिता जी बोले। मुझे नंबर याद नहीं था। ...वह बोली। गँवार कहीं की।... पिताजी प्यार से बोलो। तीनों हँस पड़े।

## दर्द की सुरंग



डॉ सुरिंदर कौर नीलम

क्या हुआ हुगली नदी बहन..?
'बहुत उदास हो आज'
लगता है तुम्हारे किनारों के ऊँचे,
कंक्रीट के जंगलों की घुटन और
कोलकाता शहर की
आपाधापी का शोर
कुछ ज्यादा बढ़ गया
है,भेद रहा है कुछ
अधिक तुम्हारे सीने
को.... क्या आज
बड़े-बड़े जहाजों और
नावों के साथ खेलना तुम्हें नहीं भा
रहा? बताओ! मैं क्या कर सकता हूं
तुम्हारे लिए..?
क्या कहूं हावड़ा पुल भैया!
तुम तो आजतक जी जान से मेरी
सुरक्षा कर ही रहे हो। मेरे ऊपर से
पार होने वाली जनता का सारा बोझ
तो तुम्हारे ही कंधों पर है। स्नेह और
परवाह इतनी कि तुमने तो मेरे ऊपर
पाँव भी नहीं जमाए।
और यह शोर...! इसकी तो मैं वर्षों
से आदी हूं। तो फिर ये उदासी..?
मैं चिंतित हूं विकास की अंधी दौड़
से... इस पानी के बुलबुले मानव
को, मेरी आहें भी बुलबुले - सी
लगती हैं। मेरे पर्वत साथी तो धीरे-
धीरे बारूदी धमाकों से धाराशाई कर
दिए गए हैं। मेरी रक्षा में खड़े हरे -
भरे वनों को भी विकास की आँधी
ने उजाड़ दिया,अब इनकी
विकासशील नजरों से मेरा गर्भ भी न
बच सका।आज चीर कर मेरी छाती
टनल के बीच से विजय पताका,
मेट्रो रेल दौड़ा दी है। ईश्वर रक्षा करें
मेरी अन्य नदी बहनों की
और सृष्टि की...
मेरे भीतर ये पीड़ा है, विनाश की
ओर अग्रसर मानव की।

## गड्ढे में गिरने का सुख



ललन शर्मा

बचपन में मैं सुना करता था जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, उसमें वही पहले गिरता है, पर इस मुहावरे का अर्थ समझने का अवसर मुझे अब मिला है। हुआ यूँ कि हमारे आका उर्फ दद्दू जी पके आम की तरह गड्ढे में गिर गए। गड्ढे का यह सौभाग्य था कि दद्दू उसी में गिरे। गड्ढे को अपना मूल्य समझ में आया। वैसे भी आका जी उर्फ दद्दू को पैंट-शर्ट पहन कर यह कहते सुना था कि रोज सुबह चार कदम गड्ढे की ओर चले। गड्ढा भी यह बात रोज सुनता था तथा ईश्वर से प्रार्थना करता था कि चार कदम के बजाय 'एक ही कदम में' व्यक्ति मेरी गोद में आ जाय। मैंने जब दद्दू को डंकल अंकल की गोद में गिरते देखा तो लगा कि वाकई गड्ढा भी कोई चीज है जिसका हमारे देश में उल्लेख होना चाहिए तथा हर स्तर पर इस पर सेमिनार, चर्चा, गोश्ठियाँ व कार्यशालाएं वगैरह आयोजित होनी चाहिए। पर मैंने सोचा कि इससे पहले कि इस बहुमूल्य धरोहर 'गड्ढे' पर कोई कुछ कहे या करे, क्यों न मैं इस पर शोध कर लूँ। काहे कि शोध करना आजकल सर्वसुविधा सम्पन्न धंधा है इससे कुछ मिले या न मिले डिग्री तो मिल जायेगी और अगर कोई समझदार प्रकाशक फँस गया तो पुस्तक भी मिल जायेगी। सो मैंने कम्प्युटरी स्टाईल में शोध प्रबंध इकट्ठा कर लिया क्योंकि मुझे दुनिया के सभी प्रकार के सरकारी या गैर सरकारी विषयों पर शोध करने का पुराना अनुभव है। इस शोध प्रबंध का शीर्षक है 'गड्ढा सम्पन्न' भारत की पुनः खोज। मेरे शोध ग्रंथ के हिसाब से गड्ढा किसी भी राष्ट्र के प्रगति का प्रतीक है और गड्ढे में गिरने के लिए चार कदम की कोई जरूरत नहीं है एक कदम ही काफी है। अगर कोई राजनीति से पीड़ित हो तो उनके लिए उनकी अपनी जमीन ही गड्ढे का काम करती है। गड्ढा वास्तव में मानव जाति के उत्पत्ति के साथ उपजा हुआ एक सदाबहार देशप्रेमी ममतामयी गोद है, जिसमें किसी न किसी को कभी न कभी गिरना पड़ता है। पहले जमाने में लोगों को इसमें गिराया जाता था पर आजकल गड्ढे में गिरने का फैशन है। ऐसे ही

एक महान हस्ती है जो गड्ढे में गिरने के बेहद शौकिन है



उन्होंने अपने घर के अंदर एक आलीशान गड्ढा बना रखा है, जिसमें वे रोज दो बार गिरते हैं। मैंने एक बार उनसे पूछा कि आप खुद गड्ढे में क्यों गिरते हैं, दूसरों को भी मौका दीजिए।

तो वह बोले- शर्मा जी आपके दिमाग में आयातित गोबर भर गया है। ऐसा कैसा हो सकता है कि गड्ढा इतनी मेहनत से मैं खोदूँ, पाल-पोस कर इसको हरा-भरा मैं रखूँ और उसमें गिरने का आनंद कोई और ले। लगे हाथ उन्होंने मुझे सलाह दे डाली कि मैं भी एकाध गड्ढा अपने लिए और अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए भी दो चार गड्ढे सुरक्षित करवा लें। उनकी बातों से मुझे महसूस हुआ कि गड्ढे में गिरे बगैर व्यक्ति महान नहीं कहला सकता है। मेरे शोध से ज्ञात हुआ कि गड्ढा अगर सूखा हो तो उसमें गिरने का मजा नहीं आता। यदि गड्ढा दल दल से बना हो तो मजा दुगुना हो जाता है क्योंकि दल दल में गिरा हुआ आदमी जब बाहर आता है तो उसमें कई रंग भरे होते हैं। रंग यानी हरा, पीला, लाल, तिरंगा, केसरिया आदि। और तो और समाज में उसका रूतबा भी बढ़ जाता है, सुरक्षा व्यवस्था से अलग से। एक बार मेरे मित्र ने कहा 'यार' गड्ढे पर कुछ लिख रहे हो तो मेरे घर के सामने की सड़क पर एक खूबसूरत गड्ढा है उसका भी जिक्र कर देना। मैंने उसे समझाते हुए कहा- देखो मैं छोटे-मोटे गड्ढों के बारे में तभी लिखूँगा जब मुझे लगने लगेगा कि गड्ढे और सड़क के बीच समाजवाद है यानी सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। इसका भेद समाप्त हो जाय। कुल मिला कर मेरे शोध का निष्कर्ष यही है कि गड्ढे और आदमी में आत्मिक संबंध है।



सिम्मी नाथ
रांची, स्वरचित, अप्रकाशित।

## कैसे भूलूँ...

मेरी न भूलने की आदत
ने,
पहले जो करती
शिकायत,
माँ प्यार से समझाती
जाने दो,
भूल जाओ, हां तुम
सही थी ,
मैं सुबकती पर भूलती
नहीं।
उसने आसानी से
कहा,
बुरा सपना समझकर
तुम,
मुझे भूल जाओ, मैं
बोल न पाई ,
तेरी ये कला मुझे नहीं
आती ,
मुझे तेरी हर बात बड़ी
सताती।
ये न भूलने वाली लत
के साथ ,
उम्र के सोपान चढ़ती
गई ,
उम्र के इस पड़ाव पर
भी,
भूलती नहीं जब कुछ ,
चुभने लगता है तब ..
भीतर कुछ,
कहते हैं बच्चे भूलो न
यार मम्मी ....
मेरी न भूलने की आदत
ने ....
परेशान कर रखा
है....कैसे भूलूँ ....

## काव्य कोना

### अथक प्रयास

क्षण पल घड़ी प्रहर नापने चला
आगे बढ़कर कालचक्र बाँधने चला।
गतिमान चलायमान आगे
ही आगे चला
फिर कैसे कहाँ बाँधने चला।
सागर के धारे में नैय्या
लहराने चला
लहराते-बहराते लहरों को
लाँघने चला
सागर की अंगड़ाईयों में लहरों
ने करवट ली
बस एक हल्का सा थपेड़ा, और
फिर थपेड़ों पर थपेड़ा
बस आगे बढ़ थपेड़ों को साधने चला।
क्षण पल घड़ी प्रहर नापने चला
आगे बढ़कर कालचक्र बाँधने चला।

नाग मणि

# प्रीत का राग



सुधा गोयल 'नवीन'



एक बासंती बयार का झोंका तनुश्री को नहला गया। चारों दिशाएँ मानो अमलतास के चटक पीले फूलों की रौशनी से दमकने लगीं। अमलतास के फूलों से लदी पीली-पीली झुकती-गिरती लताओं के बीच से झांकता तनुज का चेहरा वह देखने लगी मानो सेहरे की ओट से देख रही हो। उसका शरीर टेसू के लाल-नारंगी फूलों सा दहकने लगा। उसके कानों ने असंख्य कलियों के चटकने का स्वर सुना। कोकिल-स्वर घंटियों सा कानों में बजने लगा। ऐसा भी कोई बसंत उसके जीवन में आयेगा उसने कल्पना भी नहीं की थी। बस सुना भर था कि मन की वीणा पर जब कोई प्रीत का राग छेड़ देता है, तब चारों दिशायें गुनगुनाने लगती हैं, फूल खिल उठते हैं। मन मयूर नाचने लगता है। तनुश्री के शुष्क, वीरान, सर्द, जीवन में बसंत ने दस्तक दे दी। तनुज ने केवल एक वाक्य कहा था, मेरी माँ मुझसे बहुत प्यार करती हैं और मैं तुमसे ...

तनुज से तनुश्री की पहली मुलाकात एम.बी. ए.की पढ़ाई के दौरान हॉस्टल में हुई थी। तनुज को तेज बुखार आया था। तीन दिन पलंग से उठ नही सका, न खाया न पिया। किसी भी साथी ने सुध न ली। तीसरे दिन किसी प्रोजेक्ट के सिलसिले में तनुश्री उसे खोजती हुई उसके हॉस्टल आई थी। तनुज को आधी बेहोशी की अवस्था में देखकर सहसा उसकी आँखों में आँसू आ गए। बॉयज हॉस्टल में वह किसी को नहीं जानती थी। किसी को खबर करने या बुलाने में समय बर्बाद करना उसे उचित न लगा। उसकी चेतना व विवेक ने डिस्पेंसरी का रास्ता पकड़ने को उकसाया। वह भाग रही थी। मन ही मन ईश्वर से प्रार्थना भी करती जा रही थी कि डॉक्टर को लेकर उसके पहुंचने से पहले कोई अनहोनी नहीं होनी चाहिए। फिर उसने सब कुछ भूलकर तनुज की सेवा में रात-दिन एक कर दिया।

वह भूल गई कि वह एक लड़की है....... कि किसी लडके के कमरे में रात बिताना हॉस्टल के नियमों के विरुद्ध है..... कि उसकी पढाई का नुकसान हो रहा है...... और सबसे बड़ी बात थी तनुज का रूखा व्यवहार।

डॉक्टर से दवाई लाना, खाना लाना-खिलाना, तनुज के बाकी सारे काम करना उसकी दिनचर्या बन गए। आठ दिन की तीमारदारी के बाद जब तनुज थोड़ा चलने फिरने लायक हो गया तब उसके नोट्स भी तैयार किये उसने। उसके ठीक हो जाने के बाद धन्यवाद की भी आशा किए बिना वह चुपचाप वहाँ से चली गई।

उसके बाद शुरू हुआ दोस्तों और सखियों का दोनों के नाम जोड़-जोड़कर चिढ़ाना मजाक करना। हँसते बतियाते दो साल चुटकी में बीत गए। तनुज ने बहुत चाहा कि तनुश्री का ख्याल उसके दिमाग से निकल जाए। तनुश्री के साथ अपनी दोस्ती को वह किसी रिश्ते का नाम नहीं देना चाहता था। वह अपनी माँ के सपनों से भी वाकिफ था। लेकिन जब भी वह अपनी जीवन-संगिनी के सपने देखता या अपनी माँ के लिए परफेक्ट बहु की तस्वीर देखना चाहता तो उसे केवल और केवल तनुश्री का चेहरा नजर आता।

वे करीब और करीब होते गए। आदतें मिलने लगी, रुचियाँ भी एक सी थीं।

फिर एक दिन रेड-चिली रेस्टॉरेंट के एकांत कमरे में....तनुज और तनुश्री दोनों ने एक दूसरे को देखा और मुस्कुरा दिए।

आज तुमने मुझे मोटी नाक और ऊँचे दाँत वाली कहकर नहीं चिढ़ाया.... नाटी और चेचक के दाग वाली भी नही कहा... तनुज क्या तुम्हारी माँ हमारे रिश्ते को स्वीकार कर लेंगी। तुम्हीं ने बताया था कि वे बहुत सुन्दर हैं और तुम बिल्कुल अपनी माँ पर गए हो।

तनुज ने केवल एक वाक्य कहा, मेरी माँ मुझसे बहुत प्यार करती हैं और मैं तुमसे....

मन के आईने से देखा तो शक्ल दिखाई नहीं देती, तुझमें खूबियाँ हैं इतनी कि तू दिखाई नहीं देती।। दुनिया कीं नजरों में तनुश्री कुरूप थी परन्तु प्रकृति की सारी सुंदरता ओढ़ कर बसंत ऋतु किसी के भी जीवन में आ जाती है। तनुज और तनुश्री बासंती रंग में रंग चुके थे।

कोकिल-स्वर घंटियों सा कानों में बजने लगा। ऐसा भी कोई बसंत उसके जीवन में आयेगा उसने कल्पना भी नहीं की थी। बस सुना भर था कि मन की वीणा पर जब कोई प्रीत का राग छेड़ देता है, तब चारों दिशायें गुनगुनाने लगती हैं।

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

### आज का दोहा

चले कहाँ से थे, अभी, कहाँ आ गये आज।
लोग मौत को ढूंढते, चुप क्यों नया समाज।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

# तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो...



रश्मि सिंह

एक और शहर की चर्चित पार्टी... लिपे पुते चेहरे,सिगरेट ,शराब की मिश्रित गंध, वदीर्धारी बैरे ट्रे लिए इधर उधर घूमते। श्रेया भी सबकी तरह महंगी साड़ी और जेवरातों से लदी फदी सबका अभिवादन करती, जबरन मुस्कराती एक शानदार जिंदादिल मेजबान की भूमिका बखूबी निभा रही थी।एक और नयी फैक्ट्री खुलने के उपलक्ष्य में पार्टी थी। श्रेया के पति रणवीर की खुशियाँ उसके जाम की ही तरह चेहरे से छलक रही थी। उसी सुरूर में उसने श्रेया को आवाज देकर अपने एक मेहमान से मिलने के लिए बुलाया जिसे देखकर वह आश्चर्यमिश्रित खुशी से



अचानक चिहुंक उठी अरे नीरज तुम....। सामने वाले की भी कुछ वही मनःस्थिति थी...
श्रेया मतलब श्रेया श्रीवास्तव हमारे शहर की महादेवी वर्मा... वो सलवार कमीज और पौनिटेल वाली फैशन से दूर भागने वाली श्रेया आज इस रूप में दिखेगी सोचा नहीं था....
श्रेया को देखकर नीरज ने कहा। 'चलो अब सोच लो', कहकर जोरदार ठहाका लगाया श्रेया ने,जो स्वयं उसे बेहद खोखला लगा। शहर के नामचीन उद्योगपति की पत्नी ,जो उसी रसूख की वजह से जाने कितनी सामाजिक संस्थाओं की मनोनीत अध्यक्ष थी।रोज कहीं न कहीं की रिबन काटती उसकी तस्वीर अखबारों में दिखती ही रहती। पर क्या यह वो श्रेया थी? ना बिलकुल नहीं। वो तो दर असल उसी दिन मर चुकी थी जिस दिन रणवीर ने उसे साफ साफ कह दिया कि ये सब फितुर घर में करके मन बहला लो, मैं मना नहीं करता पर याद रहे, तुम्हारा नाम मेरे साथ जुड़ा है। जो उसकी साधना थी उसके लिए फितुर संबोधन उसे अंदर तक लहुलुहान कर गया।वो दिन और आज का दिन उसकी डायरी और कलम तभी बाहर निकलते जब रणवीर शहर से बाहर होते, फिर वापस उसकी निजी आलमारी में। जो कभी उसका एकमात्र सपना था,सदा के लिए संदूकची में बंद हो चुका था।

गहरी सांस ले नीरज से नजरें चुराती चेहरे पर मुस्कान की गहरी परत चढ़ाकर फिर उस महफि ल में शामिल हो गयी जिसके लिए वो बनी ही न थी। गीत गजलों की महफिल शबाब पर थी। कोई गा रहा था...तुम इतना जो मुस्करा रहे हो...

*–संयोजन : नरेश अग्रवाल*

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सती अनुसूइया मेला शुरू, श्रद्धा और आस्था का संगम

**एजेंसी। गोपेश्वर(हि.स.)**

चमोली जिले के मंडल घाटी में आयोजित होने वाला दो दिवसीय सती शिरोमणि माता अनुसूइया मेला शनिवार को विधि विधान और पूजा-पाठ के साथ शुरू हो गया। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने इस मेले का शुभारंभ किया। दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर क्षेत्र की देवी डोलियां सती मां अनसूया के दरवार पहुंची और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना की। हर साल की तरह इस वर्ष भी संतान सुख की कामना लेकर निसंतान दंपत्ति और अन्य भक्तजन यहां पहुंचे हैं। मां अनसूया के दरबार में उनके मन की इच्छा पूरी होने की विश्वास के साथ लोग यहां पूजा अर्चना करते हैं। माना जाता है कि मां के दर से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता और उनकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।



### मंदिर में हर साल मेला पूजा आयोजित होती है

मेले के दौरान जिला प्रशासन ने पूरे पैदल मार्ग पर सुरक्षा के साथ अन्य आवश्यक इंतजाम किए हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां अनसूया के तप से त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश शिशु रूप में परिवर्तित हो गए थे, जिन्हें बाद में पुनः उनके असली रूप में वापस भेजा गया था। यही से त्रिरूप दत्तात्रेय भगवान का जन्म हुआ और उनकी जयंती पर इस मंदिर में हर साल मेला और पूजा आयोजित होती है। इस अवसर पर सभी भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा की और मां से अपनी मनोकामना की पूर्ति की प्रार्थना की।

## दो हत्याकांड मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के लोदीपुर थाना अंतर्गत नीरज कुमार मेहता हत्याकांड मामले के मुख्य अभियुक्त रितेश कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया है। जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरंजन यादव हत्या मामले में एक अभियुक्त धर्मवीर मंडल को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी डॉ के रामदास ने दी।

## लखनऊ के 1090 चौराहों पर 'अटल रन महोत्सव' का किया गया आयोजन




**लखनऊ (आईएएनएस)।** लखनऊ में अटल रन महोत्सव का आयोजन हुआ। यहां के 1090 चौराहों पर आयोजित इस खेल महोत्सव में तमाम छात्रों ने भाग लिया। स्टार महिला धावक एवं ओलंपियन सुधा सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। उन्होंने आईएएनएस को बताया, बहुत अच्छे से अटल रन का आयोजन हो रहा है। इससे पहले अयोध्या में 'रन फॉर राम' भी आयोजित हुआ था। हम चाहते हैं कि छोटे-छोटे जगहों से बाहर निकलकर बच्चे इसमें भाग लें। ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने वाले एथलीट एशियन गेम्स तक आएं और ओलंपिक से भी मेडल लेकर आएं।

# सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान प्रेरणा का स्रोत है : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**



● उत्तर प्रदेश में वीर बाल दिवस पर होगा विशेष समारोह का आयोजन

सिख धर्म के नवम गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी का 350वां वर्ष पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। एक वर्ष तक चलने वाले इस आयोजन का शुभारंभ 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से होगा, जिसका प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसका समापन अगले वर्ष भव्य समारोह के साथ होगा। शनिवार को एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और धर्म की स्थापना के लिए सिख गुरुओं का बलिदान अनुकरणीय है, इसलिए सिख गुरुओं के त्योहारों को पूरे प्रदेश में परंपरागत तौर पर उल्लास के साथ मनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी सत्र से सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाएगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरु तेग बहादुर के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक भी तैयार की जाएगी। इस विशेष अवसर पर 11,000 सहज पाठ का महायज्ञ भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में वीर बाल दिवस का विशेष समारोह मनाया जाएगा। गुरु ग्रंथ साहब का पाठ हो, इस कार्यक्रम में सभी ग्रंथियों को भी आमंत्रित किया जाए। सभी जिलों के सभी गुरुद्वारों में होने वाले इस आयोजन में सांसद, महापौर, विधायक, विधान परिषद सदस्य समेत जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी सिख गुरु हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इनकी जीवनी और बलिदान को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं। इनसे जुड़े विषयों पर कविता, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएं। इसके अलावा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाए।

## गाजियाबाद में झुग्गियों में लगी भीषण आग कई सिलेंडर ब्लास्ट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में कनावनी पुलिया के पास झुग्गियों में शनिवार को भीषण आग लग गई। इसके बाद वहां एक के बाद एक कई सिलेंडर ब्लास्ट हुए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई भी जानकारी नहीं मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के ग्राम कनावनी में बसी अवैध झुग्गियों में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है पहले यह आग एक झुग्गी में लगी और उसके बाद धीरे-धीरे यह सभी झुग्गियों में तेजी से फैलने लगी। आसपास में रह रहे झुग्गियों के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। फायर विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद है और आसपास के लोगों से उस जगह को खाली करा लिया गया है।

### लोकसभा में संविधान पर चर्चा में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

# भाजपा आज द्रोणाचार्य की तरह काट रही है युवाओं का अंगूठा

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● सावरकर की आलोचना करते हुए कहा, लड़ाई मनुस्मृति और संविधान के बीच की है

● युवाओं की मेहनत और संघर्ष को दरकिनार करते हुए उनका हक छीना जा रहा है

लोकसभा में शनिवार को संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी राय रखी। राहुल गांधी ने संविधान के निर्माण में महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर, पंडित नेहरू जैसे नेताओं के योगदान की बात की। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान में दिखने वाले ये विचार कहीं न कहीं भारतीय संस्कृति और प्राचीन विरासत से प्रेरित हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के नहीं बन सकता था। यह विचार भगवान शिव, गुरु नानक, भगवान बासवन्ना और कबीर जैसे महान संतों से आए हैं। राहुल गांधी ने सावरकर की आलोचना करते हुए कहा कि सावरकर ने अपने लेखों में यह स्पष्ट रूप से लिखा था कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है। लड़ाई मनुस्मृति और संविधान के बीच की है।

राहुल गांधी ने कहा, अब सवाल यह है कि हम सावरकर की बात को मानते हैं, या फिर संविधान को। जब आप संविधान की तारीफ करते हैं, तो आप सावरकर के विचारों का विरोध करते हैं। आरएसएस ने मनुस्मृति को संविधान से बेहतर बताया था और सावरकर ने भी मनुस्मृति को संविधान से ऊपर बताया था। नेता प्रतिपक्ष ने यह तर्क भी दिया कि जिन लोगों की आप पूजा करते हैं, उन्होंने ही कहा था कि संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में हमें बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्श स्पष्ट रूप से दिखते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदुस्तान के पुराने वक्त और समाज व्यवस्था की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि जैसे पहले हिंदुस्तान को चलाने का तरीका था, वैसे ही आज भी कुछ लोग उसी तरह से देश को चलाना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब मैं जब छोटा था तब दिल्ली में एम्स के पास ही जंगल था। वैसे ही जंगल में हजारों साल पहले एक बच्चा सुबह उठकर तपस्या करता था। हर रोज सुबह वो धनुष उठाकर तीर कमान चलाता था और घंटे उसने तपस्या की और वर्षों तक तपस्या की। उसका नाम एकलव्य था। जब वह द्रोणाचार्य के पास पहुंचा, तो गुरु द्रोणाचार्य ने उसे सिखाने से मना कर दिया कि आप सवर्ण जाति से नहीं हैं, तो मैं आपको नहीं सिखा सकता। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही आज भाजपा हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काट रही है। राहुल गांधी ने युवा पीढ़ी को लेकर कहा कि युवाओं की मेहनत और संघर्ष को दरकिनार करते हुए पेपर लीक, लेटरल एंट्री और अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिए उनके हक को छीना जा रहा है। युवाओं की मेहनत को खत्म करने के लिए पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही हैं और अग्निवीर योजना लाकर उनके हक पर कुठाराघात किया जा रहा है। संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा गया है कि किसी वर्ग या समूह का एकाधिकार होना चाहिए, न ही इसमें यह कहा गया है कि देश के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए।

## फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार को होगा। नागपुर के राजभवन में शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 21, शिवसेना के 12 और राकांपा के 10 विधायकों को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। संभावित मंत्रियों को फडणवीस फोन कर इसकी जानकारी दे सकते हैं। महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ शिवसेना के एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# 'बीमा सखी योजना' से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : पीएम मोदी

**एजेंसी। पानीपत (आईएएनएस)**



हर महीने मिलेंगे सात हजार रुपये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 10 वर्षों में नारी सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया गया है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा के पानीपत में 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया। यह योजना महिलाओं को एलआईसी एजेंट बनने के अवसर प्रदान करके सशक्त बना रही है। योजना के तहत कई महिलाएं अब एलआईसी कार्यालयों में पंजीकरण करा रही हैं, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिल रहा है।

पानीपत में 'बीमा सखी योजना' के तहत पंजीकरण कराने आई एक महिला ने कहा, मैं बीमा सखी योजना के तहत एलआईसी में एजेंट बनने के लिए आई हूं। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना महिलाओं के लिए एक बेहतरीन पहल है। यह उन महिलाओं के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करती है। इस योजना के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता 10वीं कक्षा है। ज्योति ने बताया कि मैं हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में गई थी। वहां उन्होंने बीमा सखी योजना के बारे में बताया था। मुझे लगता है कि इस योजना का लाभ हम लोगों को मिलेगा। मैं कई महिलाओं को इस योजना के बारे में बता रही हूं। जो गृहिणी हैं उन्हें यह योजना लेनी चाहिए। इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी।

## रविशंकर और अनुराग ने किया राहुल के वक्तव्य पर कटाक्ष




**नई दिल्ली।** लोकसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को राहुल गांधी के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने की गौरवगाथा पर दिए गए बयानों पर कटाक्ष किया। ठाकुर ने कहा कि उन्हें यह नहीं पता संविधान में कितने पन्ने हैं । वहीं, रविशंकर ने राहुल के तपस्या का अर्थ बताए जाने को हास्यास्पद बताया। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के वक्तव्य के बाद लोकसभा में कहा कि यह संविधान की ताकत ही थी, जिसने इंदिरा गांधी को आपातकाल खत्म करने पर मजबूर कर दिया। अनुराग ठाकुर ने कहा, ये अंगूठा काटने की बात करते हैं इनके राज में (कांग्रेस के शासन) सिखों के गले काटे गए। वहीं, रविशंकर प्रसाद ने भी राहुल गांधी पर कई तरह से कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि राहुल कहते हैं कि 6-7 साल में व्यक्ति युवा हो जाता है। तपस्या से गर्मी आती है। वे उनसे कहना चाहते हैं कि तपस्या जैसे पवित्र शब्द को क्यों बदनाम रहे हैं। रविशंकर ने राहुल से कहा कि उन्हें अंडमान सेल्युलर जेल का दौरा करना चाहिए। जहां वीर सावरकर को यातना दी गई थी। विपक्ष के नेता को अपना ट्यूटर बदलने की जरूरत है। प्रसाद ने कहा कि विपक्षी सांसद सरदार पटेल के बारे में कभी चर्चा नहीं करते। वे अफजल गुरु के मानवाधिकारों की मांग करते हैं, लेकिन शहीदों की पत्नियों के बारे में कभी नहीं बोलते। हम इन शहीदों के परिजनों का समर्थन करेंगे। रविशंकर प्रसाद ने आपातकाल की यातनाओं को याद किया। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राजेंद्र प्रसाद, नेहरू और अन्य द्वारा हस्ताक्षरित संविधान की मूल प्रति साझा की। इसमें भगवान राम, सीता, कृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीरें थीं।



## हमारे शब्दों व कार्यों से वैश्विक मंच पर भारत की छवि खराब नहीं हो

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि हमारे शब्दों और कार्यों से वैश्विक मंचों पर भारत की छवि खराब नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी को समान मताधिकार दिया है, लेकिन कुछ लोग (विपक्ष) दावा करते हैं कि देश में अल्पसंख्यकों को कोई अधिकार नहीं है।

संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षो की गौरवशाली यात्रा पर आज दूसरे दिन चर्चा की शुरुआत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों को न केवल कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि उनके हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान करता है। उन्होंने सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 48 प्रतिशत लोग, जिनमें से अधिकांश इस्लाम धर्म का पालन करते हैं, यूरोपीय संघ में भेदभाव का सामना कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि लगातार सरकारों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी यही किया है, मैं उसकी भूमिका को कम नहीं आंक रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे खूबसूरत संविधान है। इसमें सभी के लिए प्रावधान हैं। इस संविधान को लेकर हम गौरव महसूस करते हैं।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' देश की जरूरत : चिराग पासवान

**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इसकी चाहत हमलोगों की लंबे समय से थी। उन्होंने विपक्ष के विरोध करने पर कहा कि विपक्ष को हर एक फैसले से ऐतराज है। शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे नेता और मेरे पिता रामविलास पासवान की भी यही सोच रही थी कि देश में एक साथ चुनाव हो। उन्होंने कहा, अभी हम लोगों ने देखा कुछ महीने पहले ही लोकसभा के चुनाव संपन्न हुए, उसके ठीक बाद हरियाणा, जम्मू कश्मीर के चुनाव में लोग व्यस्त हुए। उसके बाद झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव हुए। इसके बाद दिल्ली और उसके बाद बिहार और फिर असम का चुनाव है। हर दूसरे और तीसरे महीने देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं। यह न सिर्फ आर्थिक बोझ देश के ऊपर डालने का काम करते हैं, बल्कि जिस तरीके से मशीनरी के डिप्लॉयमेंट को लेकर एक व्यवस्था तैयार करने की जरूरत पड़ती है, उसमें भी समय बहुत ज्यादा बर्बाद होता है।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### उत्तर प्रदेश के संभल में कई वर्षों से बंद मंदिर खोला गया

# शिवलिंग और देवी-देवताओं की मूर्तियां मिलीं

**एजेंसी। संभल (आईएएनएस)**



एक प्राचीन कुंआ भी मिला है

उत्तर प्रदेश के संभल स्थित नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय से सटे खग्गू सराय में कई साल से बंद पड़े एक पुराने शिव मंदिर को प्रशासन ने शनिवार को खुलवाया। इस मंदिर में भगवान की मूर्तियां विराजमान हैं। इसके अलावा, यहां एक प्राचीन कुंआ भी मिला है।

प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जब मंदिर के दरवाजे खोले गए, तो लोगों ने देखा कि अंदर धूल जम चुकी है। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने खुद ही हाथों से शिवलिंग और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां साफ की। मंदिर खोले जाने का वीडियो भी सामने आया है।

पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह बिजली और अतिक्रमण की रेड के दौरान इस मंदिर की जानकारी हुई। यह मंदिर काफी दिनों से बंद पड़ा था। उसे खुलवाया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर का दरवाजा खोलने पर अंदर हनुमान जी की प्रतिमा और शिवलिंग भी मिला।

नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी ने बताया कि हम खग्गू सराय इलाके में रहते थे। हमारा एक घर पास में (खग्गू सराय इलाके में) है। 1978 के बाद हमने घर बेच दिया और जगह खाली कर दी। यह भगवान शिव का मंदिर है। हमने यह इलाका छोड़ दिया और हम इस मंदिर की देखभाल नहीं कर पाए। इस जगह पर कोई पुजारी नहीं रहता। उन्होंने बताया कि 15-20 परिवार इस इलाके को छोड़ कर चले गए। हमने मंदिर को बंद कर दिया था, क्योंकि पुजारी यहां नहीं रह सकते थे। पुजारी ने यहां रहने की हिम्मत नहीं की। अब, सालों बाद शनिवार को मंदिर को खोल दिया गया है। विष्णु सरन ने बताया कि पहले इस मंदिर में भजन-कीर्तन हुआ करते थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिरीष चंद्र ने बताया कि यहां मंदिर परिसर के बाहर एक कुआं है। वह कुआं खुदाई करने पर मिला। कई चीजें और भी देखी जा रही है। संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि हम विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे थे और जगह-जगह जाकर चेक कर रहे थे, तो इस स्थान पर भी पहुंचे। यहां पर एक मंदिर दिखाई दिया। इसके बाद मैंने जिलाधिकारी से इस मंदिर को खोलने की अनुमति ली और अब हम सभी लोग इस मंदिर का निरीक्षण करने के लिए यहां आए हैं। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग पाए गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर 1978 से बना हुआ है।

# केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर लिखी अमित शाह को चिट्ठी

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने केंद्रीय गृहमंत्री से मांगा मिलने का मांगा समय

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है। इसके बावजूद दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने पत्र में बताया है कि भारत के 19 मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में नंबर वन पर है। हत्या के मामलों में दिल्ली नंबर वन पर है। दिल्ली में जबरन वसूली वाले गैंग सक्रिय हैं और खुलेआम फिरौती का कारोबार चला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपनी चिट्ठी में आगे लिखा है कि दिल्ली के हवाई अड्डों और स्कूलों को ईमेल और फोन कॉल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिल रहीं हैं। ड्रग्स से जुड़े अपराधों में 350 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हैं। उन्होंने अपनी चिट्ठी में इस बात का भी जिक्र किया कि मैं पूरी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## एग्रीकल्चर कॉलेज की खेलकूद प्रतियोगिता में राकेश कुमार महतो और स्वीटी कुमारी बनीं चैंपियन



**रांची।** रांची कृषि महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में राकेश कुमार महतो तथा लड़कियों के वर्ग में स्वीटी कुमारी ने चैम्पियन का खिताब जीता।शनिवार को संपन्न हुई दोदिवसीय प्रतियोगिता में एक सौ मीटर की दौड़ स्पर्धा में बालकों के वर्ग में राकेश कुमार महतो प्रथम, आकाश कुजूर द्वितीय तथा ऋषि महतो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिकाओं के वर्ग में पंजिका बाला कुमारी प्रथम, मान्यता शरण द्वितीय तथा विनीता मुर्मू तृतीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट में लड़कों के वर्ग में अभिषेक कुमार तथा लड़कियों में रीना कौशर प्रथम घोषित की गईं। भाला फेंक प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में मनीष कुजूर प्रथम तथा लड़कियों में प्रीति कुमारी मुर्मू प्रथम रहीं। कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया और कहा कि कड़ी मेहनत करके वे रांची जिला, झारखंड प्रांत और देश में खेलकूद के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं। खेलकूद के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जरूरी सुविधाओं की कमी नहीं रहेगी। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए सतत कठिन परिश्रम और अनुशासन को मूल मंत्र मानें।

## साई मोरहाबादी ब्लू ने 30 रनों से जीता टूर्नामेंट




**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में साई मोरहाबादी ब्लू बनाम त्रिशूल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। साई मोरहाबादी ब्लू ने 30 ओवर में एक विकेट खोकर 174 रन बनाया। राजवीर ने 60, तेजस ने 53 रन बनाये। वहीं वीर ने एक विकेट लेकर 22 रन दिया। त्रिशूल क्रिकेट अकादमी ने 28.4 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन बनाया। वीर ने 30 व जय ने 14 रन बनाया। तेजस ने छह विकेट लेकर 21 रन दिया। जबकि तेजस ने छह विकेट लेकर 21 दिया। ईशान ने एक विकेट लेकर 11 रन दिया। साई मोरहाबादी ब्लू 30 रनों से विजयी रही।

# क्या गाबा टेस्ट के दूसरे दिन भी बारिश बन सकती है बाधा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने गाबा टेस्ट में टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। हालांकि, शनिवार को मैच के पहले दिन ज्यादातर समय बारिश होती रही। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का ही खोल सका। दूसरा और तीसरा सेशन तो पूरी तरह बारिश में धुल गया। बारिश ने सबसे पहले छठे ओवर में अड़ंगा लगाया और फिर जब दोबारा खलला डाला तो लंच ब्रेक की जल्द घोषणा कर दी गई। उसके बाद बारिश विलेन बन गई और खिलाड़ी मैदान पर ही नहीं उतर पाए। वहीं, गाबा टेस्ट के दूसरे दिने भी बारिश की संभावना है लेकिन पहले दिन की तुलना में कम होगी। एक्यूवेदर के मुताबिक, रविवार यानी 15 दिसंबर को ब्रिस्बेन में स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे) बारिश की उम्मीद है। हालांकि, दिन के बाकी समय के लिए पूर्वानुमान बेहतर है। स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे) तक खेल के आखिरी पांच घंटों में बारिश की संभावना 51 प्रतिशत से घटकर 47, 36 और फिर 20 तक है। लेकिन सुबह की बारिश के बाद पूरे दिन बादल छाए रहने की उम्मीद है।

वहीं, बीसीसीआई ने पहले दिन स्टंप्स होने पर अपडेट दिया कि अगर बारिश रविवार को विलेन नहीं बनी तो 98 ओवर का खेल हो सकता है। खेल 30 मिनट पहले शुरू होगा ताकि पहले दिन के नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 28/0 था। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 47 गेंद में 19 और नाथ मैकस्वीनी 33 गेंद में चार रन बनाकर नाबाद हैं। वैसे, कप्तान रोहित शर्मा खुश होंगे कि ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ज्यादा रन नहीं बना सकी। दोनों बल्लेबाजों ने अधिकांश गेंदें ने छोड़ना ही मुनासिब समझा।



### भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट पहले दिन का खेल बारिश में धुला

## आखिरी 2 सेशन में एक भी बॉल नहीं फेंकी गई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरु होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरु होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।



### भारी बारिश के बीच राहुल-कोहली का ब्रोमांस, डगआउट में साथ में खाना खाने की तस्वीर हुई वायरल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। फैंस को पहले दिन के खेल का लंबे समय से इंतजार था लेकिन बारिश ने मजा किरकिरा कर दिया। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले सेशन में 13.2 ओवर के बाद भारी बारिश की वजह से मैच रोकना पड़ा, जिसके बाद खेल शुरु नहीं हो सका। ब्रेक के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## देवघर प्रीडेटर्स व रॉयल चैलेंजर्स के बीच फाइनल मैच आज



**रांची ।** प्रो. सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैक्ल्टी क्रिकेट लीग, 13वां संस्करण का बीआईटी मेसरा में देवघर प्रीडेटर्स रविवार को रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स के खिलाफ फाइनल खेलेगा। शनिवार को मैच 13 रॉयल एडमिन बनाम देवघर प्रीडेटर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर देवघर ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रॉयल एडमिन ने 12 ओवर में विकेट पर 51 रन बनाया। गौतम ने 19, नंदलाल ने 11 रन बनाए व देवघर की ओर से अमित ने 2 विकेट लिए। जवाब में देवघर प्रीडेटर्स ने 7 ओवर में बिना विकेट खोए 52 रन बनाये. रामकिशोर ने 22,आशुतोष ने 22 रन बनाये. देवघर 10 विकेट से विजयी रहा. मैन ऑफ द मैच अमित रहे। मैच 14 मैकेनिकल बनाम ईबीएस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ईबीएस ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट पर 71 रन बनाया। सोलंकी ने 13, एमएसडी के लिए मुकेश ने 2 विकेट लिए, जवाब में एमएसडी ने 11.5 ओवर में दो विकेट पर 72 रन बनाए, ईबीएस कार्तिक के लिए रवि ने 37 नाबाद 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। एमएसडी ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच रवि रहे। मैच 15 सीएसके बनाम डीपी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सीएसके ने 12 ओवर में नौ विकेट पर 80 रन बनाया। श्रीधर ने 27, रजनीश ने 18, डीपी के लिए रामकिशोर और अमित ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में देवघर ने चार विकेट पर 75 रन बनाये, सीएसके की ओर से बिनय और मुस्तफी तथा जीतेन्द्र ने 1-1 विकेट लिया. सीएसके 5 रन से जीती। मैन ऑफ द मैच कप्तान श्रीधर रहे। बेहतर नेट रन रेट के कारण सीएसके फाइनल में पहुंची देवघर।

## टीयूएसवी प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में ताइक्वांडो खिलाड़ी हुए सम्मानित



**रांची।** पिछले 4 और 5 दिसम्बर को झारखंड स्टेट ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन एमबी स्कूल बुंडू में एमबी ताइक्वांडो अकादमी और झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे टीयूएसवी प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ओरमांझी के काजल कुमारी, निशा कुमारी, स्वाति बेदिया, नंदनी कुमारी, कहकासा आफरीन, कोमल कुमारी, करिश्मा कुमारी, मुस्कान परवीन, रिंकी कुमारी, रिया कुमारी,नगमा नसरीन, आकांक्षा लोहरा, रेखा कुमारी, सिवानी कुमारी, सोनिका कुमारी, सिवानी कुमारी ने 4 गोल्ड , 8 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल्स हासिल की थीं। यह चैंपियनशिप झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सकील अंसारी, प्रेसिडेंट एमडी जमील अंसारी और ताइक्वांडो कोच शहनवाज अंसारी के देखा रेख में संपन्न हुआ था। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय एयरटेल फाउंडेशन के मोहम्मद तनवीर हसन खान (अकादमिक मेंटार) थे। विशेष अतिथि के रूप में स्कूल के प्रिंसिपल सपना कुमारी, एमडी इबरार कुरैशी, आरिफ, ज्योति कुमारी, प्रिया, रानी, रश्मि सिन्हा, एमडी आरिफ हसन थे।

## आदिवासी महिला समूह बनी मातृशक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 5 की विजेता

**नवनी मेल संवाददाता । रांची**



शनिवार को को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रांची में मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मैच सम्पन्न हुआ जिसमें बेड़ो की आदिवासी महिला समूह ने घुंसुली की ज्योति महिला क्लब को 1-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे स्थान के लिए तुमना की महिला फुटबॉल क्लब टीम ने हटिया की सूर्योदय महिला टीम को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित किया। मदर ऑफ द सीरीज घुंसुली टीम की लिलोनी सांगा को मिला।गोलकीपर ऑफ द सीरीज आदिवासी महिला समूह की संगीता कुमारी को मिला। माताओं के लिए कैनरा बैंक की ओर से स्वास्थ्य किट भी दिया गया जिसमे उनके स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए सामग्रियां थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक संदीप कुमार, खेलकूद एवं युवा मामला निदेशालय, झारखंड मौजूद थे और उन्होंने इस टूर्नामेंट को एक अनोखा टूर्नामेंट बताते हुए इसे और भी जिलों तक ले जाने का आह्वाहन किया। महिला सशक्तिकरण का एक बेहतर तरीका बताते हुए उन्होंने माताओं को जेएसएलपीएस जैसी संस्था के कार्यक्रमों से जोड़ने को कहा ताकि उनके जीवनव्यापन का भी इंतेजाम हो सके। अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष श्री स्वर्ण शेखर प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बड़े स्तर पर ले जाने के लिए जोर दिया। 24 समुदायों से संबंधित 32 टीमें बनाने वाली कुल 480 माताएं इस वर्ष टूर्नामेंट में भाग लिया था। प्रतिज्ञा झारखंड आधारित युवा संगठन है, जो शिक्षा, बच्चों की सुरक्षा, युवा विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर झारखंड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करती है। वर्ष 2018 में, प्रतिज्ञा ने मातृ शक्ति फुटबॉल टूनामेंट की शुरूआत की थी, जिसमें शहरी बस्तियों तथा गांव की माताएं स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट पहल के तहत फुटबॉल खेलती हैं। टूनामेंट का उद्देश्य न केवल समुदाय की महिलाओं को फुटबॉल मैच खेलने के लिए आगे लाना था, बल्कि उन्हें सामाजिक मुद्दों के बारे में आवश्यक जानकारी देना भी था ताकि वे अपने परिवारों और समुदायों में अपना नेतृत्व स्थापित करने के लिए ज्ञान और कौशल प्राप्त कर सकें।

## दांगी सीए की टीम ने 30 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में दांगी सीए बनाम जूनियर मंथन के बीच खेला गया। डांगी सीए टीम ने 34.1 ओवर में 10 विकेट पर 183 रन बनाया। दीपेश ने 63, रूद्र ने 28, पवन ने 18 रन बनाया। विकास, सौरभ और सनी ने 1-1 विकेट लिया। जूनियर मंथन क्लब ने 30 ओवर में 10 विकेट पर 153 रन बनाया। शिवम ने 43, बाबू आलम ने 28, रोनित ने 23 व रोशन ने 22 रन बनाया। दांगी सीए की टीम ने 30 रन से टूर्नामेंट जीता।

## टेंडर हार्ट स्कूल ने 174 रन से जीत दर्ज की




**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में शाखा ग्राउंड में डीएवी कपिलदेव बनाम टेंडर हार्ट स्कूल के बीच खेला गया। टेंडर हार्ट स्कूल ने 33.3 ओवर पर 10 विकेट पर 267 रन बनाया। सुख ने 58, नयन ने 41, आयुष ने 29, कृष्णा ने 25 रन बनाया। डीएवी कपिलपदेव ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 93 रन बनाया। सक्षम ने सर्वाधिक 41 रन बनाया। टेंडर हार्ट स्कूल ने 174 रन से जीत दर्ज की।



### वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का है अनुमान

# सोने की कीमत 2025 में रह सकती है स्थिर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, वर्ष 2025 में गतिशील वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच सोने के लिए संभावनाओं और चुनौतियों का मिश्रण देखने को मिल सकता है। इसी के साथ पीली धातु की कीमतों में वृद्धि की संभावना भी देखी जा रही है। केंद्रीय बैंक की कार्यवाहियां, भू-राजनीतिक तनावों और विकसित हो रही उपभोक्ता और निवेशक मांग जैसे कारक सोने के प्रदर्शन के लिए अहम माने जा रहे हैं। नए वर्ष के साथ सोने की कीमत स्थिर रह सकती है या कीमतों में मामूली वृद्धि भी दर्ज की जा सकती है। सोने की कीमतों के स्थिर रहने को लेकर वैश्विक जीडीपी, बांड प्रतिफल और मुद्रास्फीति जैसे प्रमुख आर्थिक घटकों का संकेत मिल रहा है, लेकिन जोखिम अभी भी बने हुए हैं। सोने की कीमतों के वर्तमान परिदृश्य को देखें तो मौजूदा कमजोरी एमसीएक्स में 76,000-78,000 की संभावित ट्रेडिंग रेंज का संकेत देती है। इसके साथ बाजार में जारी अस्थिरता के बीच अल्पकालिक दृष्टिकोण सतर्क बना हुआ है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट, जतिन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से मिले-जुले संकेतों के बाद मुनाफा वसूली तेज होने से सोने में भारी बिकवाली देखी गई। उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) डाटा कम रहा, लेकिन साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में बढ़ोतरी के कारण कॉमेक्स पर सोने की कीमतें 2,710 डॉलर से गिरकर 2,670 डॉलर पर आ गईं। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा, एमसीएक्स गोल्ड 79,000 से गिरकर 77,450 पर आ गया, जो कल से 1,500 से अधिक की गिरावट दर्शाता है। इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राज्य अमेरिका सोने की गति में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जा रहा है।

### मामूली वृद्धि के भी मिल रहे संकेत

सोने के प्रदर्शन के लिए भारत और चीन, जो कि सोने के दो सबसे बड़े बाजार हैं, महत्वपूर्ण बने रहेंगे। चीन में आर्थिक विकास और सरकारी प्रोत्साहन उपभोक्ता मांग को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, भारत 6.5 प्रतिशत से अधिक आर्थिक विकास के साथ एक मजबूत स्थिति में है, जो उपभोक्ता मांग का समर्थन करता है। इसके अलावा, देश में वित्तीय सोने के निवेश प्रोडक्ट लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं, जो बाजार में लचीलापन जोड़ने में मददगार बन रहा है। वर्ष 2025 में सोने के वर्ष 2024 के अंत की रेंज के भीतर ट्रेड करने की संभावना है। वहीं, केंद्रीय बैंक की खरीदारी महत्वपूर्ण बनी रहेगी, जो नए साल में सोने के लिए एक स्थिर आधार प्रदान करेगी।



## अटल पेंशन योजना के ग्राहकों की संख्या बढ़कर हुई 7.15 करोड़

**नई दिल्ली (हि.स.)।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत नामांकित कुल ग्राहकों की संख्या 7.15 करोड़ हो गई है। केंद्र सरकार की यह योजना ग्राहक को आजीवन पेंशन की गारंटी देती है। इसके ग्राहक की मृत्यु की स्थिति में इसका लाभ उसके जीवनसाथी को भी दिया जाता है। इस योजना की शुरुआत 9 मई, 2015 को की गई थी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ ग्राहक इसके तहत नामांकित हो चुके हैं। अटल पेंशन योजना सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ, अपने लाभार्थियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित करते हुए गारंटीकृत पेंशन लाभ के साथ सुरक्षित सेवानिवृत्ति प्रदान करता है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई), देश के नागरिकों के लिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है। अटल पेंशन योजना का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को पेंशन की सुरक्षा मुहैया करना है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में

**एजेंसी । मुंबई**

### इक्विटी बाजार पर सकारात्मक रुख बरकरार



मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ (एमओपीडब्ल्यू) की शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक गति में सुधार होने की उम्मीद है, जो चुनावों के बाद सरकारी पूंजीगत व्यय में उछाल, ग्रामीण खपत में सुधार और त्योहारी सीजन की मांग जैसे कारकों की वजह से संभव हो पाया है। अल्फा स्ट्रैटेजिस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास स्थिर बना हुआ है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है, जिसमें उम्मीद से कम अस्थिरता और स्थिर विकास है। बेंचमार्क इंडेक्स में 10-12 प्रतिशत के सुधारात्मक चरण के बाद इक्विटी बाजार अब कंसोलिडेशन फेज में हैं। रिपोर्ट में बताया गया है, हालिया बाजार सुधार के साथ, लार्ज-कैप वैल्यूएशन अट्रैक्टिव बने हुए हैं। निवेशक हाइब्रिड, लार्ज और फ्लेक्सी-कैप फंडों के लिए एकमुश्त स्ट्रैटेजी अपना सकते हैं, जबकि चुनिंदा मिड-कैप और स्मॉल-कैप रणनीतियों के लिए तीन महीने में चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना सकते हैं। 38 कारोबारी सत्रों के बाद एफआईआई ने 9,947 करोड़ रुपये का निवेश कर शुद्ध खरीदार का रुख अपनाया। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में बनी हुई है और धीरे-धीरे विकास के पटरी पर लौटने के संकेत दिख रहे हैं। इसलिए, हम दीर्घावधि के नजरिए से इक्विटी बाजारों पर सकारात्मक बने हुए हैं। इसने निवेशकों को संतुलित और लचीली रणनीति अपनाकर सावधानी से आगे बढ़ने की सलाह दी है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के सुधारों को ध्यान में रखते हुए, यदि इक्विटी अलोकेशन वांछित स्तरों से कम है, तो निवेशक हाइब्रिड, लार्ज और फ्लेक्सीकैप रणनीतियों के लिए एकमुश्त निवेश स्ट्रैटेजी लागू कर सकते हैं और सार्थक सुधार की स्थिति में तुरंत डेप्लॉयमेंट के साथ चुनिंदा मिड और स्मॉल-कैप रणनीतियों के लिए 3 से 6 महीने की अवधि लागू करके आवंटन बढ़ा सकते हैं।

## ईडी ने भूषण स्टील की 4025 करोड़ की संपत्ति जेएसडब्ल्यू को लौटाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड की 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड को लौटा दी है। जेएसडब्ल्यू स्टील कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवालिया कंपनी की परिसंपत्तियों के लिए सफल समाधान आवेदक थी।

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी की 4,025 करोड़ की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड को वापस कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा-5 के तहत संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया था, क्योंकि पूर्ववर्ती प्रमोटरों ने बैंकों को धोखा दिया था और निजी निवेश के लिए बैंक के फंड का गबन किया था। ईडी ने कहा कि 4,025 करोड़ की संपत्ति की वापसी पीएमएलए की धारा 8(8) (मुकदमा लंबित रहने तक वापसी) के तहत की गई है।

## रियलमी 14एक्स को मिला है आईपी69 सर्टिफिकेशन

**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन खरीदते समय ग्राहक हमेशा उनकी मजबूती को प्राथमिकता देते हैं। जैसे-जैसे फोन अधिक एडवांस और महंगे हो रहे हैं, उनके रोजाना के इस्तेमाल, गिरने और पर्यावरणीय असर को झेल पाने की क्षमता बेहद जरूरी हो गई है। पिछले दस सालों में फोन की सुरक्षा के स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। अब फोन पानी में खराब नहीं होते, उनकी बॉडी मजबूत होती है, बैटरी और स्क्रीन टिकाऊ होती हैं। पहले ये सुविधाएं सिर्फ महंगे फोन में मिलती थीं, लेकिन अब ये बजट स्मार्टफोन में भी आने लगी हैं।

## प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां 24 दिसंबर को लेंगी सुरक्षा प्रतिज्ञा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑनलाइन खरीदारों के लिए उत्पाद सुरक्षा बढ़ाने की पहल के तहत प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगी। इसका उद्देश्य डिजिटल मार्केट प्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एजियो, जिओमार्ट, नेटमेड, बिग बास्केट, टाटा क्लिक, टाटा 1एमजी, जोमैटो और ओला 24 दिसंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उपभोक्ता मामले के विभाग ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा प्रतिज्ञा की घोषणा की है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के घोषित स्वैच्छिक प्रतिबद्धता का उद्देश्य डिजिटल मार्केटप्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है।

# नगर पंचायत हरिहरगंज में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले जाम से परेशान नागरिकों के लिए राहत की पहल उपायुक्त पलामू के निर्देश पर शुरू हो चुकी है। शनिवार को अंचल कार्यालय और नगर पंचायत ने मिलकर सड़क और फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ करवाई किया। इस दौरान अधिकारियों ने फुटपाथ पर रखे समान, छोटी दुकानें व गुमटी को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही सड़क किनारे रखे गिट्टी व बालू को जब्त किया गया। फुटपाथ तथा सड़क के बीच लगाए गए वाहनों से दंड शुल्क वसूल गया। इस अभियान में सीओ मनीष कुमार सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी तथा बीडीओ पारितोषित प्रियदर्शी सहित नगर पंचायत व अंचल कर्मी शामिल थें। सीओ मनीष कुमार सिन्हा और कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी ने नागरिकों से अपील की कि वह नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के इस प्रयास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक जाम का कारण बनता है, बल्कि इससे शहर की सुंदरता और व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही नाले के ऊपर टूटे हुए पटिया को दुरुस्त किया जाएगा। कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नियमित कार्रवाई जारी रहेगी। इस पहल से हरिहरगंज के नागरिकों को न केवल ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी, बल्कि शहर की सड़कों और फुटपाथों का सही उपयोग भी सुनिश्चित हो सकेगा। अभियान में प्रभारी सीआई संजीव कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, जेई नीरज गुप्ता, संदीप कुमार, सुबोध कुमार यादव, के अलावे अंचल और नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी तथा पुलिस बल भी शामिल थे।

## सघन जांच अभियानः छः मुहान पर चार और दोपहिया वाहनों की जांच

**मेदिनीनगर।** छह मुहान इलाके में शनिवार को यातायात पुलिस पलामू ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और अनियमितताओं पर कार्रवाई करना था। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज, हेलमेट, सीट बेल्ट, लाइसेंस और अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गई। बिना दस्तावेज या नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर जुमार्ना भी लगाया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। यातायात पुलिस प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके।

# एम.के.डी.ए.वी. के छात्रों ने राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

### डिजिटल युग में पत्र का महत्व विषय पर उत्साहपूर्वक सहभागिता



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित 'ढाई आखर' राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता में एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय था ₹लेखन का आनंद - डिजिटल युग में पत्र का महत्व₹। यह प्रतियोगिता 14 सितंबर से 14 दिसंबर 2024 तक भारतीय डाक विभाग के 'शब्दों के साथ अपने सपनों को दें पंख' अभियान के तहत आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 60 छात्रों ने भाग लिया। सर्किल स्तर के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 25,000, 10,000 और 5,000 के पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को 50,000, 25,000 और 10,000 की राशि से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एन. खान ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्र लेखन संदेश भेजने का प्राचीन और प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने भारतीय डाक विभाग की इस पहल की सराहना की, जिसने बच्चों को अंतदेर्शीय पत्र, लेटर बॉक्स और पोस्टमैन जैसे पारंपरिक साधनों से परिचित कराया। कार्यक्रम पलामू डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार के निर्देशन और मार्केटिंग एजुकेटिव लव प्रताप सिंह के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### गरीबों और जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में डीएलएसए की बड़ी भूमिका

## शिविर में दी गई कानूनी और सरकारी योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंड़वा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के तत्वावधान में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि डीएलएसए गरीबों और जरूरतमंदों को न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने लोगों से मुफ्त कानूनी सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में पारा लीगल वालंटियर शैलेंद्र तिवारी ने डीएलएसए की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से जमीन विवाद, आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा, बैंकिंग विवाद, और अन्य छोटे विवादों का समाधान किया जाता है। डीएलएसए आकस्मिक सेवाओं जैसे बाढ़, सूखा, भूकंप और आगजनी के दौरान भी मदद करता है।

**शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे**

शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## वन विभाग ने 15 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट की

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना अंतर्गत ग्राम सिकड़ा और सिकनी के वन क्षेत्रों में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। सिकड़ा के वन क्षेत्र में करीब 10 एकड़ और सिकनी के वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त अभियान के दौरान अफीम के पौधों को जड़ से उखाड़कर नष्ट किया गया। सुरक्षात्मक उपायों का पालन करते हुए किसी अप्रिय घटना को रोका गया। अधिकारियों ने अवैध खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया और स्थानीय निवासियों से अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की।

# ट्रैफिक इंचार्ज की अवैध वसूली के खिलाफ ऑटो चालकों का प्रदर्शन

### बस स्टैंड स्थानांतरण और शोषण रोकने की मांग पर अड़े चालक

### बस स्टैंड स्थानांतरण और दुर्व्यवहार रोकने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ जिला कमेटी पलामू के तत्वावधान में ऑटो चालकों का तीसरे दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता और महासंघ के संयोजक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हड़ताल और चक्का जाम पूरे जिले में प्रभावी रहा। हड़ताल के कारण आम जनता को आवाजाही में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल न होने के कारण ऑटो चालकों ने अपना आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। उनकी मुख्य मांगों में बस स्टैंड को शहर से बाहर व्यवस्थित करना, नगर निगम क्षेत्र में 24 घंटे में केवल एक बार




शुल्क वसूली, ट्रैफिक इंचार्ज द्वारा अवैध वसूली और दुर्व्यवहार रोकना, तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करना शामिल हैं। आंदोलन के दौरान राकेश कुमार सिंह ने ऑटो चालकों से एकजुट रहने की अपील की और संघर्ष को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। सैकड़ों ऑटो चालकों और मजदूर नेताओं ने शहर भर में भ्रमण कर सभी स्टैंड के चालकों का समर्थन हासिल किया। धरने में मुख्य रूप से विवेक सिंह, संतोष शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, नागेंद्र गुप्ता, यासीन अंसारी, रंजीत पासवान, प्रेम तिवारी और अनुज मिश्रा समेत हजारों ऑटो चालक शामिल हुए। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में हड़ताल का व्यापक प्रभाव देखा गया, और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं।

## श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग ने भाव विभोर हुए श्रद्धालु

### भागवत कथा का समापन, मित्रता का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शहर के रेडमा ठाकुरबाड़ी में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का समापन आज हुआ। अंतिम दिन वृंदावन से पधारी कथा व्यास स्तुति दीदी जी ने श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता संसार की सबसे अनोखी और प्रेरणादायक है। सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी श्रीकृष्ण का स्मरण नहीं छोड़ा, जिसके फलस्वरूप उन्हें भगवान की कृपा प्राप्त हुई। स्तुति दीदी जी ने कहा कि सच्ची मित्रता स्वार्थ रहित होती है और जीवन में परमात्मा से जुड़ाव अनिवार्य है। उन्होंने वर्तमान समय में स्वार्थपूर्ण मित्रता के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त की और सुदामा के चरित्र से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में संरक्षक विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, ललन तिवारी, सुनील तिवारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। युवाओं को प्रेरणा देने वाली कथा समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि कथा के माध्यम से स्तुति दीदी ने श्रीकृष्ण के प्रेम और लीलाओं का वर्णन कर समाज को प्रेरित किया।

### विधिक जागरूकता सशक्तिकरण शिविर

**छतरपुर।** प्रखंड परिसर के सभागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान प्रखंड के ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। जिसमें सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 5 बालिकाओं को राशि का वितरण, मंईयां सम्मान योजना के 10 लाभुकों को स्वीकृति,पांच लाभुकों को प्रमाण पत्र, तीन लाभुकों को जॉब कार्ड, सरसों और चना का बीच का वितरण भी लाभुकों के बीच किया गया।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर व एक बाइक जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के कोल्हुआ में अवैध बालू घाट पर शुक्रवार की रात्रि में की गई छापेमारी में बालू लदे तीन ट्रैक्टर के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त किए गए हैं। अवैध खनन के खिलाफ इस छापेमारी को अंचलाधिकारी रणवीर कुमार और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की संयुक्त से अंजाम दिया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि इस मामले में लघु खनिज समानुदान अधिनियम 2004 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर स्थानीय थाना में रखा गया है। संयुक्त कार्रवाई से बालू अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## कोयल नदी किनारे जलसहिया संघ की बैठक, धरना प्रदर्शन का फैसला

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में नगर निगम जलसहिया संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जलसहिया संघ की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ की संरक्षक रवि शंकर तिवारी ने की। चर्चा के दौरान जलसहिया संघ ने अपनी खराब स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की और नगर आयुक्त से मिलने का निर्णय लिया। बैठक के बाद संघ के सदस्यों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की, जहां उन्हें समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में जलसहिया संघ की अध्यक्ष प्रभा देवी ने सभी सदस्यों को एकजुट रहने और अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ की एकता ही समस्याओं के समाधान की कुंजी है। बैठक में जलसहियाओं ने रांची जाकर धरना प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया।

## कांग्रेस भवन में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर का भव्य अभिनंदन

### प्रेस वार्ता में छतरपुर क्षेत्र के विकास पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

कांग्रेस भवन में आयोजित एक विशाल अभिनंदन समारोह में वित्त मंत्री सह छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर को सम्मानित किया गया। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिटू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अभिनंदन समारोह के बाद राधा कृष्ण किशोर ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र और पलामू जिले के विकास पर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, और रोजगार के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। इनमें दीनानाथ तिवारी, विनोद तिवारी, शमीम अहमद, प्रशांत किशोर, रामाशीष पांडे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, संतोष चौबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह,




मिथिलेश सिंह, और पूर्णिमा पांडे जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। कार्यक्रम में युवाओं और पार्टी कार्यकताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों और क्षेत्र के विकास में पार्टी की भूमिका पर चर्चा की। कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक से अपनी अपेक्षाओं को साझा किया और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। अन्य प्रमुख नेताओं में ओमप्रकाश अमन, दीपक लाल, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, राजेश चौरसिया, शैलेश चंद्रवंशी, सत्येंद्र सिंह, अरविंद पासवान, और नफीस खान का नाम उल्लेखनीय है। जैस रंजन पाठक ने सभी कार्यकताओं को पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

## राजहारा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार (पालमू)।** नौगढ़ा फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से शनिवार को नावाबाजार प्रखंड के राजहारा पंचायत सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. रानी कुमारी, देवेंद्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कीओर से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष शुक्ला, फिजिशियन डॉ. रानी कुमारी, प्रदीप ओझा, सोनू दुबे, निशी कुमारी, शिव रंजन, तौकीर अंसारी, देवेन्द्र पाठक को आमंत्रित किया गया था। शिविर में राजहारा सहित, कोठी, चेचन्हा, बसना, चेचन्हा बड़कावन आदि गांव से लोग पहुंचे। सभी का स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। साथ ही उनके जरुरत के अनुकूल दवाएं भी वितरित किया गया। मौके पर राजहारा मुखिया चंदन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रबंधक द्वारा यह किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सक्षम लोगों को आगे बढ़कर सहयोग करने की जरूरत है। डॉ. मनीष कुमार शुक्ला ने कहा कि फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सभी तरह की बीमारियों का इलाज कम खर्च में किया जाता है। स्वास्थ्य शिविर 400 से अधिक मरीजों की जांच उपचार व दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई। गंभीर रोग से पीड़ित मरीज को चिन्हित कर उन्हें नौगढ़ा स्थित अस्पताल में बेहतर जांच के लिए बुलाया गया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में जांच व उपचार कराया जाएगा।

### जागरूकता | बीडीओ ने दिया किसानों को जागरुक करने का निर्देश

# किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** उपायुक्त पलामू के जारी निर्देश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान क्रय कराने के लिये किसानों को जागरुक करने के संबंध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने आदेश पत्र निर्गत किया है। उन्होंने इस संबंध में कहा है कि 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होना है। इसकी सभी प्रारंभिक तैयारियां के तहत अधिप्राप्ति केन्द्रों व राईस मिलों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर व बोनस सौ रुपये प्रति



क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। हालांकि अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों ने बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने-पौने दाम पर धान की बिक्री काफी मात्रा में कर चुके हैं। बताया जाता है कि 15 दिसंबर से शुरू होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना व निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी का अभाव व प्रचार प्रसार की कमी सहित जागरुकता के अभाव में उन्हें काफी आर्थिक घाटा का सामना करना पड़ा है। इन्हें जागरुक करने के लिये प्रखंड के सभी पीडीएस के दुकानदारों को भी जिम्मा दिया गया है।

### ठंड से लोग परेशान, अलाव की व्यवस्था अब तक नहीं

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के सोन नदी तटवर्ती क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। इस क्षेत्र में बिहार के कैमूर पहाड़ व सोन नदी का लगाव गंगा नदी से होने के कारण प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में ठंड काफी बढ़ जाती है। इस वर्ष हुसैनाबाद अनुमंडल के शहरी क्षेत्रों में कहीं पर भी अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। हुसैनाबाद नगर पंचायत सहित रेलवे स्टेशन परिसर में भी रिक्शा चालक, ठेला चालक सहित राहगीर इस सर्दियों व कनकनाती ठंड हवा के झोंके से लोगों को सड़क पर चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। शाम होते ही सभी सड़कें सुनी हो जा रही है। शहरवासियों ने पलामू डीसी से शहरी क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## टेंपो चालकों की हड़ताल से यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के ऑटो चालक शनिवार से हड़ताल पर चले गए हैं। पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के बैरिया चौक के पास ऑटो चालक हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज कराया, इस कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। दूसरी ओर देखा जाए तो यात्री बसों की छतों पर बैठकर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन ऑटो चालक, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार व शोषण किया जाता है। यातायात व्यवस्था में हुए फेरबदल को लेकर उनका हड़ताल अनिश्चितकालीन चलेगा। जो भी ऑटो लेस्लीगंज से जाती है उसे निगम क्षेत्र के बाहर ही रोक दिया जाता है। दूसरा ऑटो से शहर में जाना पड़ता है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम क्षेत्र से बाहर पोखराहा मोड़ पर यात्री शेड, पानी व शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है। छात्र-छात्राओं को कोचिंग जाना हो या आम जनों को निजी कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र से शहर में जाने के लिए दो-दो ऑटो बदलना पड़ रहा है। इसे लेकर यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ऑटो चालकों की कम कमाई होने से आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। मौके पर ऑटो चालक संघ के सिकंदर पासवान, मंदीप कुमार, बसंत कुमार, सुनील प्रसाद , शंभू नाथ विश्वकर्मा, मनोज दुबे, भारत पासवान, प्रेम शर्मा सहित दर्जनों ऑटो चालक हड़ताल में शामिल थे।

## पेज एक के शेष

**हमारी सरकार ने...**

में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मो ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

**दो बाइक की...**

पर पहुंच कर सड़क जाम को हटवाया व हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इसके बाद लोगों ने जाम हटाया लिया। फिलहाल चार घंटे से जपला छतरपुर रोड जाम रहा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। यह घटना सुबह साढ़े आठ बजे की बताई जाती हैं। पुलिस ने घटना स्थल पर घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से दो बाइक की टक्कर होने की पुष्टि की। शव घर पर पहुंते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अतुल शाकाहारी था, निकिता मांसाहारी, दोनों के बीच पहली बार झगड़ा मांस-मछली खाने को लेकर हुआ था

**अतुल आत्महत्या कांड**

- **निकिता नॉनवेज खाकर हड्डी कमरे में फेंक देती थी, एक-एक सप्ताह तक नहाती नहीं थी**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** शादी के पहले बड़े-बड़े ख़्वाब होते हैं। लड़का व लड़की तथा उनके घर वाले एक-दूसरे के बारे में बहुत ही अच्छी-अच्छी बातें बताते हैं। लेकिन, असलियत तब उजागर होती है, जब शादी के कुछ वर्ष बीत जाते हैं। ऐसे ही हजारों मामलों में से ताजा मामला है बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या। कहा जाता है कि अतुल व उसकी पत्नी निकिता के बीच पहली बार झगड़ा मांस-मछली खाने को लेकर हुआ था। जुलाई 2024 में परिवार न्यायालय में दर्ज बयान में अतुल ने कहा था कि वह व उसका परिवार शाकाहारी है। जबकि, निकिता मांसाहारी है। निकिता नॉनवेज खाकर हड्डी कमरे में फेंक देती थी। एक-एक सप्ताह तक नहाती नहीं थी। इस बात पर उसका और निकिता का झगड़ा होता था।



एक बार मेरी मां ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो निकिता ने उन्हें धक्का दे दिया। उनके और मेरे साथ मारपीट की। बयान में अतुल ने कहा था, शादी के पहले निकिता दिल्ली में काम करती थी। शादी के बाद निकिता ने अपना ट्रांसफर बेंगलुरु करा लिया। बेंगलुरु जाने तक दोनों के बीच संबंध अच्छे थे। लेकिन, नॉनवेज खाने को लेकर विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया। उसकी मां और भाई मुझसे और पैसे की मांग कर रहे थे। विवाद को लेकर निकिता के खिलाफ 2021 में ही एनसीआर दर्ज कराई थी।

## घर पर वारंट चिपका, घर से भाग गए हैं निकिता और उसके माता-पिता

अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में आरोपी निकिता की मां निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया ढालगर स्थित घर छोड़कर पिछले 48 घंटे से फरार हैं। इस मामले में आरोपी निकिता के ताऊ सुशील सिंघानिया भी अपने घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। गुरुवार को जौनपुर पहुंची बेंगलुरु पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की चर्चा रही, लेकिन पुलिस द्वारा ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष मोदी आत्महत्या प्रकरण की जांच के लिए जौनपुर पहुंची कर्नाटक पुलिस ने शुक्रवार को सबसे पहले डाक बंगला स्थित निकिता के ताऊ के आवास पर नोटिस चस्पा किया। इसके बाद ढालगर टोला स्थित निकिता के आवास पर नोटिस चस्पा किया। इसमें अगले तीन दिन में सभी को उपस्थित होने के लिए कहा गया है। कर्नाटक पुलिस की टीम दीवानी न्यायालय भी पहुंची और अतुल सुभाष से संबंधित मुकदमों के नकल की कॉपी साथ ले गई। अतुल सुभाष के भाई विकास ने बेंगलुरु के मराठाहल्ली थाने में सोमवार को निकिता, उसकी मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग उर्फ गोलू सिंघानिया व ताऊ सुशील सिंघानिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की जांच के लिए कर्नाटक पुलिस की चार सदस्यीय टीम गुरुवार की शाम करीब 07:00 बजे जौनपुर पहुंची थी। शहर कोतवाली थाने में सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव के साथ करीब दो घंटे तक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की थी।

### क्या है मामला

आत्महत्या करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष पर फैमिली कोर्ट में भरण पोषण, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और तलाक के चार मामले चल रहे थे। इसके लिए वह हर तारीख पर बंगलूरु से जौनपुर आते थे। दूसरी तरफ, अदालत के आदेश पर अतुल सुभाष हर महीने बेटे के भरण पोषण के लिए 40 हजार रुपये दे रहे थे। यह स्थिति तब थी, जब अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया की मासिक सैलरी 78 हजार रुपये है। इंजीनियर अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में आत्महत्या की। उन्होंने 23 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है। अतुल ने आत्महत्या से पहले एक घंटे से ज्यादा समय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने पत्नी निकिता सिंघानिया, सास, साले और उनके मामले की सुनवाई कर रही जज पर भी गंभीर आरोप लगाए। वीडियो संदेश के जरिये बताया कि जौनपुर की फैमिली कोर्ट में पत्नी सदर कोतवाली के मोहल्ला रुहट्टा निवासी निकिता सिंघानिया ने चार मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोप लगाया था कि 26 जून 2019 को उसकी शादी अतुल मोदी से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल के लोग 10 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। इस सदमे में उसके पिता (निकिता के) की मृत्यु हो गई। परिवार वालों के समझाने पर अतुल उसे बेंगलुरु ले गया और 20 फरवरी 2020 को उसे एक बेटा हुआ। इसके बावजूद प्रताड़ना जारी रही। 17 मई 2021 को उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया। तब से वह अपने बच्चे के साथ मायके में रह रही है।

### बेटे के भरण-पोषण के लिए अतुल दे रहे थे 40 हजार रु

निकिता ने अदालत को बताया कि अतुल मोदी बेंगलुरु में एक कंपनी में इंजीनियर है। वह सालाना 40 लाख रुपये वेतन पाता है। निकिता ने 16 जनवरी 2022 को अपने और बेटे के लिए दो लाख रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में मामला दर्ज कराया था, जबकि निकिता की ही सैलरी अच्छी खासी है। कोर्ट ने 29 जुलाई 2024 को पत्नी के संबंध में भरण-पोषण का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। साथ ही, अतुल को आदेश दिया था कि वह बेटे के भरण-पोषण के लिए हर महीने 40 हजार रुपये दे। दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में भी अतुल सुभाष मोदी ने कोर्ट में हाजिर होकर जमानत कराई थी। घरेलू हिंसा का मुकदमा अभी चल रहा था। मामले की सुनवाई 12 दिसंबर को होनी थी।

## भारतीय मछुआरों की रिहाई के लिए जयशंकर से मिलीं कांग्रेस सांसद



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से कांग्रेस सांसद आर. सुधा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने श्रीलंकाई सरकार से बात कर भारतीय मछुआरों को रिहा कराने की मांग उठाई। कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका पर दबाव बनाए कि वे 15-17 दिसंबर को तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान भारतीय मछुआरों को रिहा करें।

## मप्र में बाणसागर बांध के बैक वाटर में बने आइलैंड रिसॉर्ट का लोकार्पण



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को लुभाने के प्रयास जारी है, इसी क्रम में शहडोल जिले में बाणसागर बांध के बैक वाटर क्षेत्र में सरसी पर्यटन केंद्र और रिसॉर्ट बनाया गया है। इसका मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सरसी पर्यटन केंद्र एवं रिसॉर्ट का लोकार्पण करने के बाद बोट पर सवार होकर जल लहरियों के बीच इस स्थल का जायजा लिया।

## गुजरात में स्वाइन फ्लू का कहर दो माह में 22 लोगों की मौत

**अहमदाबाद (हि.स.)।** गुजरात में सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वाइन फ्लू के केस में वृद्धि आई है। पिछले दो महीने से राज्य में स्वाइन फ्लू का कहर जारी है। इसमें मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य में पिछले दो माह में 22 लोगों की मौत स्वाइन फ्लू से होने की जानकारी मिली है। वहीं, मौत का यह आंकड़ा स्वाइन फ्लू के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुजरात में स्वाइन फ्लू के पिछले दो महीने में 386 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 22 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इस साल अक्टूबर तक स्वाइन फ्लू के 1682 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इनमें 55 लोगों की मौत हुई थीं।

## सीरिया के भविष्य पर जॉर्डन में चर्चा शुरू

**अम्मान (जॉर्डन) (हि.स.)।** सीरिया के भविष्य पर जॉर्डन के प्रमुख शहर अकाबा में बैठक शुरू हो गई है। बैठक में सीरिया में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, तुर्किये और अरब देशों के विदेशमंत्री मौजूद हैं। सभी का मानना है कि सीरिया में राजनीतिक प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प 2254 के दायरे में शुरू होनी चाहिए। अरबी न्यूज बेवसाइट +963 ने जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के हवाले से जानकारी दी है कि बैठक में जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक और लेबनान के विदेशमंत्री भी हिस्सा ले रहे हैं। यूरोपीय संघ ने कहा कि विदेश नीति के लिए ब्लॉक के उच्च प्रतिनिधि, काया कैलास भी चर्चा में भाग लेंगे। यह बैठक अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन की पिछले गुरुवार को जॉर्डन और तुर्किये की यात्रा के बाद हो रही है।

## पवई में 3.30 करोड़ की चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई के पवई इलाके में बीती रात गश्ती पुलिस ने 3.30 करोड़ रुपये की 13 किलोग्राम चरस और एक देसी बंदूक बरामद करने के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन पवई पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### जगदीप धनखड़ ने पराली जलाने से फैल रहे प्रदूषण पर कहा

# हमारी लापरवाही हमें खतरे में डाल रही

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पराली जलाने के लिए एक व्यवस्था आधारित समाधान खोजने का आह्वान किया और कहा कि इसे केवल व्यक्तियों पर नहीं छोड़ना चाहिए। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि हर साल राष्ट्रीय राजधानी पराली जलाने के कारण होने वाली खतरनाक पर्यावरणीय स्थितियों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, हमें नवाचार मोड में आना चाहिए, एक व्यवस्था आधारित समाधान खोजना चाहिए, इसे व्यक्तियों पर नहीं छोड़ना चाहिए। व्यवस्था को समय के साथ विकसित होना चाहिए।

धनखड़ ने कहा कि हमारी उपेक्षा और लापरवाही हमें कई तरीकों से संकट में डाल रही है। इससे हमारी सेहत, काम के घंटे का नुकसान, सामान्य जीवन का विघटन और प्रदूषण के कारण स्कूलों के बंद होने पर बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या सामाजिक बाधाओं को समाप्त कर देती है। इससे अमीर, गरीब, शहरी और ग्रामीण सभी प्रभावित होते हैं, इसलिए हमें मिलकर काम करना होगा। हमारी सभ्यता की आस्थाओं और पारंपरिक ज्ञान का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा कि हमारा सभ्यतागत ज्ञान एक धरोहर है। हमारे पास हजारों वर्षों की सभ्यता का ज्ञान है। हमारे वेद, पुराण, हमारे महाकाव्य महाभारत, रामायण, और भगवद गीता का ज्ञान, यदि हम इस सोने की खान को देखें, तो हमें वास्तविक प्रेरणा मिलती है कि संरक्षण हमेशा जीवन का एक प्रमुख तत्व रहा है। संविधान में पर्यावरण के संरक्षण के लिए मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा कि संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए हैं, लेकिन साथ ही मौलिक कर्तव्य भी दिए हैं। जब परिवार, समाज, समूह या राष्ट्र के सामने कोई चुनौती होती है, तो हम अपने अधिकारों को परे रखते हैं और कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हैं। संपत्ति के जिम्मेदार उपयोग पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारी वित्तीय ताकत, हमारी वित्तीय शक्ति प्राकृतिक संसाधनों और ऊर्जा के उपयोग के लिए एक निर्धारण कारक नहीं हो सकती। अगर लोग सोचते हैं कि वे इसे वहन कर सकते हैं, तो मैं उन्हें अपने विचारों को फिर से देखने का आह्वान करता हूं।



**बोले उपराष्ट्रपति**

- **हम नवाचार मोड में आएं और एक व्यवस्था आधारित समाधान खोजें**

### अभिव्यक्ति व संवाद के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को संस्थागत चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि आज की संस्थागत चुनौतियां भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं। अभिव्यक्ति की आजादी और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं। अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है। धनखड़ शनिवार को नई दिल्ली में आईसीडब्ल्यूए में भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा (आईपीएंडटीएएफएस) के 50वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि हमारे अंदर अहंकार अदम्य है, हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी।

## कश्मीर में कई जगहों पर सीआईके की छापेमारी

**श्रीनगर (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) शाखा आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के लिए अनंतनाग की जिला जेल समेत कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह आतंकवाद रोधी खुफिया एजेंसियों की दो शाखाओं-सीआईके और राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने नियंत्रण रेखा के पार आतंकवादी आकाओं के साथ कुछ कैदियों के कथित संबंधों की जांच के लिए श्रीनगर की उच्च सुरक्षा वाली सेंट्रल जेल पर छापेमारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके की टीमें अनंतनाग की जिला जेल मट्टन में विभिन्न ब्लॉकों और बैरकों में तलाशी ली। इसी तरह, सीआईके की टीमें दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के सोनीगाम और चावलगाम इलाकों में भी तलाशी ली।

### राज कपूर की 100वीं जयंती पर पीएम ने उन्हें किया याद

## वे एक सांस्कृतिक राजदूत थे : मोदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय सिनेमा जगत के 'ग्रेट शो मैन' राज कपूर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को श्रद्धांजलि दी। 100वीं जयंती पर उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। लिखा, आज हम महान फिल्मकार, दूरदर्शी फिल्मकार, अभिनेता और सदाबहार शोमैन राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। दूसरी पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, राज कपूर की फिल्मों के प्रतिष्ठित किरदार और अविस्मरणीय धुनें दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आती हैं। लोग उनकी कृतियों की प्रशंसा करते हैं कि कैसे वे विभिन्न विषयों को सहजता और उत्कृष्टता के साथ उभारते हैं। उनकी फिल्मों का संगीत भी बेहद लोकप्रिय है। उन्होंने आगे लिखा, राज कपूर सिर्फ एक फिल्म निमार्ता ही नहीं थे, बल्कि एक सांस्कृतिक राजदूत थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। फिल्म निमार्ताओं और अभिनेताओं की कई पीढ़ियां उनसे बहुत कुछ सीख सकती हैं। मैं एक बार फिर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और रचनात्मक दुनिया में उनके योगदान को याद करता हूं। बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी से कपूर फैमिली ने मुलाकात की थी। कपूर परिवार ने पीएम मोदी को राज कपूर की 100वीं जयंती पर आयोजित फेस्टिवल पर निमंत्रण दिया था। इस दौरान राज कपूर की बेटी रीमा जैन ने पीएम मोदी से कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, इतना कहते ही पीएम ने बीच में कहा, 'कट', जिससे कमरे में माहौल खुशनुमा हो गया था। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने राज कपूर के योगदान का जिक्र किया था।



**'एक्स' पर किया पोस्ट**

- **भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है**

## दिल्ली से जेद्दा जा रहे इंडिगो के विमान की कराची में इमरजेंसी लैंडिंग

**कराची ।** भारत की राजधानी नई दिल्ली से जेद्दा जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान को मेडिकल इमरजेंसी के कारण पाकिस्तान के कराची स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा। यह विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था तब एक 55 वर्षीय पुरुष यात्री गंभीर रूप से बीमार पड़ गया था। जियो न्यूज चैनल ने विमानन सूत्रों के हवाले से इसका विवरण शनिवार की सुबह प्रसारित किया। विवरण के अनुसार जब विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था, तब एक 55 वर्षीय मुस्लिम यात्री गंभीर रूप से बीमार पड़ गया। फ्लाइट क्रू ने यात्री को ऑक्सीजन मुहैया कराई, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। पायलट ने मानवीय आधार पर कराची एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी। मंजूरी मिलने के बाद उड़ान को कराची की ओर मोड़कर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की मेडिकल टीम ने फौरन विमान के अंदर पहुंचकर यात्री को चिकित्सा सहायता प्रदान की।

## छत्तीसगढ़ के दूरस्थ गांव पूवर्ती में पहली बार गूंजी दूरदर्शन की आवाज

- **बच्चे, महिलाएं, युवा व बुजुर्ग सभी थे प्रसन्न**
- **अति माओवाद प्रभावित और दुर्गम है यह क्षेत्र**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम छोर सुकमा जिले के अति-माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्र पूवर्ती में विकास की एक नई किरण पहुंची है। आजादी के 78 साल बाद पहली बार इस गांव के लोगों ने दूरदर्शन पर देश-दुनिया की खबरें, धारावाहिक और स्थानीय फिल्में देखी। नियद नेल्ला नार गांव पूवर्ती के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखने के लिए घंटों टीवी सेट के पास बैठे रहे। इस पहल ने यह साबित किया है कि विकास की तेजी से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव हो रहा है। इससे पूवर्ती, सिलगेर, टेकलगुड़ियम जैसे सुदूर गांवों में इस तरह की योजनाएं विकास और शांति का नया अध्याय लिख रही हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव के बच्चों ने ज्ञानवर्धक कार्यक्रम और कार्टून देखकर न केवल खुशी का अनुभव किया, बल्कि उनके चेहरे पर सीखने और उत्सुकता की झलक भी साफ देखी गई। यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर गांवों तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग ने पूवर्ती गांव में सौर ऊर्जा से संचालित उपकरण का वितरण किया। परिवार को सोलर लाइट और सोलर पंखा वितरण किया गया। इसके साथ ही दूरदर्शन के सेट पूवर्ती, टेकलगुडियम और सिलगेर में क्रमशः दो-दो सेट स्थापित किए गए हैं। इस कदम से गांव में बिजली की कमी की समस्या दूर हो गई है और ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में सोलर पंखों से राहत मिलेगी। पंखा पाकर लोग बेहद खुश हैं। यह कदम उनके जीवन में नई ऊर्जा और उम्मीदें लेकर आया है। नियद नेल्लानार गांव की बंजाम मड़गू, बंडीपारा पूवर्ती ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे गांव में टीवी आएगा। पहली बार देश-दुनिया की खबरें और धारावाहिक देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे हम भी अब बाकी दुनिया से जुड़े हैं। सोलर लाइट और पंखे से अब रातें रोशनी से भर जाएंगी और गर्मी से भी राहत मिलेगी। यह हमारे लिए चमत्कार होने जैसा है। गांव के युवा नुप्पो हड़मा, तुमालपारा पूवर्ती ने कहा, अब बच्चों को पढ़ाई करने में आसानी होगी, क्योंकि सोलर लाइट की मदद से रात को भी आसानी से पढ़ सकेंगे। दूरदर्शन पर आने वाले ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों से बच्चों को नई जानकारी मिलेगी।

**आजादी के 78 साल बाद देखा टीवी पर कार्यक्रम**



## पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच तीसरी बार असफल

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने शनिवार को तीसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया गया, जिसे हरियाणा पुलिस ने विफल कर दिया। पुलिस के बल प्रयोग, वॉटर कैनन के इस्तेमाल तथा आंसू गैस के गोले चलाए जाने के चलते किसान घग्गर नदी पुल से आगे नहीं बढ़ सके। इस बीच एक किसान ने सल्फास निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे गंभीर हालत में पटियाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के लिए रवाना हुआ।

### हैदराबाद की वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड में वायु सेना प्रमुख हुए शामिल, कहा

# बदलते युद्ध की प्रकृति में महत्वपूर्ण है 'एयरोस्पेस पावर'

- **वायु सेना के 204 स्नातक कैडेटों को मिला कमीशन**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने युद्ध की तेजी से विकसित हो रही प्रकृति में एयरोस्पेस पावर की प्रासंगिकता को महत्वपूर्ण बताया है। हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड में उन्होंने सामंजस्य और टीम वर्क के महत्व पर जोर देते हुए स्नातक फ्लाइट कैडेट्स को अपने पूरे करियर में लड़ाई के लिए फिट रहने और अत्यधिक समर्पण के साथ काम करने की सलाह दी। वायु सेना को आज यहां से कुल 204 स्नातक कैडेट्स मिले, जिनमें 178 पुरुष और 26 महिलाएं हैं। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेट्स की संयुक्त स्नातक परेड में बतौर समीक्षा अधिकारी शामिल हुए। परेड को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने परेड में शामिल कैडेट्स के शानदार प्रदर्शन तथा सटीक ड्रिल मूवमेंट को सराहा। उन्होंने युद्ध की तेजी से विकसित हो रही प्रकृति में एयरोस्पेस पावर की प्रासंगिकता को सामने रखा। कहा कि बदलते युद्ध की प्रकृति में 'एयरोस्पेस पावर' महत्वपूर्ण है। उन्होंने सामंजस्य और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न प्रशिक्षण विषयों में उनके असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में समीक्षा अधिकारी ने स्नातक अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए। एयर चीफ मार्शल ने उन्हें अपने पूरे करियर में लड़ाई के लिए फिट रहने और अत्यधिक समर्पण और ईमानदारी के साथ काम करने के महत्व के बारे में भी सलाह दी। उन्होंने सभी पास आउट अधिकारियों को याद दिलाया कि आप भविष्य के कमांडर हैं, और आप भारतीय वायु सेना के भाग्य का निर्धारण करेंगे। उन्होंने प्रत्येक पास आउट अधिकारी से भारतीय वायु सेना का सम्मान और परंपरा को बनाए रखने का आग्रह किया। अकादमी के कमांडेंट ने स्नातक अधिकारियों को देश की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने की शपथ दिलाई। विभिन्न प्रशिक्षण विषयों में उनके असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में समीक्षा अधिकारी ने स्नातक अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए।

समारोह में स्नातक अधिकारियों के परिजन भी मौजूद थे। वायु सेना अधिकारियों के जीवन में कमीशनिंग समारोह का बहुत महत्व है, क्योंकि वे अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में राष्ट्रपति का कमीशन प्राप्त करते हैं। यह उनके करियर का सबसे यादगार दिन बन जाता है, जो राष्ट्र की सेवा में सम्मान, गर्व और गरिमा से भरे जीवन की शुरूआत का प्रतीक है। वायु सेना प्रमुख का स्वागत प्रशिक्षण कमान के कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया। इस मौके पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ अधिकारियों और मित्र देश के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर 'विंग्स' से सम्मानित किया गया।



### फ्लाइंग अफसर पराग धनखड़ को पायलट कोर्स में मिला प्रथम स्थान

उन्होंने परेड की सलामी लेने के बाद स्नातक फ्लाइट कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। शानदार मार्च पास्ट में कुल 204 कैडेट्स शामिल हुए, जिसमें 178 पुरुष और 26 महिलाएं हैं। परेड का सबसे मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था, जिसके दौरान स्नातक कैडेटों को वायु सेना प्रमुख ने उनकी 'रैंक' प्रदान की। फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइंग अफसर पराग धनखड़ को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पट्टिका' और 'चीफ ऑफ द एयर स्टाफ स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग अफसर राम प्रसाद गुर्जर को ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' से सम्मानित किया गया।